हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • रविवार • 1 फरवरी 2026 • वर्ष 10 • अंक 267 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## आज पेश होगा बजट, बड़े राहत की उम्मीद

● सैलरीड क्लास के लिए टैक्स में फिर से मिल सकती है राहत ● देश की इंडस्ट्री को भी जीएसटी में राहत मिलने की है उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल यानी 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार रेकॉर्ड 9वां बजट होगा। यह बजट संसद में सुबह 11 बजे पेश किया जाएगा। इसमें सैलरीड क्लास के लिए टैक्स में फिर से कोई राहत मिल सकती है। वहीं इंडस्ट्री को भी जीएसटी में राहत मिलने की कुछ उम्मीद है। बजट 2026 से पहले देश के केमिकल उद्योग ने सरकार से कई अहम उम्मीदें जताई हैं। डाई और पिगमेंट बनाने वाली कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मिहिर शाह का मानना है कि पिछले कुछ सालों में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मिली लगातार नीति समर्थन से भारत का केमिकल उद्योग मजबूत हुआ है। उनका कहना है कि बजट में केमिकल पार्क्स के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही पर्यावरण मंजूरियों की प्रक्रिया तेज होनी चाहिए, ताकि नई फैक्ट्रियां और प्रोजेक्ट जल्दी शुरू हो सकें। देश के अंदर और निर्यात के लिए सामान की ढुलाई आसान और सस्ती बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स सुधार भी बेहद जरूरी हैं।




### रियल एस्टेट सेक्टर भी मांगे राहत

रियल एस्टेट सेक्टर को उम्मीद है बजट में होम बायर्स को कुछ राहत मिल सकती है। होमलैंड ग्रुप के सीईओ उमंग जिंदल का कहना है कि यूनियन बजट से रियल एस्टेट सेक्टर को ऐसी नीतियों की उम्मीद है, जो घरों की मांग बढ़ाएं और निर्माण को आसान बनाएं।

### डिफेंस बजट में हो सकती है रेकॉर्ड बढ़ोतरी

भारत के रक्षा बजट में बड़ा बदलाव आने वाला है। आने वाले बजट में रक्षा उपकरणों की खरीद पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। इसका मतलब है कि रक्षा बजट का एक बड़ा हिस्सा नई खरीद और आधुनिकीकरण पर खर्च होगा। यह पैसा खास तौर पर भारत में ही बने रक्षा सामानों की खरीद के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2027 के लिए रक्षा उपकरणों की खरीद के बजट में लगभग 20 फीसदी की बढ़ोतरी मांगी है। यह अब तक की सबसे बड़ी एक साल की बढ़ोतरी होगी। मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि वह भारत में बने रक्षा सामानों की खरीद को पहली प्राथमिकता देगा।

● **बजट में सस्ते इलाज पर भी हो फोकस**– आगामी यूनियन बजट 2026–27 के लिए हेल्थ सेक्टर ने सरकार से कुछ खास उम्मीदें लगाई हैं। वे चाहते हैं कि सरकार देश के बड़े लक्ष्यों और आम लोगों के लिए इलाज को सस्ता बनाने के बीच की खाई को पाटे। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. पी. सेंथिलनाथन ने कहा कि आने वाले साल के लिए जो योजना बने, वह लंबी अवधि की सोच पर आधारित होनी चाहिए। हेल्थ सेक्टर चाहता है कि सरकार डिजिटल तकनीकों को अपनाने पर जोर दे।

## भारत में अब हर महीने आएंगे 10 नए प्लेन!

● इंडियो, एअर इंडिया और अकासा के बीच तगड़ा कंप्टीशन ● कंपनियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा से हवाई किराए में कमी संभव





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में डॉमेस्टिक एयरलाइंस के बीच तगड़ा कंप्टीशन शुरू हो गया है। इंडिगो, एअर इंडिया और अकासा, तीनों एयरलाइंस अगले दो साल में 240 प्लेन खरीदने वाली हैं। देश में यात्रा करने का पैटर्न काफी तेजी के साथ बदल रहा है। बस और ट्रेन के सफर से अब लोग फ्लाइट पर भी शिफ्ट हो रहे हैं।

समय की बचत के लिए लोग फ्लाइट लेना पसंद कर रहे हैं। देश में वायु यातायात की डिमांड बढ़ने से एयरलाइंस ने नए प्लेन लाने का फैसला किया है। ये तीनों एयरलाइंस अगले दो साल में 240 प्लेन भारत में उतारने के लिए तैयार हैं। एयरलाइंस के इस फैसले से भारत में हर महीने औसत 10 नए प्लेन आएंगे। इन प्लेन के आने से कई नए रूट खुलेंगे और मौजूदा मार्गों पर एयरलाइंस के बीच कंप्टीशन भी बढ़ेगा। नए प्लेन के आने से फ्लाइट की प्राइस भी कम हो सकती हैं। एयरलाइंस के बीच कंप्टीशन होगा, तो सभी एयरलाइंस भी चाहेंगी कि वे ज्यादा से ज्यादा पैसेंजर्स को अपनी एयरलाइंस की तरफ मोड़ सकें। एयरलाइंस के बीच इस कंप्टीशन के चलते किराया कम हो सकता है। नए प्लेन के आने से लोगों को सभी रूटों पर कई ऑप्शन मिलेंगे। भारत में विमानन उद्योग के बढ़ने से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## गुजारा भत्ता वसूली के लिए नहीं होगी पति की गिरफ्तारी

● इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, गिरफ्तारी को अवैध बताया

**प्रयागराज (एजेंसी)।** पति-पत्नी विवाद, गुजारा भत्ते के दबाव और गिरफ्तार के डर से जुड़ा राहत भरा फैसला इलाहाबाद हाईकोर्ट के जरिए सामने आया है। पत्नी को गुजारा भत्ता न दे पाने की स्थिति में पति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने को हाईकोर्ट ने अवैध बताया और उसे अधिकार क्षेत्र का अतिलंघन भी कहा। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि यह अनुच्छेद 21 की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन है।




इसमें साफ कहा गया है कि बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता नहीं छीनी जा सकती। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला दिया है कि पत्नी के गुजारे भत्ते की वसूली कानूनी प्रक्रिया के तहत ही की जा सकती है। भत्ते की वसूली के लिए परिवार न्यायालय पति की गिरफ्तारी का वारंट जारी नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल ने कहा कि गुजारा भत्ता की वसूली दंड प्रक्रिया संहिता,सिविल प्रक्रिया संहिता व परिवार अदालत कानून के तहत ही की जा सकती है।

## दो लाख नौकरियों के लिए रास्ता बना रही बिहार सरकार

टेक इंडस्ट्री लाएंगी राज्य में बड़ा बदलाव,नीतिश सरकार का प्लान तैयार

**सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की है योजना**



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की एनडीए सरकार अब कृषि आधारित रोजगार और श्रम व रोजगार से जुड़े अन्य कामों से आगे बढ़कर हाई-टेक इंडस्ट्रीज के विस्तार की दिशा में कदम रख रही है। इसके जरिए राज्य की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी है। अब बिहार को सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इसके तहत तीन बड़ी चिप से संबंधित यूनिटें लगाई जाएंगी। संबंधित अधिकारियों ने भरोसा जताया है कि इससे आने वाले वर्षों में दो लाख से ज्यादा नौकरियों का सृजन हो सकता है। यह कदम बिहार के विकास को रफ्तार देगा और राज्य के युवाओं को घर बैठे ही करियर में नए मौके देगा। इस बड़ी महत्वाकांक्षी योजना को साकार करने के लिए बिहार सरकार ने एक बिहार सेमीकंडक्टर पॉलिसी को मंजूरी दी।

### बिहार सेमीकंडक्टर मिशन गठित

इस प्रोजेक्ट को संभालने और इस पर नजर रखने के लिए बिहार सेमीकंडक्टर मिशन का गठन किया गया है। इसके सभी कामों की देखरेख मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय कमेटी करेगी। इस मिशन की योजना है कि राज्य में 10 से ज्यादा सेमीकंडक्टर डिजाइन हाउस को प्रोत्साहित किया जाए। इसके अलावा चिप पैकेजिंग की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी और विश्व स्तरीय सेमीकंडक्टर सेंटर भी स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही खास ट्रेनिंग और स्किल प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे ताकि बिहार के युवा दूसरी जगहों पर नौकरी के लिए जाने के बजाय यहीं इन नए उद्योगों में काम कर सकें।

## तिरुपति मंदिर बोर्ड बोला, लड्डू मामले में क्लीन चिट नहीं दी

● चार्जशीट में घी में मिलावट के सबूत, रिपोर्ट में चर्बी की पुष्टि नहीं

**तिरुपति (एजेंसी)।** तिरुपति मंदिर के लड्डू में मिलावट के मामले में मंदिर के बोर्ड तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने कहा का उसने किसी को भी क्लीनचिट नहीं दी है। बोर्ड के चेयरमैन बीआर नायडू ने शुक्रवार को तिरुपति में पद्मावती रेस्ट हाउस में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि सीबीआई की चार्जशीट में श्रीवारी लड्डू बनाने में मिलावटी घी की मौजूदगी साफ तौर पर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ समूह झूठा दावा करके भक्तों को गुमराह कर रहे हैं कि इस मामले में क्लीन चिट दे दी गई है। दरअसल, सीबीआई ने फाइनल चार्जशीट में कहा है कि लड्डुओं



में पशु चर्बी नहीं, मिलावटी घी का इस्तेमाल हुआ था। नेल्लोर कोर्ट में पेश चार्जशीट में कहा गया कि प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में वनस्पति तेल, बीटा केरोटिन व एस्टर केमिकल की मिलावट पाई गई। उत्तराखंड के भगवानपुर की भोले बाबा डेयरी ने मिलावटी घी की सप्लाई की थी। वायएसआर के वरिष्ठ नेता और पूर्व टीटीडी चेयरमैन भूमना करुणाकर रेड्डी ने कहा कि रिपोर्ट में तिरुपति लड्डू में कोई पशु चर्बी नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट ने गठबंधन नेताओं के झूठे प्रचार और राजनीतिक नाटक का पर्दाफाश किया। बीआर नायडू ने कहा कि घी के टेंडर उन कंपनियों को दिए गए जिनके पास जरूरी क्षमता नहीं थी। लगभग 60 लाख किलोग्राम मिलावटी घी खरीदा गया, जिसकी कीमत लगभग 250 करोड़ थी। उन्होंने कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा किए गए टेस्ट में घी में जानवरों की चर्बी की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। चेयरमैन बीआर नायडू ने कहा कि कुछ संस्थाओं ने घी बनाने का दावा किया।

## विक्रम भट्ट और पत्नी को हाईकोर्ट से झटका



**जोधपुर (एजेंसी)।** करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में फिल्ममेकर विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट और सह आरोपी मेहबूब अंसारी को राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। जोधपुर हाईकोर्ट ने तीनों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले की वर्तमान स्थिति को देखते हुए आरोपियों को जमानत देना उचित नहीं है। ऐसे में राजस्थान में पड़ रही कड़ाके की सर्दी में भी इन आरोपियों को सलाखों के पीछे ही रहना होगा। इस मामले की सुनवाई राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस विनोद कुमार भारवनी ने की। सुनवाई के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक ने आरोपियों की ओर से दाखिल जमानत प्रार्थना पत्रों का कड़ा विरोध किया। उन्होंने अदालत को बताया कि धोखाधड़ी प्रकरण की जांच अभी जारी है और कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर अनुसंधान शेष है। राजस्थान पुलिस की जांच में अब तक सामने आया है कि आरोपी विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट ने अलग-अलग नामों से फर्जी बिल तैयार करवाए। इन बिलों के जरिए शिकायतकर्ता से विभिन्न खातों में पैसे ट्रांसफर कराए गए। बाद में इस राशि को अपने ही खातों में डालकर व्यक्तिगत उपयोग में ले लिया गया। इस मामले में आरोपियों ने मिलकर काम किया।

● **राजस्थान की सर्द रातों में भी सलाखों के पीछे रहेंगे**

## अजित के निधन के चौथे दिन पत्नी सुनेत्रा बनीं उपमुख्यमंत्री

● महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम, 12 मिनट का शपथ ग्रहण; शरद पवार नहीं पहुंचे



**मुंबई/बारामती (एजेंसी)।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गई। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह करीब 12 मिनट तक चला। शरद पवार इस समारोह में नहीं पहुंचे। इससे पहले दिन में एनसीपी विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की विधान भवन में बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सुनेत्रा को पार्टी नेता चुना गया था। डिप्टी सीएम की शपथ से पहले सुनेत्रा ने राज्यसभा के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। अजित पवार की तीन दिन पहले 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था। महाराष्ट्र लोकभवन में शाम 5 बजे आयोजित सादे समारोह में सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री की शपथ दिलाई गई। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता सुनीत तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे समेत पार्टी के विधायक मौजूद रहे। हालांकि इस दौरान शरद पवार मौजूद नहीं रहे।

### अजितदादा पवार का सपना आगे बढ़ाएंगी सुनेत्रा जी

सुनेत्रा पवार के महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप शपथ लेने पर पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी है। शनिवार शाम सुनेत्रा पवार को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले उन्हें एनसीपी की विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल शुरू करने वाली सुनेत्रा पवार को हार्दिक शुभकामनाएं। वह इस पद को संभालने वाली पहली महिला हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वह राज्य की जनता के कल्याण के लिए अथक परिश्रम करेंगी और दिवंगत अजीतदादा पवार के सपनों को साकार करेंगी।

## चीख-चीखकर अपनी कहानी खुद बता रहा आनंदपुर अग्निकांड

● अमित शाह बोले-ममता बनर्जी के लोग हैं शामिल,टीएमसी को घेरा ● अमित शाह ने कहा-25 लोगों की जान चली गई और 27 हैं लापता

**कोलकाता (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में शनिवार को जनसभा को संबोधित किया। आनंदपुर में स्थित वॉव मोमो के गोदाम में लगी आग का जिक्र करते हुए उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा, आनंदपुर में लगी आग कोई दुर्घटना नहीं है। 25 लोगों की जान चली गई है और 27 लोग अभी भी लापता हैं। यह हादसा क्यों हुआ। इस मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा हुआ है। मोमो फैक्ट्री के मालिक कौन हैं। मोमो फैक्ट्री के मालिकों ने विदेश की कौन-कौन सी उड़ानों में किसके साथ यात्रा की है। मोमो फैक्ट्री के मालिक को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है। अगर ये घुसपैठिए होते तो क्या ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती। बंगाली नागरिकों की हत्या हुई है। इस मामले में आप वोट बैंक की राजनीति क्या कर रहे हैं। ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए। अमित शाह ने कहा, आज मैं यहां से मांग करता हूं कि बंगाल की मुख्यमंत्री इस घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाएं और जिम्मेदार लोगों को जेल भेजा जाए। शुभेंदु अधिकारी और समिक भट्टाचार्य पीड़ित परिवारों से मिलने गए थे। हमारे कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और पुलिस ने उन पर अत्याचार किया। ममता सरकार का भ्रष्टाचार अब और छिप नहीं सकता।



### बंगाल में बीजेपी के बढ़ते ग्राफ का किया जिक्र

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आगे कहा, ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं। ममता दीदी, जब प्रभु श्री राम ने राम सेतु बनाया तब रावण ऐसा ही मानता था कि इस प्रकार से मुझे कोई हरा सकता है क्या। मैं आपको बताता हूं 2014 में हमें सिर्फ दो सीट मिली थी, 2019 में 41 फीसदी वोट और 18 सीटें मिली थीं। 2024 में 39 फीसदी वोट मिला और 2021 की विधानसभा में 38 फीसदी वोट और 77 सीटें लेकर शुभेंदु अधिकारी हमारे विपक्ष के नेता बने हुए हैं। ममता दीदी 38 फीसदी से 45 फीसदी का छलांग लगाना है। आप इस बार देखना भाजपा का वोट 50 फीसदी से अधिक होगा और प्रचंड बहुमत से हमारी सरकार बनने वाली है।

### हाथ जोड़कर पैदल पहुंचे भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति जोको विडोडो ने गुरुवार को तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन किए। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें दर्शन के लिए ले गए। दर्शन के बाद उन्हें रेशमी वस्त्र, प्रसाद और भगवान वेंकटेश्वर की एक तस्वीर भेंट की गई। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब इंडोनेशिया, दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम राष्ट्र होने के बावजूद, अपनी समृद्ध हिंदू और बौद्ध विरासत को समेटे हुए है, जहां कभी हिंदू और बौद्ध राजाओं का शासन था और आज भी कई प्रसिद्ध हिंदू मंदिर मौजूद हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति ने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए। टीटीडी के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



## पीएम मोदी के पंजाब दौरे से पहले ब्लास्ट की धमकी

● मेल में लिखा-निशाने पर डेरा बल्लां, चार स्कूलों में होगा धमाका

**जालंधर (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे से पहले जालंधर के 4 स्कूलों में बम ब्लास्ट की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही थाना-7 अर्बन एस्टेट पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां ऐक्टिव हो गईं और सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने कहा कि पहले कैंब्रिज स्कूल को धमकी मिली थी। अब 3 और स्कूल- पठानकोट चौक के पास स्थित केएमवी संस्कृति स्कूल, ब्रिटिश ओलिवा स्कूल और सीजेएस पब्लिक स्कूल को धमकी भरा ईमेल भेजा गया।



हालांकि जांच के इस दौरान कुछ नहीं मिला है। गुरु रविदास महाराज की जयंती पर शोभायात्रा के चलते जालंधर के स्कूलों की छुट्टी रही। कैंब्रिज स्कूल को भेजे गए ईमेल में लिखा गया है कि मोदी के दौरे को लेकर बम ब्लास्ट होगा। मेल को 'बिल्ली हाल' के नाम से भेजा गया। अंदर लिखा- आज 3-4 स्कूलों में बम धमाका होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषक कॉलेज देवधा के संस्थापक सचिव की मनाई गई पुण्यतिथि

**पकरीबरावां।** शनिवार को कृषक महाविद्यालय धेवधा, पकरीबरावां में महाविद्यालय के संस्थापक सचिव एवं पूर्व विधायक श्यामसुंदर सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय अध्यक्ष मो. यूनुस खान ने की, जबकि प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्यामसुंदर सिंह के शिक्षा जगत में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार की मजबूत नींव रखी। कार्यक्रम के दौरान उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। मौके पर प्रो. उमेश सिंह, प्रो. रौशन कुमार सहित कई शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में गम्भीर रूप से जख्मी बाइक चालक की मौत

**नरहट (नवादा)।** शुक्रवार को सकरा मोड़ से पुन्थर पथ पर धमौल गांव के पास ट्रक की चपेट में आने से गम्भीर रूप से जख्मी पुन्थर गांव निवासी सुरेश चौधरी के 30 वर्षीय पुत्र पप्पू चौधरी का ईलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। मौत की जानकारी के बाद गांव में मातम पसर गया। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दिल्ली में रह कर मजदूरी का काम कर अपने घर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। इधर करीब दो माह पूरब दिल्ली से अपने पुत्र तरुण की छठी में घर आया था। मृतक के चार बच्चे हैं। तीन पुत्री एक शिवानी कुमारी सात साल, दूसरी सिमरन कुमारी 5 साल और तीसरी अनुष्का कुमारी तीन साल की है। तीन बेटी के बाद पुत्र जन्म लेने के बाद उसकी छठी में युवक घर आया था। घटना के बाद पत्नी सीमा देवी का रो रो कर बुरा हाल है। पत्नी के ऊपर छोटे छोटे चार बच्चों का भरण पोषण का जिम्मेदारी का बोझ बढ़ गया है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। बताया जाता है कि मृतक शुक्रवार को अपने दो माह के छोटे पुत्र को ईलाज करा कर बाइक से लौट रहा था तभी सकरा मोड़ से पुन्थर पथ पर धमौल गांव के पास ट्रक की चपेट में आ जाने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गया और ईलाज के दौरान शुक्रवार की देर शाम मौत हो गई।

### साइबर सिक्योरिटी के बारे में किया गया जागरूक

**नरहट (नवादा)।** सीएससी से ग्राम स्तरीय उद्यमी गौतम कुमार ने प्रखण्ड के खनवां में साइबर सिक्योरिटी के बारे में लोगों को जागरूक किया। जागरूक करने के क्रम में बताया कि आज कल लोगों का फेसबुक, व्हाट्सएप, बैंक खाता, एटीएम आदि का डेटा लीक हो रहा है, जिसके माध्यम से साइबर अपराधी आपके जमापूंजी को खाली कर देते हैं। इससे बचने का उपाय बताते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी अंजान व्यक्तियों पे जल्दी भरोसा ना करें, क्रॉसचेक करें तब पेमेंट करें। बैंक या अन्य अधिकारियों चाहें कोई भी हो फोन पर बिना जान पहचान के ओटीपी बताने या फोन पे आए किसी भी लिंक पे क्लिक ना करें। किसी भी तरह का कोई भी संदेह होने पे तुरंत साइबर सेल कि टीम को 1930 पे सूचित करें। जिले में बढ़ रही साइबर अपराध को रोकने के लिए सबसे मूल कारणों पे ध्यान लोगों को देना होगा, जिन्हें भी आस पास के लोग इसमें संलिप्त दिखें उनसे लेनदेन करने से पूर्व सचेत रहें। लोगों को जागरूक करते रहें और अपना फोन, पासवर्ड, एटीएम, पिन, ओटीपी आदि किसी से साझा ना करें। वीडियो कॉल या ऑडियो कॉल वाले डीप फेक से भी सावधान रहें बिना क्रॉसचेक किए इमोशनल होकर पैसे ना गवाएं। क्योंकि ज्यादातर मामले में ई सिम अपग्रेड कर, खाता, व्हाट्सएप, आदि रेंट पर ना दें और डिजिटल अरेस्ट नाम कि कोई कॉल आए तो तुरंत अपने नजदीकी थाने को सूचित करें। इस कार्यक्रम में कंप्यूटर शिक्षक डीलू सर, अजय सर, सरिता कुमारी, सुमन कुमार, आदि सम्मिलित रहे। सभी ने बारी बारी से अपने अनुभवों को लोगों के बीच साझा किया एवं डिजिटल युग के फायदे के साथ साथ नुकसान और उनसे बचाव के रास्तों पे भी बातचीत की गई।

### मध्य विद्यालय बड़राजी में शिक्षिका के विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**कौआकोल।** प्रखण्ड के मध्य विद्यालय बड़राजी में कार्यरत शिक्षिका अनुसूया कुमारी के सेवानिवृत्ति पर शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौआकोल बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार मौजूद रहे। विदाई समारोह की अध्यक्षता पूर्व 20सूत्री अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवबालक पासवान ने सेवानिवृत्त शिक्षिका अनुसूया कुमारी को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी सेवानिवृत्त शिक्षिका को फूल माला देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्त होना एक सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि शिक्षिका अनुसूया कुमारी ने लगभग 27 वर्षों तक निर्विवाद होकर इस विद्यालय में अपनी सेवाएं दी। वे हमेशा छात्रों को आत्मनिर्भर, नैतिक और अनुशासित बनने के लिए प्रेरित करती रहीं। उनके योगदान को विद्यालय परिवार व क्षेत्रवासी लंबे समय तक याद रखेंगे। मौके पर कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल अजित कुमार सुमन,सुरेश प्रसाद,दिलीप सिंह,कामेश्वर प्रसाद,अवधेश पासवान,अरुण कुमार,इंटर विद्यालय ओखरिया के प्रभारी प्राचार्य,अनन्त कुमार,मनोज कुमार,धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### तीसरे दिन भी दिया गया प्रशिक्षण

**नरहट (नवादा)।** शनिवार को संकुल संसाधन केंद्र दाय बिगहा में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तृतीय दिन का प्रशिक्षण प्रशिक्षक सीताराम जी, महेश कुमार एवं सुबोध जी के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से विद्यालय शिक्षा समिति के कर्तव्यों और विद्यालय संचालन से संबंधित बातो पर विशेष चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में विद्यालय प्रधान शिक्षक के रूप में दीपक कुमार नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गारो बिगहा बेलदारी, दिनेश कुमार, कुंदन कुमार कश्यप, मुकेश कुमार, टिंकू कुमार, संजय कुमार और सभी विद्यालयों का सचिव प्रिती देवी एवं अन्य सदस्य और विद्यालय अध्यक्ष के साथ साथ इस प्रशिक्षण में संकुल समन्वयक दिनेश कुमार उपस्थित रहें।

### वांछित शराब धंधेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव से पुलिस बलों ने एक वांछित शराब धंधेबाज को बीते शुक्रवार की रात्रि को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2025 के 14 फरवरी को पीएसआई पिंकी कुमारी ने सशस्त्र बलों के सहयोग से एक बाइक पर लदे 199.5 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त की थी। जब्त शराब के साथ एक धंधेबाज मिथलेश राजवंशी को गिरफ्तार किया गया था,किंतु दूसरा शराब धंधेबाज पुलिस बलों के गिरफ्त में नहीं आ सका था। उक्त घटना को लेकर पुलिस द्वारा रजौली थाना कांड संख्या 76/25 में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई थी एवं वांछित शराब धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक में वांछित शराब धंधेबाज दरियापुर गांव निवासी शौकी राजवंशी के पुत्र आशिक कुमार उर्फ आशिक राजवंशी को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज को शनिवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### सीओ समेत राजस्व विभाग के कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम

**कौआकोल।** बिहार सरकार के कई निर्णयों के खिलाफ आगामी दो फरवरी से सीओ,राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे। इसी कड़ी में शनिवार को सीओ मनीष कुमार,राजस्व अधिकारी अनीश कुमार समेत सभी राजस्व कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए काम किया। राजस्व कर्मचारी नितेश कुमार मिश्रा,मिथुन कुमार,नरेंद्र कुमार,आदित्य कुमार,दीपक कुमार,प्रकाश कुमार ने बताया कि संघ के निर्णय के अनुसार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वे लोग 2 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

# इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा को लेकर डीएम ने किया केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ ब्रीफिंग

निज संवाददाता। नवादा

जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश द्वारा डाइट परिसर में इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा–2026 के सफल, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। विदित हो कि इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा–2026 दिनांक 02 फरवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों को प्रवेश द्वार पर सघन फ्रिस्किंग के उपरान्त ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थी केवल एडमिट कार्ड एवं पेन के साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश कर सकेंगे। किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अथवा अवांछित कागजात पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी परीक्षा केन्द्रों का प्रवेश द्वार प्रथम पाली के लिए प्रातः 09:00 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए अपराह्न 01:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई परीक्षार्थी चारदीवारी फाँदकर, पिछले रास्तों से अथवा किसी अन्य अनुचित माध्यम से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं, तो इसे गंभीर दंडनीय अपराध मानते हुए संबंधित परीक्षार्थी के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।जिला प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि से बचें एवं घबराएँ नहीं। जिन परीक्षार्थियों की किसी कारणवश परीक्षा छूट जाती है, वे अप्रैल माह में आयोजित होने वाली कंपार्टमेंटल परीक्षा के माध्यम से पुनः परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं, जिससे उनके शैक्षणिक परिणाम पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।




जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि परीक्षा कक्ष के भीतर वीक्षकों द्वारा सभी परीक्षार्थियों की पुनः सघन तलाशी ली जाएगी। यदि किसी परीक्षार्थी के पास परीक्षा कक्ष में चीट-पुर्जा, मोबाइल अथवा कोई प्रतिबंधित सामग्री पाई जाती है, तो संबंधित परीक्षार्थी के साथ-साथ संबंधित वीक्षक के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे तथा सीट प्लानिंग को स्पष्ट रूप से कई स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा। परीक्षा से संबंधित प्रश्न-पत्रों एवं उत्तर-पुस्तिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। प्रश्न-पत्रों की निकासी, वितरण तथा उत्तर-पुस्तिकाओं की सीलिंग की संपूर्ण प्रक्रिया वीडियोग्राफी के साथ कराई जाएगी। परीक्षा उपरान्त उत्तर-पुस्तिकाओं को विधिवत सीलबंद कर वज्रगृह में सुरक्षित रखा जाएगा। वज्रगृह की सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ही चाभी संचालन किया जाएगा। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री शम्भू शरण पांडेय ने बताया कि परीक्षा संचालन में बाधा उत्पन्न करने या नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी तथा फोटोस्टेट, साइबर कैफे आदि की दुकानें बंद रहेंगी।

परीक्षार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, विद्युत आपूर्ति, जेनरेटर, लाउडस्पीकर, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मुख्य प्रवेश द्वार, फ्रिस्किंग प्वाइंट एवं परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जहाँ मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति भी की गई है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर परीक्षार्थियों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06324-212261 है।

जिले में कुल 30 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें नवादा शहर में 19, वारिसलीगंज प्रखंड मुख्यालय में 04, हिसुआ प्रखंड मुख्यालय में 02 तथा रजौली अनुमंडल मुख्यालय में 05 परीक्षा केन्द्र शामिल हैं। इनमें से 04 परीक्षा केन्द्रों को आदर्श परीक्षा केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, नवादा; अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली; प्रभारी गोपनीय शाखा; अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी; प्रभारी जिला सूचना एवं जन-सम्पर्क पदाधिकारी; वरीय उपसमाहर्ता; जिला शिक्षा पदाधिकारी; पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केन्द्राधीक्षक उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में प्राप्त हुए दो मामले



निज संवाददाता। कौआकोल

कौआकोल अंचल कार्यालय में भूमि से संबंधित जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर वरीय अधिकारियों एवं सरकार के निर्देश पर अंचल अधिकारी मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान थाना क्षेत्र से आए दो फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े एक मामलों का आपसी सहमति के आधार से ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। इसके अलावा एक नए आवेदन प्राप्त हुए,जिसकी सुनवाई के लिए अगली तिथि दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य भूमि विवादों का समयबद्ध एवं शांतिपूर्ण समाधान करना है, ताकि छोटे-छोटे विवाद आगे चलकर बड़े विवाद का रूप न लें। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, राजस्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार, नितेश कुमार मिश्रा, प्रकाश कुमार, मिथुन कुमार, आदित्य कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## एनएच की जमीन के अतिक्रमण से गोपालनगर में बह रहा नालियों का पानी, दुकान मालिक को नोटिस जारी

### 72 घंटों के भीतर अतिक्रमणमुक्त करने को दिया निर्देश अन्यथा होगी कार्रवाई

निज संवाददाता। रजौली

रजौली नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-03 के गोपालनगर मोहल्ले में नालियों का पानी सड़कों और गलियों में बह रहा है। नालियों के गंदे पानी बहने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। मोहल्लेवासियों द्वारा इसकी लिखित शिकायत नगर पंचायत कार्यालय को किए जाने के बाद प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने मामले की जांच की। मोहल्ले के निरीक्षण के दौरान पाया कि जिस जगह से मोहल्लेवासियों के नालियों का पानी निकल रहा था,उसे बाईपास के समीप भगवान दास के पुत्र अमित कुमार द्वारा भवन निर्माण करने के बाद आगे के हिस्से को अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण जमीन एनएच-20 का है और उसपर अमित कुमार द्वारा बिना आधिकारिक आदेश के अतिक्रमण कर दुकानों से किराया वसूला जा रहा है। प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण से नगर की सौंदर्यता तो भंग होती ही है,साथ ही लोगों को आवागमन भी बाधित होता है। मोहल्लेवासियों की शिकायत पर वे नालियों का निरीक्षण करने पर पाया कि बिना किसी आधिकारिक आदेश के दुकान मालिक द्वारा दुकानों के आगे ह्यूम पाइप डालकर उसमें मिट्टी का भराव कर दिया गया है। इस कारण नालियों के पानी का बहाव रुक गया है और मोहल्ले में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि दुकान मालिक को नोटिस कर 72 घंटों के भीतर अतिक्रमण हटाने को निर्देशित किया गया है। साथ ही बताया कि यदि उक्त स्थल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया,तो दुकान मालिक के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। अतिक्रमण के विरुद्ध की गई कार्रवाई से नगरवासियों में खुशी का माहौल है एवं अतिक्रमणकारियों में भय व्याप्त है।



अतिक्रमण का जायजा लेते ईओ व अन्य

नगरवासियों की मांग है कि जिस प्रकार बजरंगबली चौक एवं पुरानी बस स्टैंड के विभिन्न बैंकों के समीप टोटो आदि के जमावड़े के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की गई है,उसी प्रकार नगर क्षेत्र में व्याप्त अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## खेल मंत्री ने राष्ट्रीय कोच संतोष वर्मा को किया सम्मानित

निज संवाददाता। नवादा

नवादा स्थित जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के अंबेदकर इंडोर स्टेडियम में नवादा जिले के प्रभारी मंत्री एवं बिहार के खेल मंत्री ने जिले के चर्चित शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया यह सम्मान समारोह का आयोजन जिला खेल संघ की ओर से किया गया जिसकी अध्यक्षता गुलशन कुमार के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में जिला खेल संघ के द्वारा खेल मंत्री को नवादा की धरती पर पहली बार आगमन होने पर स्वागत व सम्मानित किया गया वहीं नवादा जिले में खेल गतिविधि को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए सभी खेल संघो के पदाधिकारी के द्वारा बात रखा गया और उन्होंने हर संभव मदद करने की बात कही। इंटर विद्यालय आतीं कादिरगंज के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को खेल के क्षेत्र में नव प्रयोग एवं नवाचार के माध्यम से जिले के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक ले जाकर पदक दिलाते हैं और साथ ही साथ जिले के अलग-अलग विद्यालयों में जाकर होनहार खिलाड़ी को ढूंढ कर उन्हें मंच प्रदान करते हैं और आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं इसके लिए उन्हें युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की प्रमोशनल संस्था फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 6 फरवरी 2026 को वेस्ट फिजिकल एजुकेशन टीचर इन इंडिया का खिताब मिलने जा रहा है यह जिले ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है इससे पहले 2024 में राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है इन्होंने लगभग 20 वर्षों से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं इन तमाम उनके प्रयासों का परिणाम है कि जिले के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना जलवा दिखा रहे हैं उनके इस सम्मान से जिले के खेल संघ के पदाधिकारी डॉ आर पी साहू अलखदेव प्रसाद शिव कुमार प्रसाद श्रवण कुमार बरनवाल विक्रम कुमार कीर्ति रंजन सुभाष कुमार संतु कुमार राजीव कुमार अरविंद कुमार राजेश कुमार मुरारी मनीष कुमार सौरभ गिरी राजीव कुमार हरियाली कुमारी आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



निज संवाददाता। नारदीगंज (नवादा)

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डा.नवीन कुमार ने की। इस अवसर पर इस सीएचसी में कार्यरत लिपिक कृष्णा बसफोड़ को सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों ने सेवानिवृत्त लिपिक कृष्णा बसफोड़ को पुष्पमाला, अंग वस्त्र समेत अन्य सामग्री को देकर सम्मानित करते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। इस दौरान सेमौके पर डा. विमलेंद्र कुमार सिन्हा, डा. विजय कृष्ण परमेश्वरम, डा.प्रवीण कुमार, प्रधान लिपिक सत्यप्रकाश, लेखापाल धीरज कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक इरशाद आलम, प्रखंड मूल्यांकन सह अनुश्रवण पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार, लवकुश कुमार, जिले के प्रधान लिपिक विजय कुमार, प्रवीण कुमार समेत अन्य लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

## फाइलेरिया मुक्ति के लिए चलेगा व्यापक अभियान

### पीएचसी कौआकोल में टास्क फोर्स की बैठक



निज संवाददाता। कौआकोल

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कौआकोल में एमडीए फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स (बीएलटीएफ) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में अभियान को जन-आंदोलन बनाने और आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रिय सहगल ने बैठक में कहा कि इस 17 दिवसीय अभियान के दौरान दो वर्ष से ऊपर के सभी आयु वर्ग के लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाई जाएगी। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा वितरण करने का कार्य किया जाएगा। चिकित्सा पदाधिकारी ने 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों को एक-एक एल्बेंडाजोल व डीईसी, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को एक एल्बेंडाजोल व दो डीईसी तथा 14 वर्ष से ऊपर के लोगों को एक एल्बेंडाजोल व तीन डीईसी की गोलियां खिलाई जानी हैं। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक राजेश सिन्हा समेत अन्य सम्बन्धित विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## विधि महाविधालय में साईबर अपराध पर एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन

निज संवाददाता। नवादा

> ♦ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों, विधि के विद्यार्थियों और आमजन को साइबर ठगी, हैकिंग तथा डिजिटल खतरों से बचाव के प्रति सजग करना था

डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के दौर में जागरूकता को सबसे मजबूत हथियार मानते हुए, नवादा विधि महाविद्यालय में शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला सह जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों, विधि के विद्यार्थियों और आमजन को साइबर ठगी, हैकिंग तथा डिजिटल खतरों से बचाव के प्रति सजग करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मानंद मिश्रा ने की। उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें साइबर विशेषज्ञ पुलिस अधिकारी मनोहर कुमार, प्राचार्य डॉ. धर्मानंद मिश्रा, साइबर विशेषज्ञ राजीव कुमार, डॉ. राजेश कुमार, मोहम्मद ताबिश अहमद, पटना हाई कोर्ट की अधिवक्ता प्राची पल्लवी तथा प्रो. अवनीश कुमार ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

मुख्य वक्ता डॉ. राजेश कुमार ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा, "साइबर अपराधों पर कानून से ज्यादा प्रभावी नियंत्रण जागरूकता से ही संभव है। जब तक आम लोग और छात्र डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क नहीं होंगे, अपराधी नए-नए तरीकों से ठगी करते रहेंगे।" उन्होंने मजबूत पासवर्ड का उपयोग, अनजान लिंक पर क्लिक न करने तथा सतर्कता बरतने की सलाह दी।

प्राचार्य डॉ. धर्मानंद मिश्रा ने विषय प्रवेश में कहा कि आज के समय में साइबर अपराध की जानकारी हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य हो गई है। डिजिटल लेन-देन, सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के साथ खतरे भी तेजी से बढ़ रहे हैं। जानकारी के अभाव में आर्थिक एवं मानसिक क्षति का सामना करना पड़ सकता है।

पटना से आए साइबर विशेषज्ञ राजीव कुमार ने ठगी के विभिन्न तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अपराधी कुछ ही मिनटों में बैंक खातों से लाखों-करोड़ों रुपये गायब कर देते हैं। फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, फिशिंग, सोशल मीडिया हैकिंग आदि के वास्तविक उदाहरण देकर छात्रों को सतर्क किया। साइबर विशेषज्ञ पुलिस अधिकारी मनोहर कुमार ने महाविद्यालय की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधि के छात्रों को साइबर कानूनों और अपराधों की व्यावहारिक जानकारी भविष्य में बेहद उपयोगी साबित होगी।

कार्यशाला के दौरान छात्रों ने सक्रिय रूप से सवाल पूछे और विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का समापन साइबर अपराध के विरुद्ध सजग रहने तथा जागरूक नागरिक बनने के संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन नवादा में साइबर सुरक्षा जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जो विधि महाविद्यालय की सक्रिय सामाजिक भूमिका को दर्शाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढ़ी।** शुक्रवार की देर रात मसौढ़ी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी रामप्यारे बिंद के पुत्र चितरंजन बिंद है.पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर थानाध्यक्ष विवेक भारती के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। अभियुक्त मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी रामप्यारे बिंद के पुत्र चितरंजन बिंद है.अभियुक्त के खिलाफ.900/25 के तहत बी.एन.एस और 19/11/25 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।गिरफ्तारी के बाद, विधिक कार्यवाही पूरी कर अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय भेजा गया।

### छह वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाने की पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर छह वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि देवधा मठियापर व डुमरा गांव से कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है.गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था, लेकिन ये लोग फरार चल रहे थे.पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ये लोग अपने घर पर रह रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर छह लोगों को घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पटनाः एनएच–139 पर अज्ञात वाहन ने दो युवकों को कुचला, एक की मौत



**पटना (बिक्रम)।** पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–139 पर नाहर गांव के पास शनिवार को एक अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल सवार दो युवकों को कुचल दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बिक्रम थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अज्ञात वाहन तेज रफ्तार में था और दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि वाहन चालक की पहचान की जा सके। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से एनएच–139 पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

### मसौढ़ी में युवक को चाकू से गोदा, इलाज के दौरान मौत

**मसौढ़ी।** नगर मुख्यालय के सब्जी मंडी रोड, डंकबंगला के पास जिला परिषद सामुदायिक भवन के समीप शनिवार की देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। अज्ञात बदमाशों ने 17 वर्षीय युवक राजू कुमार को चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। घायल युवक को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर हालत के कारण उसे पटना रेफर किया जा रहा था। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, मृतक राजू कुमार भगवानगंज थाना क्षेत्र के जाहिदपुर गांव निवासी गिरिजा सिंह का पुत्र था। वर्तमान में वह मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी मुहल्ले में अपना घर बना रहा था और मैट्रिक का छात्र था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी ने राजू कुमार के पेट के निचले हिस्से पर वार किया। घायल युवक खुद को बचाने की कोशिश करता रहा, लेकिन काफी खून बहने के बाद वह जमीन पर गिर पड़ा। हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल फैल गया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।इस घटना ने स्थानीय लोगों को सकते में डाल दिया है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही उन्हें कानून के कटघरे में लाया जाएगा।

# दानापुर में पुलिस चौकी का निरीक्षण जर्जर भवन देख भड़के क्षेत्रीय आईजी

## लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के निर्देश

निज संवाददाता। दानापुर, पटना

पटना के क्षेत्रीय आईजी जितेंद्र राणा ने शनिवार को दानापुर स्थित बीबीगंज पुलिस चौकी सह अंचल पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर, भवन की स्थिति और पुलिस कार्यप्रणाली का गहन जायजा लिया। आईजी के आगमन पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अनुमंडल स्तर के पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पटना सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह, एएसपी शिवम धाकड़, थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज, अंचल निरीक्षक लक्ष्मी पटेल सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान आईजी जितेंद्र राणा बीबीगंज पुलिस चौकी सह अंचल पुलिस कार्यालय की जर्जर स्थिति देखकर नाराज हो गए। उन्होंने भवन की खराब हालत पर चिंता जताते हुए इसे पुलिस की कार्यक्षमता और आम जनता पर पड़ने वाले प्रभाव से जोड़कर देखा। कार्यालय परिसर में फैली गंदगी को देखकर आईजी ने अंचल निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस कार्यालय का वातावरण अनुशासित, स्वच्छ और व्यवस्थित होना चाहिए, ताकि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बना रहे। आईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जर्जर भवन के जीर्णोद्धार या नए भवन निर्माण को लेकर शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर उच्च स्तर पर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि संसाधनों और आधारभूत संरचना की कमी का असर पुलिसिंग पर नहीं पड़ना चाहिए। समीक्षा बैठक के दौरान आईजी जितेंद्र राणा ने दानापुर अंचल के अंतर्गत आने वाले सभी थानों के लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुराने और लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में लापरवाही, अनावश्यक देरी और केस डायरी में कमियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए सभी थाना प्रभारियों को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। आईजी ने यह भी कहा कि पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और हर शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस निरीक्षण को दानापुर अंचल में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।



## मनरेगा लेबर मेंट से मारपीट व लूट मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



निज संवाददाता। मसौढ़ी

मनरेगा लेबर मेंट के साथ मारपीट और लूटपाट के मामले में मसौढ़ी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना 29 जनवरी की दोपहर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, हसनपुरा गांव निवासी अशोक कुमार के पुत्र रणधीर कुमार जिला परिषद की योजना के तहत चल रहे मनरेगा कार्य का निरीक्षण करने जा रहे थे। इसी दौरान सकरपुरा गांव के समीप पकड़ी गांव के सात-आठ की संख्या में आए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि बदमाशों ने पिस्तौल का भय दिखाकर रणधीर कुमार के साथ मारपीट की और उनके पर्स से 3500 रुपये नकद तथा गले से सोने की चेन छीन ली। घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के क्रम में पुलिस ने इस कांड में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और 1500 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी मोहन बिंद के पुत्र सुधीर कुमार, विदेशी ठाकुर के पुत्र कौशल कुमार, चंदू बिंद के पुत्र मंगल कुमार और नंदू बिंद के पुत्र मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि शुक्रवार दोपहर सकरपुरा गांव के पास मनरेगा लेबर मेंट के साथ मारपीट और छिनतई की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की गई और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## 3 फरवरी को मनाई जाएगी भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

### पटना में पखवाड़ा जयंती समारोह, अतिपिछड़ा समाज से बड़ी भागीदारी की अपील

निज संवाददाता। मसौढ़ी

भारत रत्न और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती 3 फरवरी को पटना के मिरल हाई स्कूल में भव्य रूप से मनाई जाएगी। नंदवंशी (नाई) चेतना मंच की ओर से आयोजित पखवाड़ा जयंती समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसकी जानकारी भाजपा नेता और जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष धनेश्वर ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि नंदवंशी (नाई) चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद कुमार नंदवंशी ने बिहार के सभी जिलों के अतिपिछड़ा समाज से अपील की है कि वे लाखों की संख्या में पटना पहुंचकर इस समारोह को सफल बनाएं, ताकि जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों और संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। धनेश्वर ठाकुर ने बताया कि समारोह के माध्यम से अतिपिछड़ा समाज से जुड़ी कई अहम मांगों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। इनमें नाई समाज को जनसंख्या के अनुपात में राजनीतिक भागीदारी और सीटों में आरक्षण, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की तरह अतिपिछड़ा वर्ग के लिए अलग कानून आयोग का गठन, बिहार के सभी जिलों में कर्पूरी छात्रावास की स्थापना और उसमें नाई समाज के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की मांग शामिल है। इसके अलावा केश कला बोर्ड के गठन और बिहटा में निर्माणाधीन राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नामकरण जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम पर करने की भी मांग की जाएगी। आयोजकों का कहना है कि यह समारोह न केवल जयंती का आयोजन होगा, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और जननायक कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों को आगे बढ़ाने का एक मजबूत मंच भी बनेगा।



## स्कूली खेलों को सशक्त बनाने हेतु बिहार स्पोर्ट्स महासंग्राम के तहत हुआ प्रिंसिपल्स मीट का आयोजन

निज संवाददाता। पटना

10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली बच्चों में खेलों को प्रोत्साहित करने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से बिहार स्पोर्ट्स महासंग्राम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रिंसिपल्स मीट एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन पटना स्थित ताज सिटी सेंटर में किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य भर के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया और स्कूल स्तर पर खेलों के विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। यह कार्यक्रम डी.के. सिंह, अध्यक्ष, बिहार पब्लिक स्कूल एवं चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों को बिहार स्पोर्ट्स महासंग्राम की दृष्टि, उद्देश्य और कार्ययोजना से जोड़ना तथा खेलों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में साझा रणनीति तैयार करना था। इस दौरान स्कूलों की भूमिका, जिम्मेदारी और सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। गौरतलब है कि बिहार स्पोर्ट्स महासंग्राम को पहले ही एक राज्य स्तरीय स्कूली खेल पहल के रूप में शुरू किया जा चुका है, जिसका उद्देश्य बच्चों में फिटनेस, अनुशासन, आत्मविश्वास और चारित्रिक विकास को बढ़ावा देना है। यह पहल खेलों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त मंच प्रदान कर रही है।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एवं बिहार सरकार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह तथा पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश उपस्थित रहे। दोनों मंत्रियों ने अपने संबोधन में बिहार स्पोर्ट्स महासंग्राम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सुव्यवस्थित और स्कूल-केंद्रित पहल बिहार के खेल परिदृश्य को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में निर्णायक साबित होगी।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि स्कूल स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन ही भविष्य के सफल खिलाड़ियों की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह पहल शहरी और ग्रामीण, सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्रों को समान अवसर प्रदान कर रही है, जो खेलों में समावेशिता और समानता को बढ़ावा देता है। छात्र सुरक्षा, पारदर्शिता और निष्पक्ष खेल को कार्यक्रम की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया गया। इस पहल से प्रसिद्ध अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद को रोल मॉडल के रूप में जोड़ा गया है, जबकि फिटनेस विशेषज्ञ रजत दलाल को फिटनेस फेस बनाया गया है, जो बच्चों को स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। आयोजकों के अनुसार, यह प्रिंसिपल्स मीट बिहार में एक मजबूत, पारदर्शी और टिकाऊ स्कूल खेल व्यवस्था के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम है।

# पूर्वी चंपारण में सीमा पार चरस तस्करी का भंडाफोड़ 31 किलो से अधिक चरस बरामद, तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता। पूर्वी चंपारण

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की पटना क्षेत्रीय इकाई ने सीमा पार मादक पदार्थ तस्करी के एक बड़े और सुनियोजित प्रयास का पर्दाफाश करते हुए पूर्वी चंपारण जिले में चरस की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई को बिहार में नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रही मुहिम में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। प्राप्त विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर डीआरआई पटना की टीम ने छपवा–तुरकौलिया रोड के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका। मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति एक जूट की बोरी लेकर जा रहा था। जब अधिकारियों ने बोरी की तलाशी ली, तो उसके भीतर छिपाकर रखे गए चरस के कुल 63 पैकेट बरामद किए गए। बरामद मादक पदार्थ की मौके पर ही फील्ड ड्रग टेस्टिंग किट से जांच की गई, जिसमें यह स्पष्ट रूप से चरस पाया गया। इसके बाद जब मोटरसाइकिल की बारीकी से जांच की गई, तो अधिकारियों को तस्करी की एक अत्यंत परिष्कृत और चालाक तकनीक का पता चला। जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल के पेट्रोल टैंक के अंदर एक



विशेष गुप्त कैविटी (तहखाना) बनाई गई थी, जिसका इस्तेमाल चरस छिपाने के लिए किया जा रहा था। इतना ही नहीं, पेट्रोल टैंक में जगह बनाए जाने के कारण मोटरसाइकिल की सीट के भीतर एक अलग सहायक ईंधन प्रणाली भी लगाई गई थी, ताकि वाहन सामान्य रूप से चल सके और किसी को शक न हो।

इस कार्रवाई में कुल 31.097 किलोग्राम चरस बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 77 लाख 74 हजार 250 रुपये बताई जा रही है। डीआरआई ने चरस के साथ मोटरसाइकिल और तस्करी में इस्तेमाल किए गए अन्य सामान को भी जब्त कर लिया है। मामले में गिरफ्तार व्यक्ति को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत हिरासत में लिया गया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। डीआरआई को आशंका है कि इसके पीछे एक संगठित सीमा पार तस्करी नेटवर्क सक्रिय है। डीआरआई पटना क्षेत्रीय इकाई ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तथा गिरोह के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डीआरआई पटना ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान अब तक बिहार में चरस तस्करी के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाइयां की हैं। विभिन्न मामलों में कुल 107 किलोग्राम चरस की बरामदगी कर सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय तस्करी गिरोहों की कमर तोड़ दी है।

## ईएसआईसी अस्पताल में अग्निकांड से निपटने की तैयारी, बिहटा में हुआ फायर मॉक ड्रिल



निज संवाददाता। बिहटा, पटना

जिले के बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज परिसर में शनिवार को आग से बचाव और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास बिहार अग्निशमन विभाग की ओर से किया गया, जिसका उद्देश्य अस्पताल कर्मियों को वास्तविक अग्निकांड की स्थिति में त्वरित, सुरक्षित और समन्वित कार्रवाई के लिए प्रशिक्षित करना था। मॉक ड्रिल में ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, सुरक्षा कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बिहार अग्निशमन विभाग की ओर से पटना जिले के सीनियर कमांडेंट रितेश पांडे, सहायक जिला अग्निशमन अधिकारी विजय शंकर यादव, विपिन कुमार समेत कई अधिकारी और अग्निशमन कर्मी मौके पर मौजूद रहे। मॉक ड्रिल के दौरान यह दर्शाया गया कि यदि अस्पताल भवन में आग लगती है तो किस तरह कर्मचारियों और मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग बुझाने के प्राथमिक उपायों, फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग और धुएं से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। इसके साथ ही, आपातकालीन निकास मार्गों के उपयोग, मरीजों को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर के माध्यम से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने तथा अफरातफरी से बचते हुए क्रमबद्ध तरीके से निकासी प्रक्रिया को अमल में लाने का अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग ने अपनी आधुनिक तकनीकों और उपकरणों का भी प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि विभाग के पास अब लिफ्ट मशीन, हाइड्रोलिक उपकरण और अत्याधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम उपलब्ध हैं, जिनकी मदद से ऊंची इमारतों से भी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है। डेमो के दौरान यह दिखाया गया कि लिफ्ट और विशेष मशीनों की सहायता से ऊपरी मंजिलों में फंसे लोगों को कैसे कम समय में सुरक्षित नीचे लाया जा सकता है। इस अवसर पर सीनियर कमांडेंट रितेश पांडे ने कहा कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी आपात स्थिति में अस्पताल कर्मी घबराएं नहीं, बल्कि प्रशिक्षित तरीके से जान-माल की रक्षा कर सकें।उन्होंने बताया कि ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से मॉक ड्रिल की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने पूरे समन्वय के साथ अभ्यास किया। अगर भविष्य में कभी वास्तविक आग लगने की घटना होती है, तो ऐसे प्रशिक्षण से समय पर कार्रवाई कर कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

## बिक्रम में दिव्यांग कृषकों के लिए एक दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### एसबीआई फाउंडेशन और एक्शन एड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण

निज संवाददाता। पटना (बिक्रम)।

पटना जिले के बिक्रम में एसबीआई फाउंडेशन और एक्शन एड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों के लिए एक दिवसीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 40 दिव्यांग कृषकों ने भाग लिया और उन्हें आधुनिक एवं दिव्यांग-अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को कृषि उपयोगी बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों को कृषि के महत्व, स्वरोजगार के अवसरों और आत्मनिर्भर बनने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। एक्शन एड एसोसिएशन की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शारद कुमारी ने कहा कि सही मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग के साथ दिव्यांगजन भी सफल कृषक बन सकते हैं। कृषि प्रशिक्षक राधे श्याम राम ने खेती के तरीकों, सीमित संसाधनों में उत्पादन बढ़ाने और मौसम व फसल प्रबंधन की विधियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। जिला समन्वयक कुमारी वैष्णवी ने केंद्र और राज्य सरकार की दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर दिव्यांगजन अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकते हैं। बिक्रम प्रखंड के बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि प्रखंड प्रशासन हमेशा




दिव्यांगजनों के साथ खड़ा रहेगा और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मदद उपलब्ध कराई जाएगी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने खेती के माध्यम से सम्मानजनक जीवन-यापन की संभावना बताई और विभाग की ओर से हर संभव तकनीकी सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अलावा, दिव्यांगजन बुनियादी केंद्र की प्रभारी रामावती कुमारी और प्रखंड उत्प्रेरक अरुण कुमार ने भी सहयोग और मदद का भरोसा दिया। समाजसेवी कृष्णा कुमार ने दिव्यांगजनों को किसी भी प्रकार के कागजात या प्रमाण पत्र बनवाने में सहायता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और कृषि के माध्यम से रोजगार व आजीविका के अवसर प्रदान करना बताया गया।

## बिहटा के सदिसोपुर में दिनदहाड़े फायरिंग से दहशत आपसी विवाद के बाद घर को बनाया निशाना

### दो खाली कारतूस और दो बाइक जब्त, पीड़ित परिवार सहमा

निज संवाददाता। बिहटा, पटना

बिहटा थाना क्षेत्र के सदिसोपुर गांव में शनिवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब आपसी विवाद के बाद अज्ञात युवकों ने एक घर पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके से दो खाली कारतूस और दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की रात सदिसोपुर निवासी राजेश चौधरी का कुछ युवकों के साथ विवाद हुआ था। इसी विवाद का बदला लेने के इरादे से शनिवार सुबह करीब दस अज्ञात युवक राजेश चौधरी के घर पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

इस घटना में राजेश चौधरी के पुत्र अमित कुमार के हाथ में चोट आई है। हालांकि राहत की बात यह रही कि फायरिंग के दौरान किसी को गोली नहीं लगी। बावजूद इसके, अचानक हुई गोलीबारी से पीड़ित



परिवार और आसपास के लोग बुरी तरह सहम गए। सूचना मिलते ही बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को आता देख हमलावर युवक मौके पर अपनी दो मोटरसाइकिलें छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की और मौके से दो खाली कारतूस बरामद कर दोनों बाइक जब्त कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। घटना के बाद सदिसोपुर गांव में भय का माहौल है। स्थानीय लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में फिर से शांति बहाल हो सके।

# विशाल जन जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

निज संवाददाता। सासाराम (रोहतास)

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (1 जनवरी - 31 जनवरी 2026) के उपलक्ष्य में जिला परिवहन विभाग के तत्वावधान में एक विशाल जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली समाहरणालय सासाराम, जिला परिवहन कार्यालय परिसर से शुरू होकर फजलगंज स्टेडियम तक निकाली गई। इस रैली को एमवीआई के.के. त्रिपाठी, गुड्डू कुमार और संत जोसफ स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (जिला अध्यक्ष) संतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था।




**चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजनः** 'सड़क सुरक्षा माह' के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कनोडिया पंप स्थित संत जोसेफ स्कूल परिसर में चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

निर्णायक मंडल के मूल्यांकन के आधार पर विजेताओं के नामों की घोषणा की गई, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान क्लास - नौवीं की छात्रा राजनंदिनी, द्वितीय स्थान क्लास - नौवीं का छात्र रोहन कुमार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्लास - सातवीं के सृष्टि मौर्य और क्लास - नौवीं के आस्था कुमारी रही वहीं निबंधन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले क्लास - सातवीं के छात्रा सुचिता कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सोनाक्षी कुमारी व पीयूष कुमार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा श्रेया कुमारी और प्रिया कुमारी रही ।

संत जोसेफ स्कूल संचालक संतोष कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों की भूमिका को सर्वोपरि बताते हुए अत्यंत प्रेरक बातें कहीं। उनके संदेश का मुख्य सार यह था कि बच्चे समाज में बदलाव लाने के सबसे सशक्त माध्यम हैं।

**रैली का मुख्य आकर्षणः**

**प्रतिभागीः** इस रैली में संत जोसेफ स्कूल के विद्यार्थियों और भारत स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**संदेशः** बच्चे अपने हाथों में सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन जैसे "हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं" और "यातायात नियमों का पालन करें" लिखी तख्तियां और बैनर लिए हुए थे।

**मार्गः** रैली को जिला परिवहन कार्यालय से रवाना किया गया, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए फजलगंज स्टेडियम में संपन्न हुई।

**अधिकारियों का संबोधनः** जिला परिवहन अधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। उन्होंने स्काउट एवं गाइड और स्कूली बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही समाज में बदलाव की सबसे बड़ी वाहक है।

# विदाई सह सम्मान समारोह में भावुक हुए शिक्षक



निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)

उत्क्रमित मध्य विद्यालय मैधरा-करमैनी के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह के सेवानिवृत्त पर शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रितेश कुमार ने कहा कि अपने सेवा काल के दौरान संबंधित संस्थान अथवा विभाग से आत्मिय लगाव हो जाता है । पारिवारिक वातावरण बन जाता है । वही उस संस्थान को छोड़ने अथवा सेवानिवृत्त होने पर हृदय भावुक हो जाता है । क्योंकि मन में ऐसा भाव उत्पन्न होता है कि 60 वर्ष की लम्बी अवधि बिताने के बाद इस सिस्टम से हम अलग हो रहे हैं । वही मध्य विद्यालय घुसियां कला के प्रधानाध्यापक शमशाद अली ने कहा कि सेवानिवृत्त के बाद व्यक्ति का गुणगान उसके व्यक्तित्व के आधार पर संबंधित संस्थानों में याद किया जाता है । इस लिए सेवा काल में अपने दायित्व का निर्वाह स्नेही स्वभाव के साथ करनी चाहिए । वही सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने अपने दायित्व काल को साझा करते हुए सहकर्मियों की सराहना किया और जरुरत पड़ने पर सभी के साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। विभिन्न विद्यालयों से उपस्थित शिक्षकों ने उन्हें फुलमाला पहनाने के साथ उपहार के साथ अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर जयप्रकाश,विश्वजीत कुमार, संतोष ठाकुर, आशिष पाठक, शेखर सिंह, अभिमन्यु भाई पटेल, जफर बारी खां,अमिर एकबाल एवं संतोष कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### लैंगिग समानता नई चेतना अभियान अन्तर्गत आयोजित हुआ कबड्डी प्रतियोगिता

**राजपुर /रोहतास ।** लैंगिक समानता नई चेतना अभियान अन्तर्गत शनिवार को जीविका दीदियों द्वारा शैक्षिक हाई स्कूल राजपुर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया.इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ.जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. दीदी अधिकार केंद्र समन्वयक रेनू कुमारी के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्षमा दीदी श्रीकांति देवी एवं अंजनी कुमारी ने विशेष भूमिका निभाई. समन्वयक रेनू ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में टीम भावना, शारीरिक स्फूर्ति और ज्ञान को बढ़ावा देना था.क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों का सामान्य ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया गया.वहीं कबड्डी के जरिए उनकी शारीरिक क्षमता और खेल भावना को निखारा गया. उन्होंने बताया कि जीविका सक्षमा की यह पहल समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने एवं युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है.वहीं प्रथम द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया.

### विवाद में पति ने पत्नी का गला दबाकर हत्या, काराकाट के चांदी गांव में सनसनी

**काराकाट /रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र के चांदी गांव में शुक्रवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना ने इलाके को स्तब्ध कर दिया। पति-पत्नी के बीच पैसे को लेकर हुए विवाद में पति ने गुस्से में आकर पत्नी का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मृतका की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराकर पति अरुण पासवान समेत तीन को आरोपी बनाया है। मृतका की पहचान चांदी गांव निवासी 30 वर्षीय संजू देवी पत्नी अरुण पासवान के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अरुण मजदूरी करता है। शुक्रवार शाम वह मवेशी का चारा काटकर घर लौटा तो पत्नी से पैसे के मुद्दे पर झगड़ा हो गया। बात बिगड़ते ही दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई और गुस्सैल अरुण ने संजू का गला जोर से दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों में सनसनी मच गई। काराकाट थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी पति अरुण पासवान पुत्र सुखदेव पासवान को गिरफ्तार कर लिया। मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। मृतका की मां उर्मिला देवी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें अरुण मुख्य आरोपी है और दो अन्य नामजद हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद की पुष्टि हुई है। स्थानीय लोगों ने ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है, जो क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही है।

### जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा 5 आम नागरिकों से किया गया साक्षात्कार



**सासाराम /रोहतास।** शनिवार को जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के द्वारा दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल 5 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदक- रामपति सिंह, राजवंश सिंह, राम सुमेर सिंह एवं अन्य के द्वारा अतिक्रमण संबंधी मामला को सुलझाने हेतु आवेदन दिया गया। जिसे निष्पादन हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया।

आवेदक- मो० नौशाद अंसारी, विशाल पाल, प्रदीप कुमार, संजय कुमार गुप्ता, सत्यम कुमार, मनोज कुमार एवं वार्ड नंबर-44, नगर निगम सासाराम के अन्य ग्रामीणों के द्वारा सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु चयन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिसे निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी, सासाराम को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित कार्यालयों / पदाधिकारियों को निदेशित किया गया।

### सासाराम रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन सतर्क में बड़ी कार्रवाई

**108 लीटर अवैध शराब जब्त, आठ तस्कर गिरफ्तार**

**सासाराम।** सासाराम रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार-शनिवार की रात्रि ऑपरेशन "सतर्क" के तहत आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। ट्रेन संख्या 12820 डाउन (नई दिल्ली – ओडिशा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस) से कुल 108.84 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,17,107 है।



सूचना के आधार पर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आरपीएफ और जीआरपी की टीम तत्काल सासाराम स्टेशन पर पहुंची और ट्रेन को लगभग दो मिनट के लिए रोककर कार्रवाई की। उप निरीक्षक निशांत कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने सभी आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और अवैध शराब को जब्त कर लिया। बाद में अभियुक्तों और शराब को जीआरपी थाना सासाराम भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त आदित्य कुमार, बादल कुमार, शिवम कुमार, रोहित कुमार, सन्नी राज, विकास कुमार, बिट्टू कुमार और पिंटू कुमार सभी बिहार के विभिन्न जिलों के निवासी हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे विभिन्न राज्यों से शराब एकत्र कर बिहार में शराबबंदी का लाभ उठाते हुए ट्रेनों के माध्यम से ऊँचे दामों पर बेचने की योजना बना रहे थे। बरामद शराब में मैजिक मोमेंट, 8 पीएम, ओल्ड हॅबिट, स्मिरनोफ, रॉयल स्टैग, रॉयल ग्रीन, सिग्नेचर और आइकोनिक व्हाइट सहित विभिन्न ब्रांड की व्हिस्की और वोडका शामिल थी। छोटे पैक के पाउच भी बरामद किए गए। सभी अभियुक्तों के खिलाफ बिहार आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय गया के समक्ष पेश किया गया।

# लापता युवक बरामद युवती की तलाश जारी





निज संवाददाता। काराकाट /रोहतास

थाना क्षेत्र के किसनाथडीह निवासी राजमुनि देवी के 24 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार उर्फ मोहन, जो गूंगा-बहरा है, घर से लापता हो गया था। परिजनों ने काराकाट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मात्र 24 घंटे के अंदर उसे सुरक्षित बरामद कर लिया और परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने इसकी पुष्टि की।

इधर, दूसरी घटना में झारखंड के पलामू जिले के ग्राम हरहेपा, थाना बिश्रामपुर निवासी अंजू यादव की 19 वर्षीय पुत्री रुन्ता कुमारी लापता हो गई। रंग गोरा, लगभग 5 फुट कद की लाल साड़ी पहने और बिना चप्पल के थी। वह डेहरी आन सोन स्टेशन से उतरकर गोड़ारी के पड़सर स्थित बरम बाबा मंदिर दवा कराने गई थी। 10 दिनों तक वहां रुकने के बाद 27 जनवरी (मंगलवार) सुबह से गायब हो गई। परिजनों ने उसके भाई के माध्यम से आज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मनीष कुमार को शीघ्र ढूंढ लिया गया। वहीं रुन्ता कुमारी की तलाश में पुलिस टीमें सक्रिय हैं। तलाश अभियान जारी है। परिजन चिंतित हैं और पुलिस से शीघ्र बरामदी की अपील कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भी सहयोग का भरोसा जताया है।

# काराकाट गोडारी में एयरटेल-जियो नेटवर्क की खराब स्पीड से हाहाकार

## हजारों ग्रामीण ठगे महसूस कर रहे, ट्राई-प्रशासन से कार्रवाई की मांग

निज संवाददाता। काराकाट /रोहतास

काराकाट प्रखंड के गोडारी क्षेत्र में एयरटेल और जियो नेटवर्क की खराब स्पीड से हजारों लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है। प्रखंड, थाना व नगर मुख्यालय वाले इस व्यस्त क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों के कारण प्रतिदिन हजारों लोग आते हैं, लेकिन कंपनियों के सर्वर व इंटरनेट फ्रीक्वेंसी लगातार डाउन रहने से दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। महंगे रिचार्ज के बावजूद 5G का दावा करने वाली कंपनियां उपभोक्ताओं को ठग रही हैं, ऐसी शिकायतें स्थानीयों की जुबान पर हैं।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि घर के अंदर एयरटेल-जियो का इंटरनेट धीमा पड़ जाता है और कॉलिंग पर आवाज साफ नहीं आती। युवा विवेक कुमार ने टावर के पास बैठकर नेटवर्क इस्तेमाल करते हुए कहा, "घर में सिग्नल नाम का कुछ नहीं, इसलिए जरूरी काम के लिए यहां आना पड़ता है।" प्रखंड कार्यालय पहुंचे अवधेश कुमार बोले, "महीने में 350 रुपये हाई-स्पीड के लिए रिचार्ज करते हैं, लेकिन स्पीड 50-200 Kbps रहती है।



व्हाट्सएप पर फोटो डाउनलोड करने में घंटों लग जाते हैं। 5G कहने को है, रियलिटी में 2G से बदतर।" गोल्डी कुमार ने जोड़ा, "पहले एक टावर दूर तक पकड़ता था, अब बाजार के बीच में भी नेटवर्क नाममात्र का।"

नगर पंचायत के बाहर प्रिंस कुमार ने शिकायत की, "कंपनियां पैसे वसूल रही हैं, सर्विस जीरो। वैकल्पिक नेटवर्क न होने से मजबूरन महंगे प्लान लेने पड़ते हैं।" सरकारी अधिकारी भी परेशान हैं। एक अधिकारी ने कहा, "ऑनलाइन कामकाज में देरी हो रही है। कंपनियों से शिकायत की, लेकिन सुधार नहीं।" स्थानीय व्यापारी संघ ने ट्राई व प्रशासन से कंपनियों पर कार्रवाई, टावर मजबूत करने की मांग की है।

कंपनियों का पक्षः एयरटेल के जेडबीएम अभिषेक चंद्र ने आरोपों को बेबुनियाद बताया, "काराकाट से कोई शिकायत नहीं आई। हमारा नेटवर्क ट्राई द्वारा पुरस्कृत सबसे बेहतर है।" टीएम अजय शंकर चौबे ने उदाहरण देकर समझाया, "अगर 50 किलो उठाने की क्षमता हो और 100 किलो लाद दिया जाए, तो कैसे बर्दाश्त होगा? ज्यादा यूजर्स, कम टावर। एक टावर पर 80-90 लाख खर्च होते हैं, काम चल रहा है।" जियो नेटवर्क टीम (रोहतास) ने स्वीकारा कि कुछ समस्याएं थीं, जिससे गोडारी में 5G नहीं मिल रहा। आश्वासन दिया, "3 महीने में हाई-स्पीड 5G उपलब्ध होगा।" नेटवर्क समस्या से दैनिक जीवन व सरकारी काम बुरी तरह प्रभावित हैं।

# नारायण नर्सिंग कॉलेज एवं अस्पताल में कुष्ट रोग दिवस मनाया गया

निज संवाददाता। सासाराम (रोहतास)

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज द्वारा नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार में कल कुष्ठ रोग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक कलंक को कम करना तथा रोग की शीघ्र पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में पोस्टर प्रस्तुति, पेम्फलेट वितरण एवं स्वास्थ्य शिक्षा सत्र आयोजित किए गए। इन सभी गतिविधियों को बी.एस सी. नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर एवं जीएनएम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय रूप से संपन्न किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक उत्तरदायित्व की सशक्त भावना का परिचय दिया।



कार्यक्रम का आयोजन डॉ. के. लता डीन-सह-प्राचार्या के पर्यवेक्षण तथा प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा, उप-प्राचार्या के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का समग्र समन्वय डॉ. पी. पोन्नारसी, विभागाध्यक्ष, मेडिकल-सर्जिकल नर्सिंग (एमएसएन) विभाग एवं आर. श्रीनिवासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विक्रांत कुमार, शिवांशु कुमार, सुश्री ममता कुमारी एवं सुश्री मोनिका फिलिप्स द्वारा किया गया। छात्र प्रतिभागियों ने रोगियों, उनके परिजनों एवं आम जनता को कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं उपचार के बारे में जानकारी दी तथा इस बात पर बल दिया कि कुष्ठ रोग एक पूर्णतः उपचार योग्य रोग है और समय पर उपचार से विकलांगता को रोका जा सकता है।

यह कार्यक्रम लाभार्थियों से प्राप्त सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने जागरूकता बढ़ाने, शीघ्र स्वास्थ्य-सेवा अपनाने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य संवर्धन में नर्सिंग छात्रों की भूमिका को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अभिनव कला संगम अध्यक्ष ने की कला संस्कृति मंत्री से मुलाकात

## ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता को सांस्कृतिक महोत्सव का दर्जा देने की मांग

निज संवाददाता। डेहरी। रोहतास

रोहतास जिले में कला संस्कृति के विकास समेत अन्य मामलों को लेकर अभिनव कला संगम अध्यक्ष कमलेश कुमार ने पटना में कला संस्कृति मंत्री डॉ अमर शंकर प्रसाद से मिलकर कई मुद्दों पर बातचीत की, तथा उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आकाश अध्यक्ष ने मंत्री को बुके देकर सम्मानित भी किया। कला संस्कृति मंत्री को दिए ज्ञापन में कहा गया है, कि अभिनव कला संगम लगातार 33 वर्षों से प्रतिवर्ष ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन करती है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के कलाकार डालमियानगर मॉडल स्कूल में आकर अपने कला का प्रदर्शन करते हैं। किंतु उक्त कार्यक्रम में कला संस्कृति मंत्रालय से कोई सहयोग नहीं मिल पाता है, जिससे कार्यक्रम करने में परेशानी



होती है। इसके अलावा अभिनव कला संगम द्वारा वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य कैंप, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता रैली व अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। जिस प्रकार बिहार के सोनपुर में लगने वाले मेल को राजकीय मेला का दर्जा दिया गया है। उसी तरह डालमियानगर में होने वाले ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता को सांस्कृतिक महोत्सव का दर्जा दिया जाए। डेहरी- डालमियानगर क्षेत्र में रंगाश्रम का निर्माण करने तथा राज्य स्तर पर सरकार द्वारा कला संस्कृति विभाग से होने वाले कार्यक्रम में अभिनव कला संगम को राज्य स्तर पर प्रमुखता देने की मांग की गई। मंत्री ने अभिनव कला संगम व उससे जुड़े होने वाले सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने कहा कि अभिनव कला संगम द्वारा लगातार राष्ट्रीय स्तर के आयोजन काबिले तारीफ है। कला संस्कृति विभाग की ओर से संस्था को हर संभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही आगामी दिसंबर में अभिनव कला संगम द्वारा आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता सह संस्कृत प्रतियोगिता में कला संस्कृति विभाग बढ़-चढ़कर भूमिका निभाएगी। विभाग द्वारा कलाकारों के लिए शुरू की गई कई लाभकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। अकस अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि मंत्री से कई आश्वासन मिले हैं, और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता को राजकीय संस्कृति महोत्सव का दर्जा कला संस्कृति विभाग के माध्यम से सरकार देगी।

# महामण्डलेश्वर जूना आखाडा के तत्वावधान मे आयोजित होगा श्री शिव शक्ति महायज्ञ

## 18 फरवरी को निकलेगा कलश सह शोभायात्रा, तैयारी का कार्य अंतिम चरण में

निज संवाददाता। राजपुर रोहतास

महामण्डलेश्वर जूना आखाडा के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय राजपुर के दयालगंज स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय प्रांगण में श्री शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन होगा.जिसका कलश सह शोभायात्रा 18 फरवरी को निकलेगा.महायज्ञ के लिए मण्डप निर्माण समेत अन्य तैयारी का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है.

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए महाविद्यालय प्रिंसिपल डॉ सुनिता कुमारी ने बताया कि ब्रह्मलीन अंननत श्री विभूषित स्वामी सोमनाथ गिरी जी महाराज उर्फ महायोगी पायलट बाबा पीठाधीश्वर श्री पंचदशनाम जूना आखाडा के तत्वावधान में वर्तमान पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री जूना आखाडा योग माता केको आईकावा उर्फ कैला देवी के नेतृत्व में श्री शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन हुआ है.

जिसका कलश सह शोभायात्रा 18 फरवरी को



निकलेगा. द्वितीया मण्डप प्रवेश महायज्ञ प्रारम्भ 19 फरवरी को होगा.एकादशी तिथि 27 फरवरी को महायज्ञ पूर्णहुती के साथ भण्डारा का लंगर होगा.इस दौरान 1008 महामण्डलेश्वर जूना अखाडा की योग चेतना माता एवं योग श्रद्धा माता द्वारा भक्तों के बीच ज्ञान का अमृत वर्षा किया जायेगा.

# जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना जिला पदाधिकारी रोहतास कार्यालय पर किया गया आयोजित

निज संवाददाता। सासाराम (रोहतास)

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार रोहतास कांग्रेस के तत्वाधान तथा जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना जिला पदाधिकारी रोहतास कार्यालय पर आयोजित किया गया। धरना का उद्देश्य भारत सरकार के द्वारा मनरेगा के बदले VBG RAM G विधेयक को वापस लेने तथा मूल रूप से मनरेगा को बहाल करने की मांग करना तथा इसके लिए जिला पदाधिकारी रोहतास को ज्ञापन सौंपा जाना है। अपने अध्यक्षीय भाषण में अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा की आत्मा को चार खतरनाक तरीके से नष्ट करने की योजना बना रही है। (1) मजदूरों के काम करने का अधिकार छीन कर (2) मजदूरों का अधिकार छीन कर (3) ग्राम पंचायत की शक्तियों को ठेकेदारों को सौंप कर तथा (4) राज्य सरकार पर आर्थिक बोझ डाल कर।

इस तानाशाही कानून के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक लड़ने के लिए कमर कस चुकी है। किसी भी हालत में मजदूरों के हक और अधिकार को छीनने नहीं दिया जायेगा। रोहतास जिला कांग्रेस प्रभारी डॉ किशोरी लाल ने कहा कि राष्ट्रीय



कांग्रेस के इस आंदोलन को हर हाल मे साकार कर मनरेगा के मूलरूप को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम एकदिवसीय धरना एवं प्रदर्शन में कांग्रेसजन शामिल हुए राजेश्वर कुशवाहा, ललित ठाकुर, रामनारायण राम, सासाराम नगर अध्यक्ष तौफीक अहमद मकरानी, चितरंजन दुबे, डॉ शैलेश सागर, हसन अली, सत्यानंद सिंह, आजाद अहमद, मो हुसैन खान, उमाशंकर सिंह कुशवाहा, रामानुज मिश्रा, अजय चौबे, विमलेश तिवारी,रघुनाथ सिंह, ज्ञान चंद ओझा, अशोक कुमार तिवारी, वैध नाथ चौबे, अली हुसैन, विजय पाठक, चंद्रमा पाण्डेय, सुशील कुमार मिश्रा, डॉ मनोज कुमार, राजाराम पासवान, दीपक कुमार मिश्रा, अखिलेश सिंह, जय प्रकाश पाण्डेय,सौरभ कुशवाहा, रवि यादव, ओमप्रकाश तिवारी, अजय तिवारी, कन्हैया उपाध्याय, जितेंद्र तिवारी, सुनील तिवारी, राधा कृष्ण पाण्डेय, सुहैल आलम ताजी, मो रिंकू, शादाब अंसारी, जसीम फारुकी आदि शामिल।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### संझौली अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित, लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान



**रोहतास**। शनिवार को संझौली अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी किशोर पासवान ने की। इस अवसर पर आसपास के विभिन्न पंचायतों से आए लोगों ने अपने फरियादियों को लेकर प्रशासन के सामने सीधे मुद्दे उठाए। अंचलाधिकारी किशोर पासवान ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान करने की पहल की। मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, सीमांकन के मामलों के अलावा जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र से संबंधित शिकायतें सामने आईं। किशोर पासवान ने संबंधित कर्मचारियों को लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य यह है कि आम लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। इस दौरान अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने फरियादियों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और अभिलेखों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की। संझौली थाना के एएसआई अशोक कुमार भी जनता दरबार में उपस्थित रहे और सुनिश्चित किया कि सुरक्षा व व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। जनता दरबार के सफल आयोजन के बाद उपस्थित लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और संतोष व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने यह स्पष्ट किया कि स्थानीय प्रशासन आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनने और उनका समाधान करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

### तिलौथू में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, सैकड़ों लोगों की हुई जांच



**तिलौथू**। तिलौथू प्रखंड के राधा शांता महाविद्यालय परिसर में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन वाराणसी के एसएएस हॉस्पिटल हरहुआ ने किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टरों ने मेगा ऑपरेशन, चर्म रोग और नेत्र रोग से संबंधित जांच की, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह, एनएसएस पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार सिंह और डॉ. अनिल कुमार सिंह ने इस शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश पांडे, डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. विजय बहादुर प्रजापति, डॉ. गुलाम हैदर, डॉ. वीरेंद्र मिश्रा, डॉ. सुनील सिंह, प्रोफेसर अक्षय कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, मुरलीधर सिंह, राजकुमार, विनोद, कन्हैया, हृदयानंद सिंह और रामू सहित एनसीसी और एनएसएस कैडर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, क्योंकि इसके माध्यम से उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श और जरूरी जांच मुफ्त में उपलब्ध हो जाती है।

### सवाल पूछने पर पुलिस ने मारा थप्पड़, थानाध्यक्ष ने महिला के बाल भी खींचे, आरोपी को गिरफ्तार करने गए थे

**नालंदा**। नालंदा में थरथरी थाना के थानाध्यक्ष ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की। महिला का बाल पकड़कर खींचा, फिर थप्पड़ भी मारे। साथ में एक महिला पुलिसकर्मी मौजूद थीं, जिन्होंने उन्हें ऐसा करने से रोका। दरअसल, पुलिस राम बच्चन प्रसाद नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने पहुंची थी। मामला 2014 का है, जिसमें पुलिस को कार्रवाई करनी है। कोर्ट से जारी इश्तेहार के आधार पर पुलिस आरोपी के घर पहुंची थी। जब महिलाओं ने पुलिस के आने का कारण पूछा तो पुलिस वालों ने पिटाई कर दी। घटना थरथरी थाना क्षेत्र के दिरीपुर गांव की है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी के बावजूद थानाध्यक्ष संजय कुमार एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। पीड़ित महिला की पहचान विजय सरस्वती के रूप में की गई है, जो एक आंगनबाड़ी सेविका हैं। बताया जा रहा है कि जब उन्होंने गिरफ्तारी का कारण पूछा तो थानाध्यक्ष ने उनके बाल पकड़कर थप्पड़ जड़ दिए। राम बच्चन प्रसाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इस दौरान हुई मारपीट की घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश फैला दिया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने मारपीट के आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कोर्ट से इश्तेहार आया था, जिसके तहत राम बच्चन प्रसाद को गिरफ्तार किया। जब हम उसे पकड़कर ला रहे थे, तब घर की महिलाएं रास्ता रोककर सामने आ गईं। उन्हें सिर्फ रास्ते से हटाया गया है। मारपीट का कोई आरोप बेबुनियाद है। हिलसा डीएसपी-2 ऋषि राज ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आया है। जिसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा।

# डीडीसी का औचक निरीक्षण, पंचायत भवन में ताला देख भड़के अधिकारी

## कोंच की कोराप पंचायत में अधिकारियों-कर्मियों में मचा हड़कंप

निज संवाददाता। गयाजी



गया जिले के कोंच प्रखंड अंतर्गत कोराप पंचायत में शनिवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार दास ने विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए औचक निरीक्षण किया। दोपहर करीब तीन बजे हुए इस निरीक्षण से प्रखंड मुख्यालय से लेकर पंचायत स्तर तक के अधिकारियों और कर्मियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन की स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई। कार्यालय समय में पंचायत भवन पूरी तरह खाली मिला और एक भी कर्मी उपस्थित नहीं था। इस गंभीर लापरवाही को देखकर डीडीसी ने गहरी नाराजगी जताई।

डीडीसी शैलेश कुमार दास ने मौके पर ही कोंच के बीडीओ विपुल भारद्वाज को निर्देश दिया कि पंचायत भवन से अनुपस्थित सभी कर्मियों से स्पष्टीकरण लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए बनाए गए पंचायत भवन में कर्मियों की गैरहाजिरी स्वीकार्य नहीं है और इस तरह की लापरवाही सीधे तौर पर शासन की योजनाओं को नुकसान पहुंचाती है।

निरीक्षण के क्रम में डीडीसी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायत क्षेत्र में ऐसे सभी पात्र परिवारों को चिन्हित किया जाए, जिनका नाम किसी कारणवश अब तक लाभार्थी सूची में शामिल नहीं हो सका है। डीडीसी ने जोर देकर कहा कि योजना का लाभ केवल वास्तविक और योग्य लाभार्थियों को ही मिले और इसमें पूरी पारदर्शिता बरती जाए। किसी भी तरह की अनियमितता या भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने स्थानीय ग्रामीणों से भी सीधी बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने उन्हें पंचायत से जुड़ी विभिन्न परेशानियों और योजनाओं में देरी की जानकारी दी। डीडीसी ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही और ड्यूटी से गायब रहने वाले कर्मियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## गुरारू रेलवे स्टेशन पर शौचालय नहीं, यात्रियों की मजबूरी बनी परेशानी

निज संवाददाता। गयाजी




गया जिले के गुरारू रेलवे स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं की कमी यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। स्टेशन परिसर में शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत महिला यात्रियों को हो रही है, जिन्हें ट्रेन का इंतजार करते समय मजबूरी में स्टेशन से बाहर जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि शौचालय की अनुपलब्धता केवल असुविधा का ही नहीं, बल्कि सुरक्षा का भी गंभीर मुद्दा बन गई है।

स्टेशन परिसर से बाहर सुनसान इलाकों में जाने को महिलाएं मजबूर होती हैं, जिससे उन्हें असहजता और भय का सामना करना पड़ता है। कई बार रात के समय स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। गुरारू स्टेशन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री गया, पटना, डेहरी और अन्य स्थानों के लिए यात्रा करते हैं। इसके बावजूद स्टेशन पर अब तक शौचालय जैसी आवश्यक सुविधा का न होना रेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। यात्रियों के अनुसार, बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए यह स्थिति बेहद कष्टदायक है, क्योंकि आसपास कोई भी सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं है। लंबा इंतजार करने वाले यात्रियों को गंभीर परेशानी झेलनी पड़ती है।

स्थानीय ग्रामीणों और यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि गुरारू रेलवे स्टेशन पर अविलंब शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। लोगों का कहना है कि स्वच्छ भारत अभियान और यात्री सुविधा के दावों के बीच इस तरह की स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे जनप्रतिनिधियों और रेल अधिकारियों के समक्ष सामूहिक रूप से अपनी मांग रखेंगे। यात्रियों को उम्मीद है कि रेल प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान देगा और गुरारू स्टेशन पर शौचालय की व्यवस्था कर यात्रियों को राहत प्रदान करेगा।

# गयाजी में फल्गु नदी किनारे अज्ञात महिला का शव बरामद

## पुलिस ने मौके पर डॉग स्क्वायड और एफएसएल टीम बुलाकर जांच शुरू की

निज संवाददाता। गयाजी



फल्गु नदी के किनारे आज शाम अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना बुनियादगंज थाना क्षेत्र के कुकियासीन इलाके की है। स्थानीय लोगों ने मिट्टी में दबा शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकर शव को बाहर निकाला और आसपास के इलाके को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। प्रारंभिक जांच में मृतका की उम्र लगभग 35 साल आंकी गई है। शव की स्थिति को देखते हुए मामला संदिग्ध माना जा रहा है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को बुलाया। डॉग स्क्वायड ने नदी किनारे, पास के खेतों और कच्चे रास्तों में सुराग तलाशे। वहीं, एफएसएल टीम ने मिट्टी, कपड़े और अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस के अनुसार, यह जांच हर एंगल से की जा रही है ताकि स्पष्ट हो सके कि महिला की हत्या हुई है या कोई अन्य कारण है। बुनियादगंज थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है और किसी तरह के पहचान पत्र या व्यक्तिगत सामान बरामद नहीं हुए हैं।

पुलिस ने आसपास के सभी थानों से संपर्क किया है और हाल में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान कर रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ जारी है। घटना के बाद मानपुर इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग तरह-तरह की आशंकाएं व्यक्त कर रहे हैं। थाना पुलिस ने आश्वस्त किया है कि हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही मामले से पर्दा उठाया जाएगा।

# पुराने केसीसी खातों के निपटारे को लेकर एसबीआई का विशेष अभियान

## उसास देवरा बाजार शाखा में किसानों से जल्द निपटान की अपील

निज संवाददाता। कोंच (गयाजी)



गया जिले के कोंच प्रखंड अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक की उसास देवरा बाजार शाखा की ओर से शनिवार को पुराने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण धारकों के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य लंबे समय से लंबित पड़े केसीसी खातों का शीघ्र निपटारा कर किसानों को बैंकिंग सुविधाओं का पूरा लाभ दिलाना है। शाखा प्रबंधक मंतोष कुमार ने इस अवसर पर किसानों और ऋण लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में केसीसी खाते वर्षों से लंबित हैं, जिसके कारण किसानों को सरकार की ब्याज सब्सिडी और अन्य वित्तीय सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।शाखा प्रबंधक ने बताया कि पुराने और अनअपडेटेड केसीसी खातों के कारण किसानों को न केवल अतिरिक्त ब्याज का बोझ उठाना पड़ता है, बल्कि वे समय पर भुगतान करने वाले किसानों के लिए निर्धारित विशेष छूट से भी वंचित रह जाते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने पुराने केसीसी खातों की स्थिति को गंभीरता से लें और बैंक आकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराएं, ताकि भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो। मंतोष कुमार ने किसानों को जानकारी दी कि पुराने ऋण का निपटारा कर नया केसीसी लेने से उन्हें ऋण की नई और बढ़ी हुई सीमा का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही, समय पर भुगतान करने पर सरकार द्वारा दी जाने वाली ब्याज छूट और अन्य प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि नया केसीसी किसानों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के साथ-साथ उनकी कृषि जरूरतों को पूरा करने में भी सहायक साबित होगा। शाखा प्रबंधक ने सभी पुराने केसीसी ऋण धारकों से जल्द से जल्द बैंक पहुंचकर अपने खातों को अपडेट कराने, लंबित बकाया का भुगतान करने और नए केसीसी के लिए आवेदन करने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बैंक की ओर से किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि उनका ऋण निपटान सरल और पारदर्शी तरीके से हो सके।

# बेलागंज में 'दीदी का अधिकार केंद्र' का शुभारंभ महिलाओं को मिलेगा अधिकारों का मंच

## सरकारी योजनाओं, शिकायत निवारण और मार्गदर्शन के लिए बना सशक्त माध्यम

निज संवाददाता। गयाजी



गया जिले के बेलागंज प्रखंड में शनिवार को महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'दीदी का अधिकार केंद्र' का उद्घाटन किया गया। बाल विकास परियोजना कार्यालय के समीप स्थापित इस केंद्र का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राघवेंद्र शर्मा और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रागिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि 'दीदी का अधिकार केंद्र' महिलाओं, किशोरियों और जरूरतमंद वर्ग के लोगों के लिए एक भरोसेमंद मंच के रूप में कार्य करेगा। यहां महिलाओं को उनके कानूनी, सामाजिक और सरकारी अधिकारों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं की सही जानकारी, आवेदन प्रक्रिया में सहयोग और शिकायतों के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा।

सीडीपीओ रागिनी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि अक्सर जानकारी के अभाव में महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाती हैं, लेकिन इस केंद्र के माध्यम से उन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग मिलेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। उद्घाटन अवसर पर बीपीएम राजू कुमार, कुंदन कुमार, राकेश कुमार, रंजीत कुमार, अलख निरंजन, अमरजीत कुमार, सरोज देवी, बिट्टू कुमार, सुदर्शन कुमार, राजीव नयन सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने उम्मीद जताई कि 'दीदी का अधिकार केंद्र' बेलागंज प्रखंड में महिलाओं के अधिकारों की आवाज को मजबूती देगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा के साथ भरोसा और सहभागिता जरूरी : डॉ. एमई हक



निज संवाददाता। गयाजी

फाइलेरिया जैसी गंभीर और अपंगता पैदा करने वाली बीमारी के उन्मूलन के लिए केवल दवा पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों का भरोसा जीतना और उनकी सक्रिय भागीदारी सबसे अहम है। इसी उद्देश्य से 10 फरवरी से शुरू होने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान (आईडीए) को सफल बनाने के लिए जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में फाइलेरिया की रोकथाम, दवा सेवन की अनिवार्यता और व्यापक जनजागरूकता पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. एमई हक ने कहा कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जिसमें शरीर के अंदर माइक्रोफाइलेरिया लंबे समय तक बिना किसी लक्षण के मौजूद रहते हैं। शुरुआती दौर में व्यक्ति को बीमारी का अहसास नहीं होता, लेकिन वर्षों बाद हाथीपांव जैसी गंभीर विकृति सामने आती है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी जानलेवा नहीं होने के कारण लोग इसे गंभीरता से नहीं लेते, जबकि एक बार विकृति हो जाने के बाद व्यक्ति जीवन भर के लिए अपंग हो सकता है। ऐसे में समय रहते दवा सेवन ही एकमात्र प्रभावी उपाय है।

डॉ. हक ने बताया कि आईडीए अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा खिलाएंगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोग दवा वास्तव में खाएं, केवल ले लें ऐसा न हो। अभियान के दौरान एल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमेक्टिन—तीन प्रकार की दवाओं का सेवन कराया जाएगा। किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या या दुष्प्रभाव से निपटने के लिए प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। डॉ. हक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अफवाह और डर इस अभियान की सबसे बड़ी चुनौती होती है। इसलिए सभी विभागों को मिलकर सकारात्मक माहौल बनाना होगा। लोगों की शंकाओं का समाधान करना और उन्हें भरोसे में लेना बेहद जरूरी है। इसी क्रम में 11 फरवरी को प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में जीविका दीदी अपने परिवार के साथ दवा का सेवन करेंगी, ताकि समाज में सही और सकारात्मक संदेश पहुंचे।

जिला पंचायती राज पदाधिकारी आदित्य कुमार ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा, जब जिला से लेकर पंचायत स्तर तक सभी विभाग मिलकर समन्वय के साथ काम करें। पंचायती राज, शिक्षा और जीविका विभाग को संयुक्त रूप से माइक्रोप्लान तैयार कर गांव-टोले तक पहुंचना होगा। वहीं, जीविका जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि जीविका दीदियां इस अभियान की मजबूत कड़ी हैं। वे स्वयं दवा सेवन करें और गांव-टोले में जाकर लोगों को इसके फायदे समझाएं। उनके माध्यम से समुदाय के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित किया जा सकता है। बैठक में डीआईओ डॉ. राजीव अंबष्ट, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्विलांस मेडिकल अफसर डॉ. कुणाल, पीरामल स्वास्थ्य, गांधी फेलोशिप और सीफार के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन निपुण बिहार के तहत उर्दू मध्य विद्यालय कुंईबार में स्पोर्ट्स-मेला सह वार्षिक समारोह, बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

निज संवाददाता। इमामगंज

प्रखंड अंतर्गत दुबहर पंचायत के कुंईबार गांव स्थित उर्दू मध्य विद्यालय कुंईबार में मिशन निपुण बिहार के तहत वार्षिक उत्सव सह स्पोर्ट्स मेला का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां बच्चों की मुस्कान और जोश ने हर किसी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा स्वयं तैयार किए गए शैक्षणिक मॉडल लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इन मॉडलों के माध्यम से बच्चों ने विज्ञान, गणित और पर्यावरण से जुड़े विषयों को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों ने सराहा। वार्षिक समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। बच्चों का आत्मविश्वास और मंच पर उनका उत्साह यह दर्शाता रहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे किसी भी मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं। स्पोर्ट्स मेला के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों के माध्यम से बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली। कार्यक्रम के समापन पर सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया। विद्यालय के प्रिंसिपल मोहम्मद सईद रजा खान ने कहा कि मिशन निपुण बिहार बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके मानसिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास की मजबूत नींव रख रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया गीता देवी, शिक्षक मनोज ठाकुर, कामाख्या सिंह, सनुउर खान, शिक्षिका नासिर खातून, रेणु कुमारी, शिव कुमारी, गीता देवी, रामदेव राम सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा की खुले दिल से सराहना की और ऐसे कार्यक्रमों को शिक्षा के लिए बेहद जरूरी बताया।

♦ कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया



## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेशी घुसपैठिए-रोहिंग्या को निकालने में मदद करे समाज

**बेगूसराय।** बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने धर्मांतरण के कारण दुनिया में मुसलमानों की आबादी बढ़ने पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने यहां के देसी मुसलमान से घुसपैठियों को निकालने में मदद करने की अपील की है। इसके साथ ही बंगाल की मुख्यमंत्री पर निशाना साधा और पेश होने वाले केंद्रीय बजट को देश का बजट बताया है। धर्मानांतरण के कारण मुसलमानों की संख्या तेजी से बढ़ने का सर्वे आने पर गिरिराज सिंह ने कहा है कि इस सर्वे पर लोग गहन चिंतन कर रहे हैं। यह सच है कि दुनिया में इस्लाम धर्म की आबादी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन मैं परेशान हूं कि बिहार और बेगूसराय में भी मुस्लिम धर्म वालों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। गिरिराज सिंह ने कहा कि बढ़ रही यह आबादी जांच का विषय है। हमने चुनाव के समय भी कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठिए और रोहिंग्या को बाहर करना है।

**बंगाल की जनता ममता से तबाह हैः** बंगाल की मुख्यमंत्री की ओर से चुनाव के लिए भेजे गए ऑब्जर्वर को हटाने की मांग पर गिरिराज सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बंगाल की सरकार ने ब्यूरोक्रेट को पॉलीटलाइज कर दिया है, सबको टीएमसी का वर्कर बना दिया है। बंगाल का चुनाव बंगाल के अधिकारियों के भरोसे संभव नहीं है। बंगाल की जनता ममता बनर्जी के अत्याचार से तबाह है, खास करके हिंदू बहुत परेशान हैं।

**नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलाः** आगामी बजट को लेकर गिरिराज सिंह ने कहा है कि देश का सौभाग्य है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री के रूप में नौवीं बार बजट पेश करेंगी। यह हम लोगों के लिए सौभाग्य की बात है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से ड्राइवर की मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में अपने ससुराल से मौसी के यहां मिलने जा रहे एक युवक की ई-रिक्शा से टक्कर के कारण मौत हो गई। घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के शंकरपुर बखड्डा गांव की है। मृतक की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के राजवाड़ा गांव के रहने वाले संतोष राय के बेटे दीपक कुमार (24) के रूप में की गई है। संतोष कुमार ससुराल से बाइक से निकला था। ससुराल से करीब 1 किलोमीटर आगे बढ़ते ही ई-रिक्शा की चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गया।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** घटना के बाद आसपास के लोग दौड़े और उसे उठाया, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मृतक के ससुराल वालों को मिली, तो लोग मौके पर पहुंचे। मटिहानी थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक के ससुर लालू कुमार कने बताया कि 6 महीने पहले संतोष की शादी हुई थी। संतोष प्राइवेट गाड़ी की ड्राइविंग का काम करते थे। अभी उनकी पत्नी रुपम मेरे घर पर शंकरपुर बखड्डा में रह रही है। कल संतोष अपने ससुराल आए थे, रात में यहीं रुककर आज मौसी से मिलने के लिए नयागांव जा रहे थे। रास्ते में ठाकुरबाड़ी के पास अचानक ई-रिक्शा आ गया। उससे बचने के चक्कर में ई-रिक्शा से एक्सीडेंट कर गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में सूचना दिया, तो हम मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### चाचा-चचेरे भाइयों ने पीटा, मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में मात्र 5 किलो जलावन चुराकर जलाने का आरोप लगाते हुए चाचा और चचेरे भाइयों ने पीट-पीट कर एक युवक को अधमरा कर दिया। आज बेगूसराय सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। घटना खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के तेतराही पथराहा गांव की है। मृतक की पहचान पथराहा वार्ड नंबर-10 के रहने वाले मोहम्मद यूसुफ के बेटे मोहम्मद जुबेर आलम (34) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर ड्राइवर जुबेर के चाचा और चचेरे भाइयों ने फूस वाले घर के छप्पर पर रखा जलावन चुराकर जलाने का आरोप लगाते हुए पहले तो गाली-गलौज की। विरोध करने पर पीट-पीट कर जुबेर को अधमरा कर दिया। गंभीर हालत में पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में उठाकर अस्पताल भेजा गया। जहां की आज इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी मन्नू खातुन ने बताया कि जुबेर ट्रैक्टर चलाते थे। रात में वह लेट से 10-11 बजे घर आते थे। गुरुवार की रात मेरे चचेरा देवर घर के आगे आग जलाकर दारू पी रहा था। उसने अपनी मां से चुरा कर घर पर से जलावन उतार कर आग जलाया था। मेरे पति के आते ही बेवजह गाली-गलौज करने लगा, उसे गाली देने से मना किया। लेकिन वह गाली गलौज करता रहा। हम अपने पति को किसी तरह लेकर घर चले गए। फिर सुबह वह लोग मेरे घर पर गाली-गलौज करने लगा। आरोप लगाया कि हमने उसका जलावन चुराकर जलाया है। लेकिन हम लोग गैस पर खाना बनाते हैं। हमने इसका विरोध किया, तो फिर से गाली गलौज करने लगा। उसके बाद मारपीट करने लगा।

**लाठी-डंडा पत्थर से जमकर पिटाई कीः** उस समय लोगों ने छुड़ा दिया तो मामला शांत हो गया था। फिर कल दोपहर में जुबेर काम करके घर लौटे, तो दरवाजे के बाहर ही लाठी-डंडा पत्थर से जमकर पिटाई कर दी। बच्चे लोग दौड़ कर आए तो घर में बताया फिर हम लोग पहुंचे, तो बाहर में जुबेर लहुलुहान हालत में पड़ हुआ था। छोटन, अली हसन और उनके बेटों ने मिलकर मारा है। 112 पर फोन करके सूचना दिया, तो पुलिस पहुंची और उठाकर खोदावंदपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से स्थिति गंभीर रहने पर कल शाम में सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पूरी रात सदर अस्पताल में इलाज चला, लेकिन कोई सुधार नहीं हो सकता और आज इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस में लाश का पोस्टमार्टम कराया है।

### सीताधार पर पुल निर्माण के दो वर्ष बाद भी रेल परिचालन नहीं हो पाया शुरू

**अररिया।** फारबिसगंज सरायगढ़ रेलखंड में सीताधार पुल निर्माण कार्य के दो वर्ष बीत जाने के बाद भी यहां से परिचालन शुरू नहीं हो पाया है।फारबिसगंज-सरायगढ़ रेलखंड के अमान परिवर्तन हो जाने के बाद सीताधार पर बनने वाले रेल पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण इस लाइन को जोगबनी से आने वाली रेल लाइन से जोड़कर ट्रेनों के परिचालन हेतु एक वैकल्पिक व्यवस्था तैयार किया था,जिस पर अभी तक परिचालन हो रहा है,जबकि सीताधार पर रेल पुल निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। महज 18 मीटर रेल पटरी बिछाने के कार्य को दो वर्ष से लंबित रखा गया है। मुख्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा भी इसका निरीक्षण कर ट्रेनों के परिचालन हेतु स्वीकृति दे दी गई।बावजूद इसके दरभंगा- सहरसा की ओर से आने वाली ट्रेने अभी भी पुराने वैकल्पिक मार्ग से ही चल रही है। फारबिसगंज स्थित केजे 65 रेलवे क्रॉसिंग पर दोनों ओर रेल पटरियां बिछी हुई है।परंतु महज 18 मीटर का हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया है,जो हैरत करने वाली है। मामले में रेल परामर्श दात्रि सदस्य बछराज राखेचा कहते हैं इस लाइन के लिंक नहीं होने के कारण सरायगढ़ ओर जोगबनी दिशा से आने वाली ट्रेनों में से किसी एक ट्रेन को अनावश्यक रूप से केजे 65 रेलवे क्रॉसिंग के पहले रुकना पड़ता है, जिसकी वजह से ट्रेनें तो लेट होती ही है, सुभाष चौक रेलवे क्रॉसिंग पर भी काफी लंबा जाम लग जाता है। उन्होंने इस संदर्भ में कटिहार रेल मंडल के यांत्रिक विभाग एवं परिचालन प्रबंधक से भी रेल लाइन को लिंक अप करने के मांग रखी है।वहीं पूर्व मध्य रेलवे की रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य विनोद सरावगी ने भी समस्तीपुर में हाल में संपन्न बैठक में इस मुद्दे को उठाया था। जहां रेल के पदाधिकारियों ने जानकारी दी थी कि इस आधे अधूरा निर्माण कार्य को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे कटिहार मंडल को ही पूरा करना है,क्योंकि यह उनके कार्यक्षेत्र में आता है।लेकिन महज 18 मीटर रेल पटरी के नहीं जुड़ने के कारण परिचालन अब तक रेल पुल से नहीं हो पा रहा है। जबकि रेलवे के लिए 18 मीटर पटरी बिछाना कोई बड़ा काम नहीं। इसके जुड़ जाने से सहरसा और दरभंगा की ओर आने जाने वाली ट्रेनें बिना किसी रूकावट निर्बाध रूप से परिचालित होने लगेगी।श्री सरावगी ने कहा कि कुछ घंटे के मेगा ट्रैफिक ब्लॉक से कार्य पूरा किया जा सकता है।

# लापता 2 नाबालिग लड़की मुंबई से मिली

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर से लापता दो छात्रां सोनाक्षी और जिया को पुलिस ने मुंबई से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों छात्रां 8 जनवरी को घर से स्कूल जाने के लिए निकली थीं, लेकिन उसके बाद से लापता हो गई थीं। 9 जनवरी को परिजनों ने बबरगंज थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए SSP के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया था। गठित टीम की मॉनिटरिंग सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह कर रहे थे। एसआईटी की 8 सदस्यीय टीम ने तीन जिलों में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और रेलवे टिकट से जुड़े साक्ष्यों की कड़ियों को जोड़ते हुए दोनों छात्राओं को सकुशल बरामद किया है। शनिवार को दोपहर 3 बजे बबरगंज पुलिस ने घटना की जानकारी लापता छात्रा के पिता को दी कि उनकी बेटी मुंबई में सकुशल है। लापता छात्रा के पिता थाना पहुंचे। पुलिस उन्हें SSP कार्यालय लेकर गई, जहां उन्होंने राहत की सांस ली और भागलपुर पुलिस को धन्यवाद दिया। सोनाक्षी की मां ने कहा कि यदि पुलिस इसी तरह सक्रिय रहे तो बिहार जरूर सुधरेगा। उन्होंने मीडिया कर्मियों का भी धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने हमारी आवाज बुलंद की, और उसी का नतीजा है कि आज मेरी बेटी सकुशल बरामद हुई है। मामले को लेकर SSP प्रमोद कुमार ने प्रेस वार्ता कर बरामदगी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी को सोनाक्षी के पिता ने बबरगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद से ही लगातार मामले की जांच की जा रही थी। एसआईटी टीम का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह कर रहे थे। इस अभियान में डीआईयू (DIU) की टीम को भी शामिल किया गया था। SSP ने बताया कि कई तकनीकी और मानवीय कड़ियों को जोड़ते हुए दिल्ली और मुंबई पुलिस से भी मदद ली गई। दोनों छात्राओं के मिसिंग फोटो भी जारी किए गए थे। अंततः मुंबई के डोंगरी सीएचसी के पास दोनों बच्चियों को सकुशल बरामद किया गया। मामले पर लापता छात्रा के पिता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 24 दिन बाद उनकी बच्चियों का सुराग मिल पाया है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि भागलपुर पुलिस की एक टीम परिजनों के साथ मुंबई रवाना हो रही है।

## माघ पूर्णिमा को लेकर सुल्तानगंज में प्रशासन सतर्क

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल अजगैविनाथ धाम में माघ पूर्णिमा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए शनिवार को स्थानीय प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने मंदिर परिसर, गंगा घाटों और मेला क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण दल में सुल्तानगंज थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संजीव कुमार और मुख्य पार्षद राज कुमार गुड्डू शामिल थे। उन्होंने नमामि गंगे घाट, अजगैविनाथ गंगा घाट, मंदिर परिसर और आसपास के मेला क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने अजगैविनाथ मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरी से भी मिलकर सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की।

**लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करेंगेः** अधिकारियों के अनुसार, माघ पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान और जलार्पण के लिए अजगैविनाथ धाम आते हैं। इसे देखते हुए दोनों प्रमुख घाटों पर भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई है। एसडीएम स्तर की टीम की तैनाती के साथ-साथ चेंजिंग रूम, पीने के पानी और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। मंदिर परिसर, गंगा घाट और मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही सीसीटीवी निगरानी, महिला पुलिस बल और आपातकालीन स्थितियों के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीम (QRT) भी तैयार रखी गई है।

## लापता छात्रा का सुराग नहीं

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में बबरगंज थाना क्षेत्र के वारसलीगंज और महेशपुर की रहने वाली 2 छात्राएं पिछले 24 दिनों से लापता हैं। घटना के इतने दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक लापता छात्राओं का कोई सुराग नहीं लगा पाई है। मामले में पुलिस अधीक्षक ने घटना के 8 दिन बाद एसआईटी का गठन जरूर किया, लेकिन 24 दिन बाद भी छात्राओं की बरामदगी नहीं होने से परिजन फूट-फूट कर रो रहे हैं। इधर, बीते 24 दिनों से परिजन अपनी बेटियों की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। बबरगंज थाना से लेकर एसपी, टीएसपी और डीएसपी कार्यालय तक लगातार चक्कर काट चुके हैं। अब परिजनों ने आईजी कार्यालय का दरवाजा भी खटखटाया है। हर जगह से उन्हें केवल यही आश्वासन मिला कि पुलिस जांच कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है। डीएसपी से गुहार लगाने के बाद परिजनों ने एसएसपी से भी मुलाकात की। इसके बाद वे पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार से मिले और दोनों छात्राओं की जल्द और सुरक्षित बरामदगी की मांग की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए लापता छात्रा सोनाक्षी के पिता सुबोध कुमार अपनी बेटी को याद कर फूट-फूट कर रो पड़े। उनका दर्द देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। उन्होंने कहा कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी जब बच्ची का कोई पता नहीं चलता है, तो माता-पिता पर क्या गुजरती होगी, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

**परिजन को आश्वासन मिलाः** वहीं, मामले को लेकर पुलिस महानिरीक्षक विवेक कुमार ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि जांच जारी है और जल्द ही नतीजा सामने आएगा। हालांकि, यही आश्वासन पिछले 23 दिनों से लगातार दोहराया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी टीम का गठन भी किया गया है, लेकिन अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि अब तक एसआईटी ने क्या कार्रवाई की और जांच किस दिशा में आगे बढ़ी है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से डरे हुए हैं।

## संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के पीरपैंती प्रखंड मुख्यालय में आज नीति आयोग की ओर से संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ट्रायसम भवन में दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान का औपचारिक उद्घाटन किया गया, जिससे कार्यक्रम को व्यापक सहभागिता और समर्थन मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 जिले में 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत आने वाले तीन महीने में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि से संबंधित 6 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (KPI) को 100 प्रतिशत संतृप्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए ग्राम स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन, डोर-टू-डोर संपर्क, थीम आधारित गतिविधियां और नियमित समीक्षा की जाएगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना है।

**जनभागीदारी की भूमिका पर विशेष जोर दियाः** आकांक्षी ब्लॉक फैलो तान्या ने संपूर्णता अभियान 1.0 की उपलब्धियों की जानकारी दी और अभियान 2.0 की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने विभागीय समन्वय, फील्ड लेवल मॉनिटरिंग और जनभागीदारी की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करना होगा, तभी अभियान अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन के लिए संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। जनप्रतिनिधियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी मदद का आश्वासन दिया और अपने सुझाव साझा किए। प्रखंड कार्यालय परिसर में रंगोली भी बनाई गई, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। संजीवनी गंगा के संस्थापक मो. अयाज के नेतृत्व में सैकड़ों बच्चों ने प्रखंड कार्यालय से रेलवे स्टेशन तक प्रभात फेरी निकालकर आम लोगों को अभियान के प्रति जागरूक किया।

# कूड़ा फेंकने को लेकर हिंसक झड़प

निज संवाददाता। बांका



♦ **अमरपुर के भिखनपुर गांव में दो पक्ष भिड़े, महिला समेत 5 घायल, 2 की हालत गंभीर, जांच जारी**

बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के भिखनपुर गांव में शनिवार को कूड़ा फेंकने को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में पहले पक्ष से श्रीनारायण शर्मा सलिल और उनके पुत्र प्रियवर्त शर्मा शामिल हैं। दूसरे पक्ष से राजीव शर्मा, उनकी पत्नी सोनी देवी और गोपाल शर्मा घायल हुए हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में डॉ. अमित कुमार शर्मा ने किया। श्रीनारायण शर्मा और उनके पुत्र प्रियवर्त शर्मा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया गया है।

**बीच-बचाव में आए बेटे को भी पीटाः** अस्पताल में भर्ती श्रीनारायण शर्मा सलिल ने बताया कि वह अपने घर के बाहर पीसीसी सड़क पर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर रहे थे। तभी उनके पड़ोसी राजीव शर्मा, उनकी पत्नी सोनी देवी और अन्य परिजनों ने सड़क पर कूड़ा फैला दिया। इसका विरोध करने पर उन लोगों ने ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। जब उनका पुत्र बीच-बचाव करने आया, तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया गया। वहीं, दूसरे पक्ष के घायल राजीव शर्मा ने बताया कि श्रीनारायण शर्मा आए दिन सड़क पर झाड़ू लगाकर सारा कूड़ा उनके दरवाजे पर फेंक देते थे। उन्होंने कई बार ऐसा करने से मना किया, लेकिन वह अपनी आदतों से बाज नहीं आए।

**झाड़ू लगाकर कूड़ा दरवाजे पर फेंकाः** शनिवार को फिर से श्रीनारायण शर्मा ने सड़क पर झाड़ू लगाकर कूड़ा उनके दरवाजे के पास फेंक दिया। इसका विरोध करने पर श्रीनारायण शर्मा और उनके पुत्र ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। जब उनके भाई और पत्नी बीच-बचाव करने आए, तो उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया गया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा ने बताया कि दोनों पक्षों के मामलों की जांच की जा रही है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूरी




निज संवाददाता। बांका

बांका में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2026 की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मुस्तैद है। इस संबंध में समाहरणालय सभागार में सभी केन्द्राधीक्षकों, दण्डाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने संयुक्त रूप से की। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, बांका जिले में कुल 33 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 22 हजार परीक्षार्थी इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के निर्देशों के आलोक में यह परीक्षा 02 फरवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 04 फरवरी और 08 फरवरी 2026 को कोई परीक्षा नहीं होगी। परीक्षा दोनों पालियों में होगी; पहली पाली सुबह 09:30 बजे से 12:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:00 बजे से 05:15 बजे तक चलेगी।

**जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिएः** ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखना, कदाचार की रोकथाम करना और परीक्षा का सफल संचालन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुपर जोनल और जोनल दण्डाधिकारी अपने आवंटित परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक परीक्षा दिवस दोनों पालियों में लगातार भ्रमणशील रहेंगे और अधीनस्थ पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

**दोपहर 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति होगीः** परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश का समय भी सख्ती से निर्धारित किया गया है। पहली पाली के परीक्षार्थियों को सुबह 09:00 बजे तक और दूसरी पाली के परीक्षार्थियों को दोपहर 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति होगी। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही,परीक्षार्थियों को जूता और मौजा पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित रहेगा; केवल चप्पल पहनकर ही प्रवेश की अनुमति होगी।

**महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गईः** प्रत्येक परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर अनिवार्य रूप से तलाशी (फ्रिस्किंग) की व्यवस्था की गई है। प्रवेश पत्र की जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया जाएगा। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। महिला परीक्षार्थियों के लिए महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगाः** परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन,ब्लूटूथ,पेजर,स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों के बाहर एवं आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा "आप सीसीटीवीकी निगरानी में हैं" संबंधी फ्लेक्स बोर्ड एवं पोस्टर भी लगाए गए हैं। विधि-व्यवस्था संधारण एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए अनुमंडल कार्यालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो अनुमंडल पदाधिकारी, बांका के नियंत्रणाधीन होगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06424-222225 जारी किया गया है।

## प्रेम विवाह के बाद लड़के को जबरन ले गए परिजन

निज संवाददाता। बांका



♦ **बांका में युवती के परिवार ने दी कोर्ट जाने की चेतावनी**

बांका के शंभूगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कुत्रथ गांव में तीन दिन पहले कराई गई एक प्रेम विवाह अब विवाद और तनाव का कारण बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार, गुरुवार को गांव वालों ने एक प्रेमी जोड़े को मिलते हुए पकड़ा था। पूछताछ के बाद दोनों की आपसी रजामंदी सामने आने पर ग्रामीणों की मौजूदगी में उनकी शादी करा दी गई। हालांकि, यह विवाह अब दोनों पक्षों के बीच गंभीर टकराव का रूप ले चुका है। शनिवार को परिजनों द्वारा इसकी जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि कुनय गांव की एक युवती करीब कंगना कुमारी (22) का बरियारपुर गांव निवासी युवक करीब सुशांत कुमार (23) से पिछले करीब 2 सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।प्रेमिका के बुलावे पर ही सुशांत बरियारपुर से कुत्रथ गांव पहुंचा था, जहां दोनों को ग्रामीणों ने एक साथ देख लिया। इसके बाद सामाजिक दबाव और सहमति के आधार पर विवाह संपन्न कराया गया।

**दो दिनों तक युवती के घर पर ही रहा लड़काः** शादी के बाद सुशांत दो दिनों तक युवती के घर पर ही रहा। इस दौरान गांव में यह चर्चा तेज हो गई कि युवक के परिजन इस विवाह से खुश नहीं हैं और इसे स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं।आशंका सही साबित हुई जब सुशांत के परिजन करीब दो दर्जन लोगों के साथ बाइक पर सवार होकर कुत्रथ गांव पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने युवती के घर में घुसकर गाली-गलौज की,धमकी दी और सुशांत को जबरन बाहर निकालकर अपने साथ ले गए।

**कुत्रथ गांव में तनाव का माहौल बनाः** इस घटना के बाद से कुत्रथ गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। युवती के परिजनों का कहना है कि शादी के बाद पति का इस तरह चले जाना और ससुराल पक्ष द्वारा विवाह को नकारना उनके लिए अपमानजनक और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जाते-जाते युवक के परिजनों ने गंभीर धमकियां दीं,जिससे पूरे परिवार में भय का वातावरण है। शनिवार को लड़की के परिजनों ने साफ कहा है कि यदि सुशांत अपनी पत्नी को स्वीकार नहीं करता है तो वे न्यायालय की शरण लेंगे। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह शादी दोनों की रजामंदी से कराई गई थी और अब किसी भी पक्ष द्वारा इसे नकारना गलत है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## ऐतिहासिक व्यापार समझौता, तरक्की के खुलेंगे नए रास्ते

इंडियन ईयू-एफटीए बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भारत अपनी आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने की राह पर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में अब भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक समझौता होने वाला है, जिसकी घोषणा द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में किए जाने की संभावना है। इसके तहत रक्षा क्षेत्र, समुद्री सुरक्षा एवं आतंक के खिलाफ साझा मोर्चेबंदी, भारतीय और यूरोपीय नागरिकों की आसान आवाजाही तथा वस्त्र उद्योग एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। यह समझौता इसलिए भी अहम होगा, क्योंकि माना जा रहा है कि इससे अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से निपटने के लिए भारत और यूरोपीय देशों के बीच साझा एवं व्यापक दृष्टिकोण विकसित होगा। अनुमान है कि इस समझौते से दो अरब लोगों का एक ऐसा बाजार बनेगा, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई हिस्सा होगा। इससे न केवल भारत के निर्यात को गति मिलेगी, बल्कि यहां के पेशेवरों के लिए यूरोपीय देशों में रोजगार पाने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाए जाने के बाद देश का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ है। नतीजतन, भारत अपने उत्पादों के लिए दुनिया के विभिन्न देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने के हर संभव प्रयास में जुटा है। हाल ही में भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार एवं व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को अंतिम रूप दिया है। इससे पहले ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए गए थे। यूरोपीय संघ के साथ भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार वर्ष 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मसलों पर आपसी सहमति न बनने के कारण वर्ष 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी। जून, 2022 में वार्ता को फिर से आगे बढ़ाया गया, जो निर्णायक रही। अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़े जानकारों का मानना है कि यह ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने में गुणात्मक बदलाव लाएगा।

## टी20 विश्व कप में उतरने को तैयार खिलाड़ी, कुछ ताकतें बांग्लादेश को अकेला कर रही?

बांग्लादेश की ओर से नाहक ही सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर भारत में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 में भाग न लेने के फैसले को खेल भावना के विपरीत माना जा रहा है। खेल भावना शांति, एकता और आपसी सम्मान का प्रतीक है, जो मतभेदों को भुलाकर विभिन्न देशों, उनके खिलाड़ियों और लोगों को भौगोलिक सीमा के दायरे से इतर एक साथ लाती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह सवाल भी चर्चा का विषय बन गया है कि बांग्लादेश का निर्णय क्या वास्तव में सुरक्षा चिंताओं का नतीजा है, या फिर मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अपनी सियासी कुंठा को छिपाने की रणनीति ।दरअसल, भारत और खुद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) बांग्लादेश के असुरक्षा संबंधी दावों को खारिज कर चुके हैं। इसके बावजूद अपनी जिद पर अड़े रहने का नुकसान आखिरकार बांग्लादेश को ही झेलना पड़ेगा, न केवल आर्थिक तौर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में साख गिरने के रूप में भी ।खेल के जानकारों का मानना है कि इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, अगर शुरू से ही खेल को खेल भावना से जोड़कर देखा जाता। पिछले दो हफ्तों में आइसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कई बार बातचीत की, पर गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े रहे। जबकि, खिलाड़ियों की सुरक्षा का जो मसला उठाया गया है, उसके पीछे मंशा कुछ और ही प्रतीत होती है ।माना जा रहा है कि असल में यह फैसला खेल की जमीन पर नहीं, बल्कि भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव की बुनियाद पर लिया गया है, जो खेल भावना के खिलाफ है। यह बात छिपी नहीं है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड लंबे समय से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है और टी20 विश्व कप में भाग न लेने से उसकी दिक्कतें और बढ़ेंगी। हालांकि इस विवाद के बीच बांग्लादेश के कुछ खिलाड़ियों के बयानों से ऐसे संकेत मिले हैं कि वे भारत में खेलने के इच्छुक हैं। इससे स्पष्ट है कि खेल भावना पर सियासत का रंग चढ़ाया जा रहा है।

*शरद पवार की पार्टी के साथ गठबंधन कर दोनों एनसीपी को एक मंच पर लाने की पहल उन्होंने खुद की थी। बहन सुप्रिया के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ कहा था कि परिवार में कोई मतभेद नहीं हैं और जनता चाहती है कि दोनों दल साथ मिलकर काम करें। यह सिर्फ राजनीतिक बयान नहीं था, बल्कि एक भावनात्मक स्वीकारोक्ति भी थी। देखा जाये तो अपने निधन से पहले अजित पवार कम से कम इतना तो कर ही गए।*

# सरल नहीं पर प्रभावशाली थे, आदर्शवादी नहीं पर निर्णायक थे अजित पवार

**(नीरज कुमार दुबे)**

अजित पवार ने 1982 में सहकारी क्षेत्र से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। वह चीनी मिल के बोर्ड में चुने गए और यहीं से बारामती की राजनीति में उनकी जड़ें मजबूत होती गईं। 1991 में वह पुणे जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष बने और उसी वर्ष बारामती से लोकसभा सांसद चुने गए। महाराष्ट्र की राजनीति को आज तब गहरा आघात लगा जब उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया। लैंडिंग के दौरान विमान में आई तकनीकी खराबी के बाद यह दुर्घटना हुई। हादसे की खबर फैलते ही राज्य भर में शोक की लहर दौड़ गई। देखा जाये तो अजित पवार महाराष्ट्र के उन नेताओं में थे जिन्होंने सत्ता के केंद्र में रहते हुए भी जमीन से नाता नहीं तोड़ा। वह भले ही कभी मुख्यमंत्री न बने हों, लेकिन राज्य में सबसे लंबे समय तक उपमुख्यमंत्री रहने का इतिहास उनके नाम दर्ज है। छह बार उपमुख्यमंत्री के रूप में सेवा देने वाले अजित पवार ने अलग-अलग सरकारों में अपनी प्रशासनिक पकड़ और राजनीतिक प्रभाव बनाए रखा। बारामती में अजित पवार की राजनीति का सबसे बड़ा प्रमाण उनका काम खुद था। वह उन गिने चुने नेताओं में थे जिनके लिए अपना खुद का चुनाव प्रचार एक औपचारिकता भर था। विधानसभा चुनावों में वह हमेशा समय पर अपना नामांकन दाखिल करते थे, लेकिन उसके बाद बारामती की गलियों में शायद ही कभी उन्हें प्रचार करते देखा गया। जनता जानती थी कि किसे वोट देना है, इसलिए जनता ही उनका प्रचार करती थी। अजित पवार का भरोसा नारों पर नहीं, काम पर था। इसी आत्मविश्वास के चलते वह बारामती से निश्चिंत रहकर राज्य के दूसरे इलाकों में पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में जुट जाते थे। बारामती उनके लिए सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र नहीं था, वह उनका कर्मक्षेत्र था, जहां उन्होंने यह साबित किया कि जब विकास बोलता है तो नेता को खुद बोलने की जरूरत नहीं पड़ती। अजित पवार ने 1982 में सहकारी क्षेत्र से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। वह चीनी मिल के बोर्ड में चुने गए और यहीं से बारामती की राजनीति में उनकी जड़ें मजबूत होती गईं। 1991 में वह पुणे जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष बने और उसी वर्ष बारामती से लोकसभा सांसद चुने गए। बाद में उन्होंने यह सीट शरद पवार के लिए खाली की। इसके बाद वह बारामती से सात बार विधायक बने। उनके परिवार में पत्नी सुनेत्रा पवार और दो पुत्र जय और पार्थ हैं। सहकार से सत्ता तक का उनका सफर बारामती से शुरू हुआ और वहीं समाप्त हुआ। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन के बाद अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को चुनाव आयोग ने पार्टी का मूल नाम और चुनाव चिन्ह सौंपा था। यह गुट भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति के साथ जुड़ा। वहीं उनके चाचा और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने अलग रह कर एनसीपी-एससीपी का नेतृत्व संभाला। यह विभाजन महाराष्ट्र की राजनीति का सबसे भावनात्मक और निर्णायक मोड़ माना गया। दोनों पक्षों का विवाद अदालत के दरवाजे तक पहुँचा लेकिन हाल के दिनों में पवार परिवार एकजुट नजर आ रहा था। हम आपको याद दिला दें कि 2024 के लोकसभा चुनावों में अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को अपनी चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उतार कर पारिवारिक और राजनीतिक रिश्तों में तीखापन ला दिया था, लेकिन समय के साथ उन्होंने यह स्वीकार किया था कि वह फैसला एक भूल था। राजनीति के उस कठोर दौर के बाद हालिया निकाय चुनावों में उन्होंने जिस परिपक्वता का परिचय दिया, वह उनके व्यक्तित्व का दूसरा और अधिक मानवीय पक्ष सामने लाता है। शरद पवार की पार्टी के साथ गठबंधन कर दोनों एनसीपी को एक मंच पर लाने की पहल उन्होंने खुद की थी। बहन सुप्रिया के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ कहा था कि परिवार में कोई मतभेद नहीं हैं और जनता चाहती है कि दोनों दल साथ मिलकर काम करें। यह सिर्फ राजनीतिक बयान नहीं था, बल्कि एक भावनात्मक स्वीकारोक्ति भी थी। देखा जाये तो अपने निधन से पहले अजित पवार कम से कम इतना तो कर ही गए कि उन्होंने परिवार से सुलह कर ली, टूटे रिश्तों को जोड़ दिया और महाराष्ट्र की राजनीति को यह संकेत दे दिया कि टकराव नहीं, संवाद ही आगे का रास्ता है। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में अजित पवार ने पृथ्वीराज चव्हाण, देवेंद्र फडणवीस, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे जैसे मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया। गठबंधनों के बदलते दौर में भी अपनी उपयोगिता और असर बनाए रखना उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी रही। अजित पवार चूंकि केंद्र और महाराष्ट्र में सत्तारुढ़ एनडीए के प्रमुख घटक थे इसलिए उनका निधन बड़ा राजनीतिक नुकसान भी है। देखा जाये तो अजित पवार का जाना सिर्फ एक व्यक्ति का जाना नहीं है, यह उस राजनीतिक शैली का अंत है जो चुपचाप काम करने में यकीन रखती थी। उनकी राजनीति प्रशासनिक पकड़, आंकड़ों की समझ और सत्ता की नस पहचानने की कला से बनी थी। शरद पवार की विशाल छाया में राजनीति शुरू करना आसान था, लेकिन उस छाया से निकलकर अपनी पहचान बनाना बेहद कठिन था। अजित पवार ने यह कठिन रास्ता चुना। वह हमेशा इस द्वंद्व में रहे कि उन्हें उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाए या एक स्वतंत्र नेता के रूप में। शायद इसी बेचैनी ने उन्हें बार-बार जोखिम लेने के लिए प्रेरित किया। 2023 की वह सुबह भारतीय राजनीति के सबसे नाटकीय क्षणों में गिनी जाती है जब उन्होंने अचानक सत्ता का समीकरण बदल दिया था। उनकी काफी आलोचना हुई, अविश्वास भी पैदा हुआ, लेकिन यह भी सच है कि उसी क्षण ने उन्हें निर्णायक नेता के रूप में स्थापित किया। बाद में चुनाव आयोग का फैसला उनके पक्ष में जाना इस बात का संकेत था कि राजनीति में साहस कई बार वैधता भी दिला देता है। अजित पवार की राजनीति नैतिकता के आदर्शों की किताब से कम और यथार्थ की जमीन से ज्यादा निकली थी। यही कारण है कि वह आलोचकों के निशाने पर भी रहे और समर्थकों के भरोसे का केंद्र भी बने। वह जानते थे कि सत्ता स्थायी नहीं होती, लेकिन प्रभाव बनाया जा सकता है। उन्होंने वही किया। विभिन्न लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान मैंने खुद देखा कि वह समर्थकों और कार्यकर्ताओं के कितने करीब रहते हैं और सबकी बातें ध्यान से सुनते हैं। यही कारण था कि बारामती में खासतौर पर अजित दादा के नाम का बोलबाला हर जगह देखने को मिलता है। आज जब उनका जाना अचानक और असमय हुआ है, महाराष्ट्र की राजनीति एक खालीपन महसूस कर रही है। यह खालीपन सिर्फ पद का नहीं, उस अनुभव का है जो दशकों में गढ़ा जाता है। आने वाले समय में यह सवाल और तीखा होगा कि क्या कोई नेता सहकार से सत्ता तक के इस रास्ते को फिर उसी धार और दृढ़ता से तय कर पाएगा।

# दुनिया जल के वैश्विक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है

**(ललित गर्ग)**

दरअसल, जल संकट अब 'वाटर स्ट्रेस' से आगे बढ़कर 'ग्लोबल वाटर बैंक्रप्सी' यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। 'जल है तो जीवन है'-यह पंक्ति कोई नारा भर नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का शाश्वत सत्य है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं। किंतु विडंबना यह है कि जिस जल को हम जीवन का आधार मानते हैं, वही आज सबसे अधिक संकटग्रस्त संसाधन बन चुका है। देश-दुनिया में जल संकट के हालात विकराल हो चुके हैं और यह संकट अब केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार और मूल्यहीन शासन का भी परिणाम बनता जा रहा है। विश्व स्तर पर लगभग 25 देश अत्यधिक जल तनाव से जूझ रहे हैं। चार अरब से अधिक लोग वर्ष में कम से कम एक माह पानी की गंभीर कमी का सामना करते हैं। मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्र इस संकट की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। यहां 60 करोड़ से अधिक लोग उच्च जल तनाव वाले क्षेत्रों में रहते हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि चेन्नई, बेंगलूरु और दिल्ली जैसे महानगरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। दरअसल, जल संकट अब 'वाटर स्ट्रेस' से आगे बढ़कर 'ग्लोबल वाटर बैंक्रप्सी' यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। यह संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है। जल संकट का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कृषि, उद्योग और ऊर्जा-तीनों ही क्षेत्र पानी पर निर्भर हैं। जब खेतों को पानी नहीं मिलता, उद्योग ठप होते हैं और बिजली उत्पादन प्रभावित होता है, तो देश की जीडीपी में 6 प्रतिशत तक की कमी का खतरा उत्पन्न हो जाता है। आमजन के लिए यह संकट जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है। जहां पानी पर्याप्त है, वहां बर्बादी हो रही है और जहां पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय बनाया है। जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में ऐतिहासिक पहल हैं। जल जीवन मिशन का लक्ष्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। अटल भूजल योजना भूजल के सतत प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना हर खेत को पानी के संकल्प को साकार करने का प्रयास है। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। इन योजनाओं ने निश्चित रूप से जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत किया है। कई क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनी हैं, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला है और भूजल पुनर्भरण के प्रयास हुए हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5990

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5989

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 5990

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | |
| ■ | 8 | | ■ | 9 | | 10 | |
| 11 | | ■ | 12 | | ■ | | ■ |
| ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| 19 | | ■ | | ■ | 20 | | |
| 21 | | ■ | | 22 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. भारत के इस पडौसी देश में 6 जून 1995 को बाल अपराध अथवा उनकी फांसी की सजा प्रतिबंधित की गई (4)
4. माता सरस्वती का एक नाम (3)
6. जमीन से उगने वाला पेड़, पौधे आदि (4)
8. सुखभोग, चसका (2)
9. पार लगना, उद्धार होना (4)
11. अनुराग, प्रेम, लालसा (2)
12. केकड़ा, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
13. काव्यमर्मज्ञ, रस लेने वाला (3)
14. पश्चिम अफ्रीका के दश सेनेगल की यह राजधानी है, उर्ध्ववायु को मुंह से निकलती है (3)
16. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
17. जबड़े की हड्डी (2)
18. जामन डालकर जमाया हुआ दूध (2)
19. सप्ताह का दिन प्रहार करने की क्रिया (2)
20. शक, संदेह, भ्रम (2)
21. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
22. विस्तार पूर्वक कथन (3)

**ऊपर से नीचे**
1. कुंती का एक नाम पृथा भी था इसलिए अर्जुन का एक नाम यह भी है (2)
2. स्तुति करने वाला (3)
3. महिला ईसाई पादरी यह कहलाती है (2)
4. काइंया, चालाक (3)
5. गर्म धातु से शरीर पर निशान लगाना (3)
7. अग्नि की चिंगारी को यह अंग्रेजी में कहते है (3)
8. पतिव्रता (उर्दू) (6)
10. फागुन की पूर्णिमा को होने वाला हिंदुओं का एक त्यौहार, होली (6)
12. क से ह तक की वर्णमाला (4)
15. महादयाल, कृपा, दया करने वाला (3)
16. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्षी (3)
20. अक्षर, जाति, रंग (2)

### वर्ग पहेली 5989 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | नि | या | मि | र्जा | ■ | बु | ध |
| ब | दा | ■ | ल | ■ | सा | ज | न |
| र | न | क | ना | ■ | ■ | दि | वा |
| म | ■ | र्म | ■ | फि | स | ल | न |
| ती | ज | ■ | आ | रो | ही | ■ | ■ |
| ■ | या | ■ | ग | जा | ■ | स | जा |
| ■ | प्र | जा | ■ | बा | हु | ब | ली |
| कु | दा | ल | ■ | द | ■ | ब | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन उत्तम राजयोग का सृजन कर रहा है। आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। हो सकता है कुछ आकस्मिक लाभ भी हो जाए। सायंकाल से लेकर रात्रि तक शुभ व धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। सत्कर्म में खर्चा हो सकता है।आपके पराक्रम और साहस से लाभ के बड़े अवसर प्राप्त होंगे। इस दिन विदेश से जुड़ा काम करने वाले लोगों को विशेष सफलता प्राप्त होगी।

### वृष
आज शत्रु पक्ष की कुचेष्टाएं आपको परेशान करेंगी। आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करें।कल के दिन आपको राजनीतिक और सामाजिक संपर्क से फायदा भी मिलेगी। अगर करियर में बदलाव की सोच रहे हैं तो आपको जल्द कोई मौका मिल सकता है। वहीं, आपका वैवाहिक जीवन भी सुखद ही नजर आ रहा है।

### कर्क
आज पुराने किसी महान सत्तारूढ़ पुरुष की कृपा से मंत्री पद की प्राप्ति भी हो सकती है। चार पांच माह पूर्व खोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल जाएगी। सायं से लेकर रात्रि तक सक्रिय राजनीति में बिजी रहेंगे। आपके लिए आज सितारे बताते हैं कि किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा करने से बचें नहीं तो लोग मित्र बनकर आपको नुकसान भी पहुंचा सकता हें।

### सिंह
जितना भी हो सके आज आप अपने परिवार और रोजगार को ही ठीक तरह से संभालने की चेष्टा करें। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक कमी को भी इस वक्त परेशानी नहीं। अगर संतान के विवाह का प्रसंग प्रबल है तो पंडित या पुरोहित में गंभीरता पूर्वक संपर्क करें।

### मिथुन
आज आप अपने किए कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। रात्रि का समय किसी सामाजिक समारोह में सम्मिलित होने का है।बड़े बाई के सहयोग से किसी रुके हुए कार्य में आपको सफलता मिल सकती है। सामाजिक क्षेत्र में भी मान-सम्मान मिलेगा और प्रतिष्ठा पढ़ेगी।

### कन्या
आजकल एकदम से बहुत सारे काम आपके आगे पीछे आ रहे हैं। आपके विरोधी भी कुछ एसी चाल चल रहे हैं कि आप फालतू कामों में उलझे रहे हैं। आपको अपनी पोजीशन स्पष्ट करनी है, तो फिर अपने वरिष्ट अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें।

### तुला
वैसे तो आप इस प्रकार के काम करते रहते हो जो दूसरों के लिए जोखिम भरे होते हैं। लेकिन यह सब आपके परिजनों के लिए आम बात है और आपके कार्य क्षेत्र के रिस्क से उनका कोई लेना देना भी नहीं है। नया वाहन आने से हर्ष रहेगा। नौकरी में बदलाव के लिए प्रयास करने वाले जातकों को आज कुछ सकारात्मक खबर मिल सकती है।

### वृश्चिक
आज आपका घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। सायंकाल तक आप अपना कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर पायेंगे। रात्रि का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में व्यतीत होगा।वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

### मकर
आज आप जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं, उसका निदान आज करना है। क्योंकि जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि युक्तिसंगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात्रि में माता को अकस्मात् कष्ट संभव है।

### कुंभ
आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगती हैं तो सभी काम एक-एक कर बनने लगते हैं और व्यर्थ की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने लगते हैं। आप आज सेहत के मामले में अपना ध्यान रखें आपको आज पित्त से संबंधित समस्या होने की भी आशंका रहेगी, जिन लोगों को बवासीर की समस्या है।

### धनु
आज दिन भर प्रतिद्वंद्वियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अकस्मात् आशा से अधिक लाभ व प्रगति होने से खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। कोई पारिवारिक व्यक्ति आपके पेट में घुसने का प्रयास करेगा उससे सावधान रहें और अपनी प्रगति का रहस्य उसे न बताएं।

### मीन
आज काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है, अब उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आप के सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान विज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी। सायंकाल का समय मौज मस्ती में बीतेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### बदहाल स्कूल देख अधिकारी का चढ़ा पारा, कहा- 'परीक्षार्थी परीक्षा देंगे या धूल फांकेंगे?'

**लातेहार, एजेंसी।** तीन फरवरी से शुरू होने वाली इंटरमीडिएट तथा मैट्रिक परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को बीडीओ रेश्मा रेखा मिंज ने विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय की स्थिति देख बीडीओ ने गहरी नाराजगी जतायी। विद्यालय के कमरों की दीवारों पर जाले लटके मिले और बेंच-डेस्क धूल से पटे हुए थे। साफ-सफाई के अभाव और बदहाली को देख बीडीओ ने विद्यालय प्रबंधन को कड़ी फटकार लगायी। बीडीओ ने बालिका उच्च विद्यालय और राजा मेदनीराय इंटर कॉलेज का भी दौरा किया। प्लस टू स्कूल में सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे, शौचालय की लाइट और पंखों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पायी गयी। स्मार्ट क्लास और पेयजल व्यवस्था की जांच के दौरान मिली खामियों को देख बीडीओ ने प्रबंधन को तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया। बीडीओ ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि परीक्षा शुरू होने से पहले पूरे परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करें और परीक्षार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं जैसे बिजली, पंखा और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा कई शिक्षक उपस्थित थे।

### सेक्टर 6 में सिर कूचकर महिला की हत्या, अर्द्धनग्न मिला शव

**बोकारो, एजेंसी।** सेक्टर छह थाना की पुलिस टीम ने सिटी कॉलेज से 500 मीटर दूर स्थित एक मैदान से शुक्रवार को अज्ञात महिला (लगभग 50 वर्ष) का अर्द्धनग्न शव बरामद किया। महिला की पहचान छिपाने के लिए उसके सिर को किसी वजनदार सामान से बुरी तरह कूच दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर एसपी हरविंदर सिंह दल-बल के साथ पहुंचे। एसपी श्री सिंह के निर्देश पर डॉग स्क्वायड और विधि प्रयोगशाला की टीम पहुंची। छानबीन शुरू कर दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना गुरुवार की देर रात की हो सकती है। घटना में कई लोग शामिल होंगे। चास अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव मोर्चरी में रखा गया है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जानकारी के अनुसार सेक्टर छह के कुछ लोग मॉर्निंग वॉक के लिए मैदान की तरफ गये थे। महिला का अर्द्धनग्नावस्था में पेट के बल पडा शव देखा। जिसका सिर लहुलूहान अवस्था में कूचा हुआ था। शव के आसपास महिला के कपड़े (साड़ी, पेटीकोट सहित अन्य) बिखरे थे। स्थानीय लोगों ने जानकारी सेक्टर छह थाना इंस्पेक्टर संगीता कुमारी को दी। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद इंस्पेटर ने शव को नजदीक पड़े शॉल से ढक दिया। इसके बाद एसपी श्री सिंह को सूचित किया। एसपी श्री सिंह की सूचना के बाद मौके पर बीएस बीएस सिटी इंस्पेक्टर सुदामा दास, हरला इंस्पेक्टर खुर्शीद आलम भी पहुंचे। डॉग स्क्वायड टीम के साथ श्री दास पैदल लगभग दो किलोमीटर सेक्टर 11 से आनेवाले ड्रेनेज के समीप डॉग के साथ पहुंचे। डॉग इसके बाद आगे नहीं जा सका। आसपास के क्षेत्र में लगभग दो से तीन घंटे सर्च अभियान चलाया गया। दूसरी ओर पुलिस बोकारो कॉलेज के मुख्य द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की छानबीन कर रही है। शव की शिनाख्त को लेकर पुलिस की टीम बायोमिट्रिक मशीन उपयोग करेगी। ताकि महिला की अंगुली के जरिये आधार कार्ड या अन्य डिजिटल कागजात के आधार पर महिला की पहचान की जा सके। इसके अलावा हत्यारोपितों को खोजने के लिए पुलिस घटनास्थल पर एक्टिव मोबाइल को भी सीडीआर के माध्यम से खोजेगी। इसके लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घटनास्थल की सुरक्षा को लेकर सेक्टर छह पुलिस की एक टीम को लगाया गया है।

### साहिबगंज की आईडी से पाकुड़ में बनाया जा रहा आधार कार्ड, छापेमारी में एक गिरफ्तार

**पाकुड़, एजेंसी।** जिले के सदर प्रखंड के कांकड़बोना में अवैध तरीके से आधार बनाए जाने के मामले का खुलासा हुआ है। यूआईडीएआई के परियोजना पदाधिकारी रितेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुफस्सिल थाना प्रभारी गौरव कुमार द्वारा की गई संयुक्त छापेमारी से यह खुलासा हुआ है। पुलिस ने अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाये जाने के मामले में मुस्ताक शेख को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी के दौरान लैपटॉप, प्रिंटर, थम्ब, आइरिस स्कैनर, बनाया गया आधार कार्ड और इनरॉल के लिए रखे गए फॉर्म को जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आरोपी मुस्ताक शेख साहिबगंज जिले के पतना बीआरसी शब्बीर शेख की आईडी है। जिसको आरोपी द्वारा कांकरबोना स्थित अपने घर में अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाने के लिए इस्तेमाल कर रहा था।अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाए जाने के इस मामले में युआईडीएआई के परियोजना पदाधिकारी रितेश कुमार श्रीवास्तव की लिखित शिकायत पर पतना प्रखंड संसाधन केंद्र को आवंटित आईडी संचालक शब्बीर शेख और मुस्ताक शेख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

---

**मेदिनीनगर नगर निगमः क्या बनेगा मुद्दा? पानी, जाम या खास महाल, मजदूरों के लिए**

# सार्वजनिक स्थल पर नहीं है कोई सुविधा

**पलामू, एजेंसी।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो चुकी है। राज्य के 9 नगर निगम में से एक पलामू का मेदिनीनगर नगर निगम भी है, यहां चुनाव हो रहे हैं। मेदिनीनगर एक ऐतिहासिक शहर है जो डाल्टनगंज के नाम से जाना जाता है। राज्य की सरकार इसे मेदिनीनगर लिखती है जबकि केंद्र सरकार इसे डाल्टनगंज लिखती है। 2004 में राज्य सरकार ने डाल्टनगंज का नाम बदलकर मेदिनीनगर कर दिया था।



मेदिनीनगर चेरो वंश के प्रतापी राजा मेदिनी राय के नाम पर रखा गया है। अंग्रेजों के शासनकाल में कर्नल डाल्टन ने 1880 के आसपास इस शहर को बसाया था। 1880 में मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) पालिका बना था जबकि मई 2015 यह नगर निगम में अपग्रेड हुआ है। मेदिनीनगर नगर निगम, पलामू प्रमंडल का सबसे बड़ा शहर है। यहां कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, डीसी एवं एसपी बैठते हैं। इसी शहर में यूनिवर्सिटी और मेडिकल कॉलेज भी हैं। झारखंड में एकमात्र बाघों के लिए संरक्षित एरिया पलामू टाइगर रिजर्व का ऑपरेशनल कार्यालय भी मेदिनीनगर में मौजूद है।

मेदिनीनगर नगर निगम, तीन तरफ से नदियों से घिरा है। नगर निगम क्षेत्र से कोयल, अमानत एवं गुरुसूती नदी गुजरती है। निगम क्षेत्र में ही अमानत, कोयल एवं अमानत गुरसूती नदी का संगम मौजूद है।

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 158941 लोगों की आबादी है, जिसमें 129034 मतदाता हैं। निगम क्षेत्र में 35 वार्ड है जिसमें 65827 पुरुष जबकि 63206 महिला मतदाता हैं। निगम क्षेत्र में एक ट्रांसजेंडर वोटर भी है। नगर निगम क्षेत्र में 35 वार्ड हैं। 2018 में नगर निगम के चुनाव में अरुणा शंकर, पहली मेयर बनी थीं, जबकि मंगल सिंह डिप्टी मेयर। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 132 मतदान केंद्र हैं।

मेदिनीनगर नगर निगम, पूरे झारखंड में जल संकट के लिए चर्चित है। गर्मी के दिनों में नगर निगम भीषण पेयजल की संकट से जूझता है। कई वार्ड ड्राई जोन हो जाते हैं, जबकि दर्जनों घरों का बजट पानी के कारण बिगड़ जाता है। मेदिनीनगर को पेयजल के संकट से दूर करने के लिए शहरी पेयजल आपूर्ति योजना फेज 2 की भी शुरुआत हुई है। शहर जाम के संकट से जूझता है, अधिकांश इलाके में स्थाई पार्किंग नहीं है। मेदिनीनगर में 1893 लोग खास महाल जमीन की लिस्ट धारक हैं, जिनमें से 50 से अधिक लोगों ने लीज का नवीनीकरण कराया है। लीज नवीकरण एक बड़ी समस्या है। लीज नवीकरण नहीं होने से शहर का व्यावसायिक विकास प्रभावित हुआ है।

मेदिनीनगर में रहने वाले नवीन तिवारी ने कहा कि मेदिनीनगर पिछली बार नगर निगम बना है। कुछ कार्य हुए हैं लेकिन और भी बेहतर कार्य हो सकते हैं। शहर की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। मोहल्ले में 30 से 35 चापाकल लगाए गए लेकिन पेयजल संकट दूर नहीं हुआ। यह शहर अप्रवासियों का शहर हो जाएगा।

स्थानीय निवासी प्रभात अग्रवाल ने बताया कि रोड और नाली की समस्या बड़ी है। बारिश के दिनों में नाली का पानी सड़क पर आ जाता है। नगर निगम क्षेत्र में कार्य हुए हैं लेकिन और बेहतर करने की जरूरत है। नगर निगम क्षेत्र के लोगों को अधिकार के साथ-साथ सिविक जानकारी भी रखनी होगी। कचरा कहां फेंकना है? यह भी लोगों को जानना जरूरी है ताकि यह शहर साफ एवं स्वच्छ रह सके।

वहीं एक और निवासी इम्तियाज अहमद नजमी ने बताया कि यह शहर नदियों के संगम पर मौजूद है लेकिन जल के संकट से जूझता रहता है। खास महाल एवं पानी और सड़क जाम बड़ी समस्या है। नगर निगम क्षेत्र में काफी कुछ करने की जरूरत है ताकि इलाके का विकास हो सके।

# पलामू में दामाद ने ससुर की चाकू मारकर की हत्या

**छतरपुर (पलामू), एजेंसी।** छतरपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां दामाद ने अपने ससुर सुनील यादव (50 वर्ष) की चाकू मारकर हत्या कर दी, जबकि पत्नी पूजा देवी (22 वर्ष) और साली कविता कुमारी (16 वर्ष) को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी दामाद मौके से फरार हो गया।

मृतक के स्वजनों के अनुसार आरोपी की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के सोवा बरैया गांव निवासी लवकुश यादव के रूप में हुई है। लवकुश की शादी कुछ वर्ष पूर्व गम्हरिया गांव निवासी सुनील यादव की पुत्री पूजा देवी से हुई थी।

शादी के कुछ महीनों बाद से ही लवकुश द्वारा छोटी-छोटी बातों को लेकर पूजा देवी के साथ मारपीट की जाती थी। इसको लेकर गांव में कई बार पंचायत भी हो चुकी थी। स्वजनों ने बताया कि लवकुश दिल्ली में मजदूरी करता था और गुरुवार की रात दिल्ली से सीधे अपने ससुराल गम्हरिया पहुंचा था।

देर रात किसी बात को लेकर वह अचानक गुस्से में आ गया और चाकू से हमला कर अपने ससुर सुनील यादव की हत्या कर दी। जब पत्नी पूजा देवी और साली कविता कुमारी बीच-बचाव करने आई तो आरोपी ने उन्हें भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना छतरपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था।

इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायल पूजा देवी और कविता कुमारी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल छतरपुर थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद से मृतक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# देवघर में प्रिज्मा एआई युवाओं को बनाएगी एआई इंडस्ट्री के लायक, मिलेगा रोजगार

**देवघर, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में विश्व स्तरीय कंपनी प्रिज्मा एआई देवघर एसटीपीआई में सेंटर खोलने की मंशा से पूर्वी भारत के पहले एआई सेमिनार में भाग लेने आयी है।

सिंगापुर की कंपनी के सीईओ डॉ। श्रीराम अय्यर ने जागरण से बातचीत में बहुत स्पष्ट किया कि तेज तर्रार युवाओं का चयन कर रोजगार देंगे और उसे प्रशिक्षण देकर एआई के लायक बना देंगे। उसका वेतन उसके बौद्धिक क्षमता पर तय होगा।

सीईओ ने कहा कि मकसद एआई इंडस्ट्री के लायक युवाओं को तैयार करना है। प्रिज्मा एआई एक अवसर लेकर आया है। छह महीना का कोर्स होगा जिसमें प्रशिक्षण देकर कंपनी की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

ट्रेनिंग के समय छात्रवृति भी मिलेगी। बाद में उनकी दक्षता के हिसाब से वेतन मिलेगा। सुनहरा अवसर है उन युवाओं के लिए जो वर्तमान समय की मांग के अनुरूप अपना कैरियर बनाना चाहते हैं।



एआई में पीएचईडी डॉ। अय्यर के पास इस क्षेत्र का लंबा अनुभव है। जो जर्मन की इस कंपनी को 2013 में क्रय कर भारत की कंपनी बना दिया।

उन्होंने कहा कि एआई एक प्लेटफार्म है जो कंप्यूटर टेक्नोलॉजी पर चलता है। एक सौ चलकर एक हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य है। पहले तो उन युवाओं को प्रिज्मा में नौकरी मिलेगी।

बाद में उसे उस लायक बना दिया जाएगा कि वह दुनिया में कहीं भी नौकरी कर सकता है। डॉ। अय्यर ने बताया कि चयनित युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा कि वह एआई के लिए किस तरह डेटा तैयार करेंगे। उसे अपलोड करेंगे। वह जितनी कुशलता से डेटा तैयार कर अपलोड करेंगे, कैमरा उतना ही सही डेटा देगा। मशीन को इतना सीखा दिया जाता है कि वह खुद सीखकर निर्णय ले सके। एक उदाहरण देकर इसे स्पष्ट किया कि जैसे मशीन को दस इमेज दिया गया। अब जब मशीन उसे सीखकर डेटा देगा तब माना जाता है कि मशीन सीख रहा है। एल्गोरिथम पर फोकस होता है।

# सड़क सुरक्षा माहः सड़क पर उतरे 'यमराज', बोले- ट्रैफिक नियम का पालन करें वरना खुलेगा यमलोक का रास्ता

**धनबाद, एजेंसी।** तेज रफ्तार, लापरवाह ड्राइविंग और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर धनबाद पुलिस ने शुक्रवार को एक अनोखी जागरूकता पहल की। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन विभाग के सहयोग से मेमको मोड़ पर नुक्कड़ नाटक के जरिए आम लोगों को यातायात नियमों का महत्व समझाया गया।



कार्यक्रम के दौरान पुलिस का अलग ही रूप देखने को मिला। यहां पुलिस सिर्फ चालान काटने के बजाय लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करती नजर आई। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने और तेज रफ्तार के खतरों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। नाटक में 'यमराज' के किरदार ने लोगों को यह संदेश दिया कि ट्रैफिक नियमों की अनदेखी सीधे मौत को दावत देने जैसी है। सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ें हालात की गंभीरता को दर्शाते हैं। वर्ष 2025 में जिले में करीब 350 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें लगभग 250 लोगों की मौत हो चुकी है। इन आंकड़ों को देखते हुए एसएसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस विभाग ने सड़क पर उतरकर लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया। एसएसपी प्रभात कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान से पैसा कमाना नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस चाहती है कि लोग डर के कारण नहीं, बल्कि समझदारी से ट्रैफिक नियमों का पालन करें। हेलमेट और सीट बेल्ट को उन्होंने जीवन रक्षक बताते हुए सभी वाहन चालकों से इनका नियमित उपयोग करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि 1 फरवरी से जिले में विशेष जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बाइक के पीछे बैठने वाले यात्री के लिए भी हेलमेट अनिवार्य किया जाएगा। साथ ही अवैध और गलत नंबर प्लेट, चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म तथा सीट बेल्ट की अनदेखी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में जिले में 5 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

# जामताड़ा में तीन लाख रुपए की अवैध शराब जब्त

**जामताड़ा, एजेंसी।** जामताड़ा जिले में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में, एसपी राजकुमार मेहता को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने लगभग तीन लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब जब्त की है।

उत्पाद अधीक्षक कुणाल कोशल ने जानकारी देते हुए बताया कि केंदबेना के पास एक ब्रिज के पास खड़े ट्रक में अवैध शराब के भंडारण और तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद, उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर ट्रक को जब्त किया। तस्करों ने शराब को छिपाने के लिए ट्रक में नीचे अवैध शराब रखकर ऊपर से जूट के बोरे रखे थे, जिससे किसी को भनक नहीं लगती थी।

छापेमारी के दौरान, ट्रक से नीले रंग के 35 जार में कुल 1050 लीटर स्पिरिट बरामद हुई। इसके अतिरिक्त, ऑफिसर चॉइस ब्रांड की 10 पेटी अवैध शराब (कुल 86 लीटर, 480 पीस) भी जब्त की गई। इस अवैध कारोबार में केंदबेना निवासी कुख्यात शराब माफिया मनोज मंडल की संलिप्तता सामने आई है।

हालांकि, वह मौके से फरार होने में सफल रहा। उसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मनोज मंडल एक अंतरराज्यीय शराब माफिया है और पहले भी उसके खिलाफ करोड़ों रुपए की अवैध शराब बरामद की जा चुकी है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में उत्पाद विभाग की टीम में एसआई निखिल कुमार सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# मार्च के बाद सीएम हेमंत सोरेन को नहीं मिलेगा वेतन, बंद हो जाएगी मंईयां सम्मान योजनाः निशिकांत दुबे

**देवघर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे शुक्रवार को देवघर पहुंचे। एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान सांसद निशिकांत दुबे ने मीडिया से बातचीत करते हुए यूजीसी से जुड़े विवाद और राज्य-केंद्र संबंधों पर खुलकर अपनी बात रखी।

झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए सांसद निशिकांत दुबे ने केंद्र पर लगाए जा रहे एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये के बकाया के आरोपों पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की स्थिति ऐसी है कि कहीं ऐसा न हो जाए कि मार्च के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का वेतन तक मिलने पर समस्या हो जाए। ऐसी हालत में किसी दिन मंईयां सम्मान योजना बंद हो जाए तो आश्चर्य नहीं होगा, अबुआ आवास योजना में काम बंद हो जाएंगे।



सांसद ने कहा कि झारखंड सरकार के पास पैसा ही नहीं है, पहले वो अपना खाना-पीना तो खा ले। साथ ही सांसद ने राज्य सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'मंईयां सम्मान योजना' के कारण राज्य में विकास कार्य ठप हो गए हैं। बता दें कि झारखंड सरकार लगातार केंद्र सरकार से बकाया राशि की मांग कर रही है और आगामी बजट में इसके लिए प्रावधान किए जाने की बात कह रही है। जिसको लेकर सांसद ने तमाम बातें कहीं।

देवघर एयरपोर्ट पर यूजीसी के मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि यह मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और इस पर स्टे भी लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 देश के पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों की सुरक्षा की गारंटी देते हैं। देश आज ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है, जो 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने स्वर्ण समाज के लिए भी आरक्षण की व्यवस्था की, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार सभी वर्गों के हित में सोचती है। सांसद ने यूजीसी मुद्दे को लेकर विरोध कर रहे लोगों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा रखें, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों का केंद्र बिंदु समाज के हर तबके का विकास है।

सुप्रीम कोर्ट के रुख पर सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि माननीय न्यायालय द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय पूरी तरह से सम्मान योग्य है और भारतीय जनता पार्टी न्यायपालिका के फैसलों का सम्मान करती है। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री की सोच और नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें संविधान में वर्णित अनुच्छेद 14 और 15 का अध्ययन जरूर करना चाहिए।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की सांगठनिक बैठक, पार्टी में शामिल हुए विजय सिंह गगराई

**रांची, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार दिन भर सांगठनिक गतिविधि जोरों पर रहा। प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद आदित्य साहू ने नगर निकाय चुनाव को लेकर जहां महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक की। वहीं चक्रधरपुर के विजय सिंह गगराई को गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में हुई पार्टी की सांगठनिक बैठक में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, मधु कोड़ा, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि राज्य में होने जा रहे निकाय चुनाव का श्रेय कोर्ट की सख्ती और भाजपा का इसके लिए लगातार सड़क से सदन तक चला आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आज राज्य के निकाय क्षेत्र में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। प्रशासनिक तंत्र हावी है। जनता की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसे में आगामी निकाय चुनाव में सेवा भाव और जन कल्याण को समर्पित राष्ट्रवादी सोच के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए संकल्पित होने की आवश्यकता है।




उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने हार के डर से चुनाव को दलीय आधार पर नहीं कराने की घोषणा की है। राज्य सरकार ने चुनाव को बैलेट से कराने की घोषणा के साथ इसे प्रशासनिक तरीके से प्रभावित करने की साजिश रची है। उन्होंने इस साजिश को नाकाम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपने-अपने निकाय क्षेत्रों में राष्ट्रवादी सोच वाले और विकास को समर्पित प्रत्याशियों को जीत दिलाने का प्रयास करेंगे।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज प्रदेश में विकास शून्यता की स्थिति है, लेकिन निकाय चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को जीतने की जरूरत है जो तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करते हों, जिनकी सोच विकास को समर्पित हो और जो राज्य के निकाय क्षेत्रों को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए संकल्पित हों।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज मिलन समारोह भी आयोजित हुआ, जिसमें चक्रधरपुर के विजय सिंह गगराई ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गगराई को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। विजय सिंह गगराई के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुशांत मंडल, हीरालाल खंडाइत, ललित ठाकुर, हारून मेलगांडी, बेसरा पूर्ति, विजय नाग, राजेंद्र मेलगांडी, रामू महतो, मार्कस गगराई, वीरसिंह हांसदा, राकेश जोंकों सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। यह सरकार विकास विरोधी सरकार है। आए दिन आदिवासी समाज के युवाओं की हत्याएं हो रही हैं, बहन-बेटियां अपमानित हो रहीं और राज्य में अपहरण एक उद्योग बन गया है।

उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह झूठी सरकार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के नाम पर भी हेमंत सरकार ने जनता को ठगा है। ऐसे में जनजाति समाज का मोह राज्य सरकार से भंग हो रहा है। यही वजह है कि आज भाजपा की ओर आशा भरी नजरों से जनजाति समाज देख रहा है।

इधर, भाजपा में शामिल हुए विजय सिंह गगराई ने भाजपा नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सच्चे सिपाही के रूप में पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को वे धरातल पर उतारने केलिए संकल्पित है। उनका तन मन धन पार्टी कार्यो केलिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि पार्टी जो जिम्मेवारी देगी उसे सहर्ष पूरा करेंगे।



# संजय मिश्रा और नीना गुप्ता फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा, 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज

साल 2022 में फिल्म 'वध' रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। 'वध 2' को लेकर दर्शक काफी समय से इंतजार रहे थे। मंगलवार को 'वध 2' का ट्रेलर सामने आया। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी मेकर्स ने साझा की है।

## 'वध 2' के ट्रेलर में नजर आई नई मिस्ट्री?

फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है।

## कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के डायेक्टर, राइटर जसपाल सिंह संधू हैं। फिल्म में संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के अलावा कुमुद मिश्रा, अमित के. सिंह, अक्षय डोगरा, शिल्पा शुक्ला और योगिता बिहानी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। फिल्म के प्रोड्यूसर लव रंजन और अंकुर गर्ग हैं। फिल्म फेस्टिवल में सराही गई 'वध 2' थिएटर में रिलीज होने से पहले फिल्म फेस्टिवल्स में वध 2 सराही गई थी। इस फिल्म को रिलीज से पहले 56वें आईएफएफआई 2025 में काफी तारीफ मिली थी। गाला प्रीमियर सेक्शन में इसकी स्क्रीनिंग हाउसफुल रही थी।





# 25 साल के फिल्मी सफर की चुनौतियों पर बोलीं एक्ट्रेस श्रिया सरन

**बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री श्रिया सरन को एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में 25 साल पूरे हो गए हैं। इतने लंबे सफर के बाद उनका नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अलग-अलग भाषाओं और सिनेमा के दौर को करीब से देखा है।**

श्रिया सरन ने खास बातचीत में अपने करियर, फिल्मी दुनिया में आए बदलाव और आज के दौर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे प्री-सोशल मीडिया दौर से लेकर आज के डिजिटल युग तक इंडस्ट्री पूरी तरह बदल चुकी है। खास बातचीत में श्रिया सरन ने सबसे पहले फिल्म सेट्स पर आए तकनीकी बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, जब मैंने करियर की शुरुआत की थी, तब शूटिंग का माहौल बिल्कुल अलग था। उस समय लाइट्स बहुत तेज होती थीं, जो आंखों को चुभती थीं और कई बार परेशानी भी होती थी। कैमरे भी भारी और सीमित तकनीक वाले होते थे। कलाकारों को सेट पर इंतजार करना पड़ता था और कैमरे के चलने की आवाज सुनकर ही पता चलता था कि शूटिंग शुरू हो गई है। उस दौर में सब कुछ ज्यादा मेहनत और धैर्य की मांग करता था। श्रिया ने कहा, आज हालात काफी बदल चुके हैं। तकनीक ने फिल्म इंडस्ट्री को ज्यादा आरामदायक बना दिया है। अब सॉफ्ट लाइट्स होती हैं जो आंखों पर असर नहीं डालतीं। कैमरे पहले से ज्यादा आधुनिक और हल्के हो गए हैं, जिससे शूटिंग आसान और तेज हो गई है। इन बदलावों की वजह से कलाकार अपने अभिनय पर ज्यादा ध्यान दे पाते हैं और काम का माहौल भी पहले से बेहतर हो गया है। या सरन ने कहा, पहले कलाकारों को सिर्फ एक मैनेजर से डील करना पड़ता था, लेकिन अब पूरा सिस्टम बदल चुका है। आज एजेंसियों का दौर है, जहां कलाकारों को कई लोगों से बात करनी होती है। नई पीढ़ी के लोग नई तरह की जानकारी और सोच लेकर आते हैं। वे ऐसी चीजें जानते हैं, जो पुरानी पीढ़ी को नहीं पता होतीं। ऐसे में बदलाव को स्वीकार करना जरूरी है। अपने 25 साल के करियर के उतार-चढ़ाव पर बात करते हुए श्रिया ने कहा, इतने लंबे सफर में भावनात्मक रूप से कई तरह के दौर आते हैं। कभी ऐसा लगता है कि सब कुछ अच्छा चल रहा है और कभी इंसान खुद को बहुत अकेला या कमजोर महसूस करता है। इन मुश्किल दिनों से निकलने के लिए अपने आसपास ऐसे लोगों का होना बहुत जरूरी है, जो आपका साथ दें और आपको संभालें। सही लोग और सकारात्मक माहौल ही आपको आगे बढ़ने की ताकत देते हैं। श्रिया सरन ने अपने लंबे और सफल करियर का श्रेय अपनी टीम और सहयोगियों को दिया। उन्होंने कहा, मैं उन सभी निर्देशकों और सह-कलाकारों की देन हूं, जिनके साथ मैंने काम किया है। हर फिल्म और हर अनुभव ने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है। अगर सही लोग और टीम का सहयोग न मिला होता, तो यह सफर इतना आसान और सफल नहीं होता।



# कभी नहीं की थी फिल्मों में आने की प्लानिंग, सोशल मीडिया ने बदली जिंदगी

लिटिल थिंग्स, कारवां, चॉपस्टिक्स और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री-गायिका मिथिला पालकर आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हैप्पी पटेल से सुर्खियां बटोर रही हैं। मिथिला फिल्मों से लेकर ओटीटी तक पर अपने अभिनय की कला को दिखा चुकी हैं। अब उन्होंने आईएएनएस के साथ अपनी फिल्मी जर्नी शेयर की है और बताया है कि उन्होंने कभी भी एक्टिंग करियर के लिए किसी तरह की प्लानिंग नहीं की, बल्कि सब कुछ अपने आप होता चला गया। अभिनेत्री मिथिला ने कहा, मैंने हमेशा यही कहा है कि अपने पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाने के लिए मैंने परिस्थितियों के अनुसार ही काम किया। एक एक्ट्रेस बनने के लिए मैंने इसे दोनों हाथों से अपनाया। मुझे क्या पता था कि इंटरनेट क्या कर देगा? उन्होंने कहा, मैंने हर चीज के लिए ऑडिशन दिया। मेरी जिंदगी जिस तरह से आगे बढ़ी है, मुझे नहीं लगता कि मैं इससे बेहतर योजना बना सकती थी। इसलिए मुझे खुशी है कि मैंने इसकी योजना नहीं बनाई, क्योंकि मैंने खुद को जिंदगी के फ्लो के साथ चलने की आजादी दी। करियर की शुरुआत में मिथिला को कई लोगों से सहयोग मिला और वे खुद को लकी मानती हैं कि उनकी जर्नी में उन्हें अच्छे लोगों का साथ मिला। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं यह जरूर कहना चाहूंगी कि मैं भाग्यशाली थी कि सही समय पर सही लोगों से मिली। जिन लोगों से मैंने 8 साल पहले बात की थी, उसके बाद हमारी मुलाकात नहीं हुई। लेकिन 8 साल पहले, वे लोग मेरे जीवन में बहुत मायने रखते थे, मेरी यात्रा में उनका बहुत बड़ा योगदान था। और मैं उन लोगों को कभी नहीं भूलूंगी।

# रियलिटी शोज में रोमांस अब फेक और स्ट्रैटेजी बन चुका है

रियलिटी शो के स्टार प्रिंस नरूला का मानना है कि आजकल रियलिटी शो में रोमांस ज्यादातर नकली हो गया है। उनका कहना है कि कई कंटेस्टेंट गेम में आगे बढ़ने और लाइमलाइट में आने के लिए रिश्तों को स्ट्रैटेजी के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। प्रिंस जल्द ही पत्नी युविका चौधरी के साथ अपकमिंग रियलिटी शो द 50 में नजर आएंगे। उन्होंने बताया, अब रियलिटी शो में रोमांस नकली हो गया है। लोग शो में रिश्ते बनाते हैं, लेकिन बाहर आने के बाद अलग हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि यह शो में सर्वाइव करने का आसान तरीका है। प्रिंस ने बताया कि जब उन्होंने बिग बॉस 9 में हिस्सा लिया था, तब भी ऐसी चीजें होती थीं। लेकिन उनका मानना है कि अगर कोई सच में प्यार ढूंढ रहा है, तो रियलिटी शो में भी सच्चा रिश्ता बन सकता है। उन्होंने कहा, मुझे भी अपना प्यार एक रियलिटी शो में ही मिला और पत्नी के साथ द 50 में एंट्री को लेकर मैं उत्साहित हूं। पत्नी के साथ होने से मुझे एक्स्ट्रा ताकत मिलेगी, जब भी युविका मेरे साथ होती है तो मुझे टेंशन नहीं होती और शो में भी मैं टेंशन के बिना रह सकूंगा।



# जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी वेलकम टू द जंगल

बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट सामने आ गई है। दिसंबर में अक्षय कुमार ने एक वीडियो साझा कर बताया था कि यह फिल्म साल 2026 में रिलीज होगी। अब इसकी रिलीज डेट का खुलासा भी कर दिया गया है। कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून, 2026 को रिलीज होगी। वेलकम फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म वेलकम टू द जंगल के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।






# मैं खुद एक बेटी की मां हूं, डर तो लगा ही रहता है

एक लड़की जिसे अव्वल तो एक्ट्रेस बनना नहीं था, पर किस्मत ने फिल्म के सेट पर पहुंचा दिया। फिर सितारों की इस दुनिया में वह ऐसी चमकी कि बॉलीवुड की रानी बन गई। हम बात कर रहे हैं, नेशनल अवॉर्ड जीत चुकीं रानी मुखर्जी की। इस साल इंडस्ट्री में 30 साल का शानदार सफर पूरा करने वाली रानी अपनी फिल्म मर्दानी 3 के लिए चर्चा में हैं। वह पर्दे पर एक बार फिर टॉप कॉप शिवानी शिवाजी रॉय के रोल में वापसी कर रही हैं। इस बार वह उन लड़कियों को बचाने के लिए वापस आ गई हैं, जो बिना किसी सुराग के अचानक गायब हो जाती हैं। रानी ने बातचीत में फिल्म, निजी जीवन, करियर और बेटी आदिरा की परवरिश को लेकर बात की।

**आपने सिनेमा जगत में 30 साल का सफर तय कर लिया है। ढेरों फिल्में, अवॉर्ड्स, कैसे देखती हैं आप अपने इस सफर को?**

पैरंट्स नहीं, सिर्फ डैडी नहीं चाहते थे कि मैं एक्टर बनूं। मम्मी बहुत एक्साइटेड थीं। मम्मी की वजह से ही तो मैं आई हूं पर आप सही हैं, मैं वो लड़की थी जिसे एक्ट्रेस नहीं बनना था। मैं बाय चांस एक्ट्रेस बन गई, लेकिन इंडस्ट्री में आने के बाद इस काम, इस कला से मुझे प्यार हो गया तो मुझे लगता है कि शायद मैं एक्ट्रेस बनने के लिए ही पैदा हुई थी, क्योंकि इन तीस साल में मुझे दर्शकों से जिस तरह का प्यार मिला, वह बहुत खास है। इसमें ऊपरवाले का बहुत बड़ा हाथ है कि वह मुझे यहां तक खींचकर लाए।

**बीते साल आपको मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे में बेहतरीन अदाकारी के लिए पहला नेशनल अवॉर्ड मिला। आपको लगता है कि अगर आप मां नहीं होती तो वो इमोशन निभा पाती? खुद मां होने का कितना श्रेय है उसमें?**

मां का किरदार मैंने पहले भी निभाया है। तारा रम पम में किया था। कुछ कुछ होता है में भी मेरा मां का किरदार था तो मुझे लगता है कि जब आप एक औरत के रूप में जन्म लेते हैं, तभी आपके अंदर एक मां का भी जन्म हो जाता है, तो मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे पहले भी आती तो शायद मेरा वही भाव होता, क्योंकि मेरी भतीजी भी है, उसे भी मैं अपने बच्चे की तरह ही प्यार करती हूं। मुझे नहीं लगता है कि एक औरत के भीतर बच्चा होने के बाद ही वो मदरली फीलिंग आती है। आप किसी बड़ी बहन से बात करें तो वो अपनी छोटी बहन या भाई के लिए यही कहती है, यह मेरे बच्चे जैसा है। एक औरत होना अपने में ही महान चीज है। ममता का भाव हममें जन्म से ही होता है। इसलिए हम, गुड्डे-गुड़ियों का खेल खेलते हैं, घर बनाते हैं तो वह एक फीलिंग हममें हमेशा से ही होती है।

**एक औरत होने की सबसे बड़ी ताकत और कमजोरी आप क्या मानती हैं?**

हमारी ताकत ही हमारी कमजोरी है। हमारा जो प्यार है, हम जिस तरह से प्यार करते हैं कि प्यार में सब कुछ दे देते हैं। सबको खुद से आगे रखते हैं। यह हमारी ताकत भी है और कमजोरी भी। मैं भी ऐसी ही हूं, क्योंकि मैंने अपनी मां को ऐसा करते देखा है, लेकिन मेरा मानना है कि हर इंसान को खुद को आगे रखना चाहिए, क्योंकि अगर खुद पर ध्यान नहीं देंगे तो दूसरे को कहां वो प्यार दे पाएंगे, तो ऐसा करना जरूरी है।

**करियर के शुरुआत में आपकी आवाज को लेकर आलोचना हुई, उन चीजों से कैसे डील किया?**

असल में, चाइनीज कैलेंडर में मेरी राशि घोड़ा है तो मैं वैसी ही हूं। मैं ब्लिंकर्स पहनती हूं और सामने देखती हूं। इधर-उधर देखती ही नहीं हूं। कौन क्या कह रहा है, सोच रहा है, उसमें वक्त बर्बाद नहीं करती हूं। मुझे जो करना है, करती हूं और यही सोच मेरे काम आई।

**आप एक्स, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया से दूर हैं। ये चीजें आपको नहीं लुभाती?**

नहीं। मेरे इतने सारे रिश्ते हैं। मैं एक बेटी हूं, बीवी हूं, मां हूं, दोस्त हूं, एक्टर हूं तो मुझे कितनी भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। उस पर एक सोशल मीडिया की जिम्मेदारी मैं क्यों अपने ऊपर लादूं? वो भी तो एक जिम्मेदारी बन जाएगी तो कम से कम उससे तो बचूं। (हंसती हैं)

**मर्दानी 2 में कहानी एक रेप केस की थी, अब मर्दानी 3 में आप गर्ल चाइल्ड ट्रैफिकिंग जैसी गंभीर सामाजिक खतरे से डील कर रही हैं। ये फिल्में करते वक्त आप पर क्या असर पड़ता है? ये मुद्दे परेशान करते हैं?**

परेशान तो करते ही हैं ना, क्योंकि समाज में ये चीजें हो रही हैं। बहुत बार हम सोचते हैं कि यार, हमें ऐसी डिस्टर्बिंग चीज से बचना चाहिए, क्योंकि हम इससे असहज हो जाते हैं, लेकिन ऐसी चीजों में असहज होना जरूरी है। डिस्टर्बिंग चीज देखनी है क्योंकि उसी से जागरूकता आएगी। मैं ये कहानियां इसीलिए लेकर आती हूं कि लोगों को बताऊं कि ये सब हो रहा है। हमारे नुक्कड़, पड़ोस में हो रहा है, तो जागो। हम सिर्फ अपने आरामदायक कमरों में नहीं रह सकते। इस दौर में हमें हर चीज का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बांबे हाई कोर्ट ने किशोरी की गर्भपात की याचिका खारिज की



**मुंबई, एजेंसी।** बांबे हाई कोर्ट ने 18 वर्षीय महिला की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की याचिका को खारिज कर दिया है, यह कहते हुए कि जबरन गर्भपात भ्रूण हत्या के समान होगा क्योंकि भ्रूण स्वस्थ और जीवित है। जस्टिस रविंद्र घुगे और अभय ज. मंती की एक पीठ ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक आदेश में निर्देश दिया कि किशोरी को उसके प्रसव तक व्यापक चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जाए। अदालत ने कहा, जब बच्चा पैदा हो जाएगा और उसे गोद लेने के लिए पंजीकृत अनाथालय में भेजने की स्थिति में होगा, तो बाल कल्याण समिति इस संबंध में संभावित मां की सहायता करेगी। किशोरी की मां ने गर्भपात की याचिका दायर की थी, जो कि लड़की के 17 वर्ष की आयु में एक पुरुष मित्र के साथ संबंध का परिणाम था। याचिका में कहा गया है कि पुरुष मित्र ने शादी का वादा करके लड़की को शारीरिक संबंध में मजबूर किया। 2 जनवरी को एक एफआइआर दर्ज की गई, जब किशोरी को गर्भवती पाया गया। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत में कहा कि किशोरी गर्भावस्था को जारी रखने की इच्छा नहीं रखती है और यह उसका निर्णय था कि इसे समाप्त किया जाए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह तथ्य बना रहता है कि उस आयु में ऐसा संबंध सहमति से था, हालांकि यह कानूनी रूप से अस्वीकार्य था।

### मुंबई के सायन स्टेशन पर झगड़े के दौरान तीन यात्री ट्रेन से गिरे

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के सायन स्टेशन पर तीन यात्री किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए। इस दौरान वह ट्रेन से नीचे गिर गए। उन्हें बचाने के लिए रेलवे ने तुरंत बिजली बंद कर दी और अन्य ट्रेनों को रोक दिया। एक अधिकारी ने बताया, सुबह करीब 10 बजे कुछ यात्रियों के बीच कहासुनी और हाथापाई हुई और इसी अफरा-तफरी में वे सीएसएमटी जाने वाली ट्रेन से गिर गए। ट्रेन की गति उस समय धीमी थी। ट्रेन सायन स्टेशन से अभी-अभी चली ही थी। इस घटना में तीनों यात्री घायल हो गए हैं। कंट्रोल रूम में सूचना मिलते ही हमने 8-9 मिनट के लिए बिजली बंद कर दी ताकि तीनों को बचाए जाने तक विपरीत दिशा से कोई दूसरी ट्रेन न आ सके।

### असामाजिक तत्वों ने खंडित की शहीद काली बाइ और नाना भाई खांट की मूर्तियां

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र स्थित शहीद काली बाइ और नाना भाई खांट की मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। आदिवासी संगठनों व ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों ने इसे समाज की धरोहर और शहीदों के सम्मान का अपमान बताया है। पुलिस ने अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जानकारी के अनुसार ये मूर्तियां 19 जून 2022 को एक आदिवासी परिवार द्वारा स्थापित की गई थीं। गुरुवार रात अज्ञात लोगों ने मौके पर पहुंचकर मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया, जिससे वे खंडित हो गईं। सुबह घटना सामने आने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन और संगठनों को दी। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में आदिवासी संगठन और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और मूर्तियों की मरम्मत की मांग की। सूचना पर चौरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

# पर्यावरणविदों ने पूर्वी कोलकाता की आर्द्रभूमि पर अतिक्रमण की जांच की मांग की

## कुछ हिस्सों में कथित अतिक्रमण और अवैध निर्माण की गहन जांच की मांग की

**कोलकाता ,एजेंसी।**
कई पर्यावरण संगठनों ने शुक्रवार को पूर्वी कोलकाता आर्द्रभूमि (ईकेडब्ल्यू) के कुछ हिस्सों में कथित अतिक्रमण और अवैध निर्माण की गहन जांच की मांग की, जो अंतरराष्ट्रीय महत्व की रामसर-सूचीबद्ध आर्द्रभूमि है। यह मांग कोलकाता के आनंदपुर के नाजिराबाद क्षेत्र में दो गोदामों में लगी भीषण आग के कुछ दिनों बाद आई है, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। आरोप है कि इन गोदामों का निर्माण रामसर दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए किया गया था। सबुज मंच, प्रोयश, बसुंधरा, कल्चरल एंड लिटरेरी सोसाइटी, ईस्ट कोलकाता फिशरीज एसोसिएशन सहित कई पर्यावरण समूहों की ओर से यह मुद्दा उठाया गया था। सेव रबींद्र सरोवर फोरम के सोमेंद्र मोहन घोष ने कहा कि कुछ मुद्दों को सूचीबद्ध करते हुए एक विज्ञप्ति पूर्वी कोलकाता आर्द्रभूमि प्रबंधन प्राधिकरण (ईकेडब्ल्यूएमए) को भेजी गई है, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि आर्द्रभूमि रामसर कन्वेंशन, एक अंतरराष्ट्रीय संधि के तहत संरक्षित है। पत्र में रामसोर दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए बड़े पैमाने पर निर्माण और अतिक्रमण पर भी चिंता व्यक्त की गई। सबुज मंच के पर्यावरणविद् नबा दत्ता ने नाजिराबाद रोड के चौड़ीकरण पर चिंता व्यक्त की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि इस प्रक्रिया के कारण आनंदपुर नहर का लगभग सात किलोमीटर का हिस्सा संकरा हो गया है, जो रामसर-संरक्षित आर्द्रभूमि प्रणाली के अंतर्गत आता है।



नहर को धीरे-धीरे सडक़ों, गोदामों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों सहित निर्मित क्षेत्रों में परिवर्तित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम ईकेडब्ल्यूएमए के मुख्य तकनीकी अधिकारी से एक पारदर्शी रिपोर्ट की मांग कर रहे हैं कि रामसर साइट के भीतर के इलाकों के नाम कैसे बदले गए, इन परिवर्तनों को किसने अधिकृत किया और नवीनतम आधिकारिक ईकेडब्ल्यू मानचित्रों में कई क्षेत्र क्यों नहीं दिखाई देते हैं।

पर्यावरण समूहों ने अधिकारियों से कथित अतिक्रमणों, मानचित्र संबंधी विसंगतियों और पर्यावरण मानदंडों के उल्लंघन की स्वतंत्र जांच कराने का आग्रह किया है, और चेतावनी दी है कि आर्द्रभूमि के निरंतर क्षरण से कोलकाता और उसके आसपास के क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक पारिस्थितिक परिणाम हो सकते हैं। रिपोर्ट दाखिल होने तक ईकेडब्ल्यूएमए की ओर से इन मुद्दों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। रामसर समझौता आर्द्रभूमियों के संरक्षण और उनके विवेकपूर्ण उपयोग हेतु दो फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में अपनाई गई एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। यह 1975 में प्रभावी हुई, जिसका उद्देश्य पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण करना है। भारत में यह एक फरवरी 1982 को लागू हुआ। अधिक जानकारी प्रदान करता है

## सुरक्षित रहेंगे रानी सराय के हरे-भरे पेड़

## हजारों आशियाने उजड़ने से बचे

# अंडरग्राउंड बनेगा इंदौर मेट्रो स्टेशन



**इंदौर, एजेंसी।**
शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है कि मेट्रो स्टेशन के नाम पर रानी सराय में लगे सैंकड़ों हरे-भरे पेड़ यथावत बने रहेंगे। इन्हें न तो काटा जा सकेगा न ही इनका ट्रांसप्लांट होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि हाई कोर्ट ने इस संबंध में प्रस्तुत जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पेड़ों को काटने या इनके ट्रांसप्लांट पर रोक लगा दी है। हजारों परिंदे इन पेड़ों पर घरोंदा बनाकर रह रहे हैं। जनहित याचिका में कहा है कि अगर पेड़ों को काटा गया तो हजारों परिंदों पर संकट आ जाएगा। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से सरकारी वकील ने कहा कि पेड़ काटने की योजना नहीं है क्योंकि रानी सराय में अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाया जाना है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह बात लिखित में दें। इस आदेश के बाद रानी सराय परिसर की हरियाली यथावत बने रहने की संभावना बढ़ गई है। पिछले कई दिनों से पर्यावरणविद रानी सराय परिसर की हरियाली बचाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। हाई कोर्ट में यह जनहित याचिका प्रियांशु जैन ने एडवोकेट लवेश सारस्वत के माध्यम से प्रस्तुत की है। इसमें कहा है कि रानी सराय परिसर में सैंकड़ों की संख्या में पेड़ हैं। इन पेड़ों पर हजारों परिंदे घरोंदा बनाकर रह रहे हैं। इनमें कई दुर्लभ प्रजाति के पक्षी भी शामिल हैं। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने मेट्रो स्टेशन के नाम पर इन पेड़ों को काटने की तैयारी कर ली है। ऐसा किया जाता है तो हजारों परिंदों का जीवन संकट में पड़ जाएगा। यह वन संरक्षण अधिनियम 1980 और पर्यावरण अधिनियम 1986 की उलंघन है। मेट्रो कॉर्पोरेशन ने पेड़ों को काटने के लिए नगर निगम से किसी तरह की अनुमति भी नहीं ली है। 9 जनवरी 2026 को नगर निगम के उद्यान अधिकारी ने नोटिस जारी कर कहा है कि मेट्रो कार्पोरेशन ने पेड़ काटने के लिए किसी तरह का आवेदन ही नहीं दिया है।

### बेरहमी से मारपीट और झूठे एनडीपीएस केस पर राजस्थान हाई कोर्ट सख्त

**जयपुर, एजेंसी।** कोर्ट जोधपुर मुख्यपीठ ने प्रतापगढ़ में पुलिस हिरासत के दौरान बेरहमी से मारपीट और एक व्यक्ति को झूठे एनडीपीएस मामले में फंसाने के गंभीर आरोपों पर सख्ती दिखाई है। हाई कोर्ट की फटकार के बाद प्रतापगढ़ एसपी ने तत्काल प्रभाव से आरोपी पुलिस इंस्पेक्टर एवं तत्कालीन एसएचओ दीपक बंजारा को निलंबित कर दिया है। साथ ही, मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायिक जांच जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। जस्टिस फरजंद अली की अदालत ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रतापगढ़ के न्यायिक मजिस्ट्रेट को बिना किसी दबाव के जांच आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। पीड़ित की ओर से सीनियर एडवोकेट धीरेंद्र सिंह और एडवोकेट राबिन सिंह ने पैरवी की। प्रतापगढ़ की है। आरोप है कि एसएचओ दीपक बंजारा और उनकी टीम ने शाकिर के पिता अब्दुल हमीद शेख को हिरासत में लेकर जबरन घर में घुसकर बर्बरतापूर्वक प्रताड़ित किया और झूठे एनडीपीएस केस में फंसाने के लिए फर्जी सुबूत गढ़े।

# कर्नाटक सरकार ने अधिकारियों को हर महीने खादी पहनने को कहा, जारी किया सर्कुलर

## राज्य सरकार ने खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया

**बेंगलुरु ,एजेंसी।**
कर्नाटक सरकार ने अधिकारियों को हर महीने खादी पहनने को कहा है। खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे हर महीने के पहले शनिवार को खादी पहनें। राज्य की मुख्य सचिव शालिनी राजनीश ने इस संबंध में सर्कुलर जारी करते हुए कहा, खादी केवल वस्त्र नहीं है। यह राष्ट्र की गरिमा और गर्व का प्रतीक है। खादी राज्य में हजारों बुनकरों को सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से आजीविका प्रदान करता है। इसलिए 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य सरकार ने खादी के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

राज्य सरकार, सहायता प्राप्त संस्थानों, निगमों, बोर्डों, स्वायत्त निकायों, विश्वविद्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया गया है कि वे हर महीने के पहले शनिवार को स्वेच्छा से खादी पहनें, और अपने संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सभी सरकारी कार्यक्रमों में खादी पहनने के लिए निर्देश दें।यह पहल स्वदेशी उत्पादों के प्रति सम्मान, एकता, राष्ट्रीय भावना, भारतीयता, आत्म-सम्मान और सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में मदद करेगी। कर्नाटक के शिक्षा विभाग ने राज्य में महिला सरकारी कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म छुट्टी की सुविधा देने का



आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि मासिक धर्म के दौरान प्रति माह एक दिन के वैतनिक अवकाश मिलेगा यानी कुल मिलाकर सालाना 12 दिन की छुट्टी मिलेगी। लाभ उठाने के लिए पात्र होंगी।

### अब कर्नाटक के बस अड्डों पर नहीं दिखेंगे तंबाकू के विज्ञापन

**कर्नाटक, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने राज्य की बसों और बस अड्डों पर तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सभी विज्ञापनों पर बैन लगा दिया है। परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने राज्य की चारों परिवहन निगमों को यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी), बेंगलुरु मेट्रोपालिटन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (बीएमटीसी), उत्तर पश्चिम कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (एनडब्ल्यूकेआरटीसी) और कल्याण कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (केकेआरटीसी) के प्रबंध निदेशकों को जारी नोट में कहा कि किसी भी बस या बस अड्डे पर तंबाकू सेवन को बढ़ावा देने वाला कोई भी विज्ञापन नहीं लगाया जाएगा। उन्हें हटाने के लिए समयसीमा तय की जाए और आदेश का सख्ती से पालन कराया जाए।

# बंगाल पुलिस में बड़ा फेरबदल, राजीव कुमार की जगह पीयूष पांडे बनाए गए नए कार्यवाहक डीजीपी

**कोलकाता , एजेंसी।**
बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव और कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले राज्य सरकार ने शुक्रवार देर शाम शीर्ष पुलिस महकमे में महत्वपूर्ण फेरबदल की घोषणा की।

कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को इधर से उधर करने के साथ राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के काफी भरोसेमंद माने जाने वाले आईपीएस राजीव कुमार की जगह आईपीएस पीयूष पांडे को राज्य का नया कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त किया है।

वरिष्ठ आईपीएस पीयूष पांडे फिलहाल मुख्यमंत्री के सुरक्षा निदेशक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अस्थाई डीजीपी की नियुक्ति को लेकर जारी गतिरोध और कानूनी जटिलताओं के बीच राज्य सरकार ने विशेष आदेश जारी कर यह नियुक्ति की है।

राज्य सचिवालय की ओर से जारी तबादला आदेश के अनुसार, कोलकाता पुलिस के आयुक्त (सीपी) के पद से मनोज वर्मा की छुट्टी कर दी गई है। उनकी जगह सुप्रतीम सरकार को कोलकाता का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है।

सुप्रतीम सरकार फिलहाल दक्षिण बंगाल के एडीजी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। मनोज वर्मा को पीयूष पांडे की जगह मुख्यमंत्री का सुरक्षा निदेशक बनाया गया है। इसी तरह राज्य पुलिस के एडीजी (कानून-व्यवस्था) के पद से जावेद शमीम को हटाकर उनकी जगह एसटीएफ के एडीजी विनीत गोयल को यह जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, जावेद शमीम को विनीत गोयल की जगह एसटीएफ का नया एडीजी नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता के अलावा



इसके आसपास के क्षेत्रों- हावड़ा, बैरकपुर, विधाननगर और चंदननगर के पुलिस आयुक्तों का भी तबादला किया है। काफी समय से हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट के सीपी की जिम्मेदारी संभाल रहे वरिष्ठ आईपीएस प्रवीण कुमार त्रिपाठी को बैरकपुर का नया सीपी नियुक्त किया गया है। उनकी जगह प्रेसिडेंसी रेंज के डीआईजी आकाश मेघारिया को हावड़ा का नया सीपी बनाया गया है। इसी तरह बैरकपुर के सीपी मुरलीधर शर्मा को विधाननगर कमिश्नरेट का सीपी नियुक्त किया गया है।

# कलवा-ठाणे के बीच पटरी के पास लगी आग, धुएं से विजिबिलिटी हुई कम

**ठाणे, एजेंसी।**
मुंबई की सेंट्रल रेलवे लाइन पर शुक्रवार शाम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जब कलवा और ठाणे स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई। यह घटना शाम के पीक ऑवर के दौरान हुई, जिससे लोकल ट्रेन सेवाएं प्रभावित हो गईं।




यह आग शाम करीब 5:27 बजे ठाणे (पश्चिम) में कलवा स्टेशन के आगे रेलवे पटरियों के नीचे बने एक नाले में जमा कचरे में लगी। आग लगते ही घना काला धुआं पटरियों पर फैल गया, जिससे ट्रेनों के चलने में खतरा पैदा हो गया।

धुएं के कारण दृश्यता कम हो गई, जिसके चलते सुरक्षा के लिहाज से रेलवे प्रशासन ने एहतियात बरती। सेंट्रल लाइन की अप और डाउन फास्ट लोकल ट्रेनों को हाथ के इशारों (हैंड सिग्नल) पर चलाया गया। यह व्यवस्था लगभग शाम 7:30 बजे तक जारी रही, जिससे यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस, फायर ब्रिगेड और ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद शाम 7 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि, शाम के व्यस्त समय में हुई इस घटना से सेंट्रल लाइन के यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

# गुरुग्राम में ग्रामीण क्षेत्र के 25 लिंक रोड होंगे चौड़े, 6 फीट और बढ़ेगी चौड़ाई

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम जिले की 25 संपर्क सड़कों (लिंक रोड) को चौड़ी करने की मंजूरी मिल गई है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की 12 फीट चौड़ी सड़कों को बढ़ाकर 18 फीट का किया जा रहा है। इस परियोजना को दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के अनुसार, गांवों को जोड़ने वाली लिंक सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। गांवों में बेहतर कनेक्टिविटी और सड़कों पर वाहनों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए योजना तैयार की गई है। गुरुग्राम जिलेभर में हुए सर्वे से आई रिपोर्ट के बाद विभाग ने लगभग 75 से 80 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों के विस्तार का निर्णय लिया है।

पहले चरण में यानी इसी वित्तीय वर्ष में इन सड़कों का विस्तार होगा। दूसरे चरण में यानी अगले वर्ष बाकी की सौ किलोमीटर के करीब सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इन सभी सड़कों पर काम पीडब्ल्यूडी (भवन एवं सड़कें) विभाग करेगा। बता दें कि ये ऐसी सड़कें हैं, जो वर्तमान में 12 फीट चौड़ी हैं। अब इन सड़कों की चौड़ाई 18 फीट की जाएगी। पीडब्लूडी के कार्यकारी अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि वाहनों के बढ़ते दबाव के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों को चौड़ीकरण किया जा रहा है। दो साल में यह कार्य पूरा होगा। पहले चरण में 25 सड़कों को शामिल किया गया है।



### इन सड़कों का चौड़ीकरण होगा

गुरुग्राम जिले के ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की लंबाई 600 किलोमीटर है। इसमें 25 सड़कों की 75 से 80 किलोमीटर तक लंबी सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने की मंजूरी दी है। इन पर करीब दस करोड़ रुपये खर्च होंगे। कुछ सड़कों पर चौड़ीकरण का काम शुरू हो चुका है। इसमें रिठौज से धूमसपुर वाया नया गांव, सोहना अभयपुर, लोहटकी, खेरला, दमदमा से रिठोज तक 15.62 किमी, मेडाव से उल्लाव और बहरामपुर तक 4.75 किलोमीटर तक, गुरुग्राम-अलवर रोड से सरकारी पॉलिटेक्निक तक डेढ़ किमी आदि सड़क शामिल है।

### 10 लाख समर्थकों के साथ रेजीनगर में हुंकार भरेंगे निलंबित टीएमसी विधायक

**कोलकाता।** बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में 11 फरवरी को कुरान पाठ के साथ बाबरी मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक और नवगठित जनता उन्नयन पार्टी (जेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक कबीर ने पिछले साल छह दिसंबर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव रखी थी, जिसमें पूरे राज्यभर से मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों की भीड़ जुटी थी। कबीर ने शाम को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे से मस्जिद का निर्माण कार्य शुरू होने से पहले वहां पांच हजार लोगों को लेकर डेढ़ घंटे तक कुरान पाठ किया जाएगा। पाठ के बाद दोपहर 12 बजे से निर्माण कार्य शुरू होगा। उससे पहले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कबीर शनिवार को मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में मेगा रैली करने जा रहे हैं। उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी। कहा कि रेजीनगर में होने जा रहे मेगा समावेश में 10 लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। मेगा समावेश के लिए भाजपा व तृणमूल विरोधी कई छोटे-छोटे दलों को आमंत्रित किया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com





# नोवाक जोकोविच 11वीं बार ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में

## वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज से होगा मुकाबला; सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां उसका सामना वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्काराज से एक फरवरी को दोपहर 2 बजे से होगा। 38 साल के जोकोविच ने मेंस सिंगल्स कैटेगरी के सेमीफाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर को 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से हराया। वे ओपन एरा में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैं। जोकोविच ने 11वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। वे 2023 के बाद खिताबी दौर में पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने 10 फाइनल खेले और सभी जीते हैं। जोकोविच अपने करियर के 25वें ग्रैंड स्लैम और 11वें ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल से एक जीत दूर हैं। फिलहाल वे मार्गरेट कोर्ट के 24 ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड की बराबरी पर हैं।

**अल्काराज पहली बार फाइनल में पहुंचे-** वर्ल्ड नंबर-1 स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई है। चोट से जूझ रहे अल्काराज ने सेमीफाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेटों तक चले मुकाबले में मात दी। मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में खेला गया यह मैच 5 घंटे 27 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज ने ज्वेरेव को 6-4, 7-6, 6-7, 6-7, 7-5 से हराया।

**अल्काराज बोले- मुझे खुद पर बेहद गर्व है-** जीत के बाद अल्काराज ने कहा- मैं हमेशा कहता हूं कि हालात चाहे जैसे भी हों, खुद पर भरोसा रखना बेहद जरूरी है। तीसरे सेट में मैं संघर्ष कर रहा था। शारीरिक रूप से यह मेरे करियर के सबसे कठिन मुकाबलों में से एक था। उन्होंने कहा- 'मैं पहले भी ऐसे मैच खेल चुका हूं, इसलिए मुझे पता था कि मुझे क्या करना है। मुझे इसमें दिल-जान लगा देनी थी। मैंने ऐसा ही किया और आखिरी गेंद तक लड़ता रहा। पांचवें सेट में जिस तरह से मैंने वापसी की, उस पर मुझे खुद पर बेहद गर्व है।' अल्काराज के पास करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का मौका अल्काराज के ट्रॉफी कैबिनेट में अब तक का एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब ऑस्ट्रेलियन ओपन ही बचा है। अगर वह इस साल मेलबर्न में जीत हासिल करते हैं, तो वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के मेंस प्लेयर बन जाएंगे।

करियर ग्रैंड स्लैम का मतलब है कि किसी खिलाड़ी ने अपने पूरे करियर के दौरान चारों ग्रैंड स्लैम कम से कम एक बार जीती हों। इन्हें एक ही कैलेंडर ईयर में जीतना जरुरी नहीं है।

# आज अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत के चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ होगी भिड़ंत

**बुलावायो (एजेंसी)।** पांच बार की चैंपियन भारतीय अंडर-19 टीम रविवार को आईसीसी मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर सिक्स मुकाबले में जब चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी, तो उसकी नजरें एशिया कप फाइनल में मिली करारी हार का बदला लेने पर होंगी। भारत को 21 दिसंबर को दुबई में खेले गए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। दिलचस्प बात यह रही कि उसी टूर्नामेंट के ग्रुप मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 14 दिसंबर को 90 रन से हराया था। अब आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली भारतीय टीम उस फाइनल हार का हिसाब चुकता करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

### हैंडशेक नीति पर कायम रह सकता है भारत

पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनज़र भारत का पाकिस्तान के खिलाफ 'नो हैंडशेक' रुख इस मुकाबले में भी जारी रह सकता है। भारतीय टीम ने इससे पहले एशिया कप के फाइनल और ग्रुप मैच, दोनों में पाकिस्तान के साथ पोस्ट-मैच हैंडशेक नहीं किया था।

### अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत का दबदबा

भारत का अब तक का सफर बेहद शानदार रहा है। टीम इंडिया ने अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका को 6 विकेट से हराकर की, इसके बाद बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को भी ग्रुप चरण में मात दी। सुपर सिक्स के अपने पहले मुकाबले में भारत ने 27 जनवरी को मेजबान जिम्बाब्वे को 204 रन के विशाल अंतर से हराकर अपनी अजेय लय बरकरार रखी।

### भारतीय बल्लेबाजी और गेंदबाजी की मजबूती

बल्लेबाजी में अभिज्ञान कुंडू (4 मैचों में 183 रन, सर्वोच्च 80) और वैभव सूर्यवंशी (4 मैचों में 166 रन) लगातार रन बना रहे हैं। दोनों खिलाड़ी अब अपने अर्धशतकों को शतकों में बदलना चाहेंगे। विहान मल्होत्रा (4





मैचों में 151 रन) भी शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 109 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में हेनिल पटेल (4 मैचों में 10 विकेट) भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। वहीं उधव मोहन ने पिछले मैच में 3 विकेट लेकर प्रभावित किया। कप्तान आयुष म्हात्रे ने भी ऑफ-ब्रेक से 3 विकेट झटके, जबकि आरएस अम्ब्रिश नई गेंद से असरदार रहे हैं।

### पाकिस्तान की चुनौती भी कम नहीं

पाकिस्तान ने टूर्नामेंट की शुरुआत इंग्लैंड से हार के साथ की थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने स्कॉटलैंड और जिम्बाब्वे को हराकर वापसी की। सुपर सिक्स में 27 जनवरी को पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर आत्मविश्वास हासिल किया है। पाकिस्तान के ओपनर समीर मिन्हास भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। उन्होंने एशिया कप फाइनल में 172 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी। मौजूदा टूर्नामेंट में भी उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 74 और न्यूजीलैंड के खिलाफ 76 रन बनाए हैं।

### टीमें

**भारत-** एरॉन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पांगलिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अम्ब्रिश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।

**पाकिस्तान-** फरहान यूसुफ (कप्तान), उस्मान खान, अली हसन बलोच, हमजा जहीर, हुजैफा अहसान, मोहम्मद शायन, समीर मिन्हास, अहमद हुसैन, अब्दुल सुभान, अली रज़ा, दानियाल अली खान, मोहम्मद सय्याम, मोमिन क़मर, निक़ाब शफीक़, उमर ज़ैब।

## पूर्व क्रिकेट इंटरनेशनल अंपायर रघुवीर सिंह का निधन

### 2 इंटरनेशनल टेस्ट और 7 वन-डे में की थी अंपायरिंग, पंजाब राज्यपाल कटारिया रहे स्टूडेंट



**उदयपुर (एजेंसी)।** उदयपुर के इंटरनेशनल क्रिकेट अंपायर प्रोफेसर रघुवीर सिंह राठौड़ (88) का शुक्रवार शाम निधन हो गया। प्रो. राठौड़ दो इंटरनेशनल क्रिकेट टेस्ट मैच और 7 इंटरनेशनल वन-डे में अंपायरिंग कर चुके हैं। वे सेंट्रल जोन (यूपी, एमपी, विदर्भ, रेलवे, राजस्थान) से निकले हुए पहले इंटरनेशनल टेस्ट अंपायर थे। करीब 11 साल तक राजस्थान रणजी टीम के सदस्य भी रह चुके थे। अशोक नगर निवासी प्रो.राठौड़ 15 दिन से अस्वस्थ थे। वे हॉस्पिटल में भर्ती थे। शाम करीब 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वे मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में भूगोल विषय के प्रोफेसर रह चुके हैं। उनके मित्र पूर्व इंटरनेशनल अंपायर बलवंत शर्मा ने कहा- पंजाब राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, पूर्व सांसद नमोनारायण मीणा और पूर्व आईएएस धर्मसिंह सागर सहित कई नामी लोग उनके स्टूडेंट रहे हैं।

**पहला टेस्ट इंडिया-श्रीलंका के बीच कराया-** उनके घनिष्ठ मित्र पूर्व इंटरनेशनल अंपायर बलवंत शर्मा ने बताया- रघुवीर सिंह राठौड़ मुझे अपना छोटा भाई मानते थे। उनसे मेरी करीब 45 साल की कई सारी यादें जुड़ी हैं। वे बहुत कॉपरेटिव और मिलनसार थे। उन्होंने वर्ष 1992 में चंडीगढ़ में इंडिया वर्सेज श्रीलंका के टेस्ट मैच में पहली बार इंटरनेशनल लेवल पर अंपायर की। इसके बाद दूसरे टेस्ट वर्ष 1993 में चेन्नई में इंडिया वर्सेज इंग्लैंड में अंपायर रहे। इसके अलावा 7 वन-डे इंटरनेशनल मैच में अंपायरिंग कर चुके हैं। इसमें सबसे पहला वन डे मैच इंडिया और आस्टेलिया के बीच कराया था।

# महामुकाबले से पहले सचिन तेंदुलकर का खास संदेश, अंडर 19 के युवा खिलाड़ियों को दिया गुरुमंत्र

**मुंबई (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जा रहे आईसीसी अंडर-19 मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के बीच भारत की अंडर-19 टीम को दिग्गज बल्लेबाज़ सचिन तेंदुलकर से खास मार्गदर्शन मिला। पाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ बुलावायो में होने वाले अहम सुपर सिक्स मुकाबले से पहले सचिन ने वर्चुअल बातचीत के जरिए युवा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

**सेमीफाइनल की दौड़ में अहम मुकाबला -** भारत सुपर सिक्स ग्रुप-2 में अब तक अजेय रहा है और अपने तीनों मुकाबले जीत चुका है। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ मैच काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने की तस्वीर इसी मुकाबले से साफ हो सकती है। पाकिस्तान फिलहाल ग्रुप में तीसरे स्थान



पर है और उसने तीन में से दो मैच जीते हैं। अगर भारत यह मुकाबला हारता है तो सेमीफाइनल में पहुंचने का फैसला नेट रन रेट के आधार पर हो सकता है। वहीं इंग्लैंड अपनी चारों सुपर सिक्स मैच जीतकर पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है।

**सचिन ने सफलता और लंबे करियर का दिया मंत्र -** बीसीसीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर इस बातचीत की जानकारी साझा की और इसे युवा खिलाड़ियों के लिए बेहद खास अनुभव बताया।

सचिन तेंदुलकर ने खिलाड़ियों को तकनीकी मजबूती और फिटनेस के साथ-साथ अनुशासन, फोकस, विनम्रता और सफलता के बाद जमीन से जुड़े रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि आधुनिक क्रिकेट में लंबा और सफल करियर बनाने के लिए ये गुण बेहद जरूरी हैं। भारत ने टूर्नामेंट की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ सात विकेट की आसान जीत से की थी, जहां टीम ने 108 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। इसके बाद भारत ने बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 18 रन से हराया। न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज कर सुपर सिक्स में जगह बनाई। सुपर सिक्स के पहले मुकाबले में भारत ने मेजबान जिम्बाब्वे को 204 रन से हराकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। इस मैच में विहान मल्होत्रा ने नाबाद 109 रन बनाकर भारत को 352/8 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे और उदय मोहन ने तीन-तीन विकेट लेकर जिम्बाब्वे को 148 रन पर समेट दिया।

**पाकिस्तान के खिलाफ जीत पर नजर -** लगातार शानदार प्रदर्शन और सचिन तेंदुलकर के मार्गदर्शन से उत्साहित भारतीय टीम अब पाकिस्तान के खिलाफ संतुलित और मजबूत प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

**टी-20 वर्ल्ड कप 2026**

## ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस चोट के कारण बाहर




**सिडनी (एजेंसी)।** आगामी आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने 15 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान कर दिया है, जिसमें मिचेल मार्श कप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा।

**पैट कमिंस और मैथ्यू शॉर्ट टूर्नामेंट से बाहर -** आईसीसी वेबसाइट के अनुसार पैट कमिंस अपनी पीठ की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं, इसलिए उन्हें वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया गया है। वहीं, टॉप ऑर्डर बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को भी मूल 15 सदस्यीय स्क्वाड से बाहर किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बेन द्वार्शुइस और मैथ्यू रेंसॉ को टीम में शामिल किया है।

## चांदी के बढ़ते दामों के बीच प्रतिका रावल ने दिखाई दिलचस्पी

### बेचने को लेकर यूजर्स से मांगी राय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चांदी के लगातार बढ़ते दामों पर भारतीय महिला टीम की स्टार ओपनर प्रतिका



रावल ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यूजर्स से राय मांगी। बता दें कि, भारत में पहली बार चांदी की वायदा कीमतें चार लाख रुपये प्रति किलोग्राम का आंकड़ा छू गई हैं। बाजार विश्लेषकों की मानें तो वैश्विक स्तर पर जिस तरह का माहौल है, उस लिहाज से चांदी की कीमत कम होने की संभावना नहीं दिखती।

### प्रतिका ने मांगी यूजर्स से राय

प्रतिका रावल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मेरे पास 15 किलो चांदी है जो मैंने 75 हजार में खरीदी थी और बहुत से लोग मुझे इसे बेचने की सलाह दे रहे हैं, क्या मुझे इसे बेच देना चाहिए? या इसके और बढ़ने का इंतजार करना चाहिए? हमने इसे कोविड के समय खरीदा था।

**चोट से उबर रहीं प्रतिका-** प्रतिका इन दिनों महिला विश्व कप के दौरान लगी चोट से उबर रही हैं। इस टूर्नामेंट में उनका बल्ला खूब गरजा। सात मैचों में उन्होंने 308 रन बनाए और भारत की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। हालांकि, चोट के कारण टूर्नामेंट बीच में छोड़ना पड़ा, इसके बावजूद वह सभी टीमों में चौथी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं।

## पाकिस्तान से मैच के पहले सचिन ने भारतीय अंडर-19 टीम से की बातचीत

### बीसीसीआई ने साझा की तस्वीरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंडर-19 विश्व कप में हिस्सा ले रही भारतीय टीम के खिलाड़ियों से पाकिस्तान के खिलाफ अहम सुपर सिक्स मुकाबले से पहले वर्चुअल बातचीत की। इंग्लैंड ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। इसके बाद रविवार



को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला और भी महत्वपूर्ण हो गया है। सुपर सिक्स ग्रुप बी से नॉकआउट चरण में सिर्फ एक ही टीम जगह बना पाएगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर वर्चुअल मुलाकात की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में कहा, यह अनुभव बेहद महत्वपूर्ण रहा जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे करियर के लिए अहम जानकारियां और दृष्टिकोण मिला।

# सैम करन टी-20 में हैट्रिक लेने वाले दूसरे इंग्लिश क्रिकेटर


### इंग्लैंड ने पहले मुकाबले में श्रीलंका को हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने श्रीलंका को पहले टी-20 मुकाबले में डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 11 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लिश टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बारिश के कारण मुकाबला तय समय पर शुरू नहीं हो सका, जिसके चलते ओवरों में कटौती कर इसे 17-17 ओवर का मैच कर दिया गया।

शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लिश गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 133 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 125 रन बना लिए थे, तभी बारिश ने फिर से खलल डाल दिया और आगे का खेल संभव नहीं हो सका। डकवर्थ-लुईस नियम के अनुसार इंग्लैंड उस समय टारगेट से आगे था, जिसके चलते मुकाबला इंग्लैंड के नाम रहा। गेंदबाजी में सैम करन और आदिल रशीद ने अहम भूमिका निभाई, जिसमें करन ने हैट्रिक ली।

### सैम करन की हैट्रिक

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जिसके बाद श्रीलंका की टीम 16.2 ओवरों में 133 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस ने 37 जबकि पाथुम निसांका ने 23 रन बनाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें आदिल रशीद और सैम करन ने तीन-तीन विकेट चटकाए। सैम करन ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर दासुन शनाका, महीश तीक्षणा और माथीश पथिराना को आउट करते हुए हैट्रिक पूरी की।



## चोटिल पैट कमिंस टी-20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर

- **बेन ड्वारशुइस को मौका, मिचेल मार्श कप्तानी करेंगे; 3 नए प्लेयर्स को मौका**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। वे बैक इंजरी से रिकवर नहीं हो पाए हैं। उनकी जगह लेफ्टी पेसर बेन ड्वारशुइस को मौका दिया गया है। कमिंस के अलावा, मैथ्यू शॉर्ट भी अपनी जगह नहीं बच सके हैं। उनके स्थान पर मैट रैनशॉ को चुना गया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को टीम का ऐलान किया। मिचेल मार्श को कप्तानी दी गई है। वहीं, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनली और मैथ्यू कुह्नेमन जैसे युवाओं को मौका दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 11 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फिलहाल, ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेल रही है। टीम को पहले मैच में 22 रन की पराजय झेलनी पड़ी। सीरीज का दूसरा मैच आज शाम 4:30 बजे से लाहौर में खेला जाएगा।

**3 प्लेयर्स वर्ल्ड कप डेब्यू करेंगे-** स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप टीम में मौका मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### धान चोरी के शक में झड़प

**आरा**। भोजपुर में धान चोरी के शक से विवाद हुआ। मामूली कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें एक दंपति समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला चौरी थाना क्षेत्र के धनछुहां गांव का है। जख्मियों को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। पीड़ित पक्ष ने गांव के ही चार लोगों पर सामूहिक रूप से हमला करने का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

**शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोट लगी**: जख्मी हुए लोगों की पहचान धनछुहां गांव निवासी 55 साल के गणेश रजक, उनकी 50 साल की पत्नी इंदू देवी और 17 साल का बेटा विकास रजक के रूप में हुई है। सभी को शरीर के अलग-अलग हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पीड़ितों की हालत स्थिर बताई जा रही है। जख्मी गणेश रजक ने बताया कि चार-पांच दिन पहले उनके खलिहान से तीन बोझा धान चोरी हो गया था। चोरी की आशंका को लेकर वह लगातार सतर्क थे। जब वह खलिहान की ओर गए, तभी कुछ लोग वहां पहुंचे और उनके चेहरे पर टॉर्च की रोशनी डालने लगे। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के बाद लोगों ने अचानक लाठी-डंडे से उन पर हमला कर दिया।

**पत्नी और बेटी को भी बदमाशों ने पीटा**: गणेश रजक की चीख-पुकार सुनकर उनकी पत्नी इंदू देवी और बेटा विकास रजक बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और दोनों की भी जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में तीनों जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर चौरी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पीड़ित पक्ष के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गांव में फिलहाल तनाव की स्थिति बनी हुई है, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

### डीडीयू-पटना पैसेंजर ट्रेन के इंजन से शराब बरामद

**बक्सर**। DDU-पटना पैसेंजर ट्रेन के इंजन से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है। इस घटना ने एक बार फिर रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह वही ट्रेन है जिसके इंजन से पहले भी शराब की खेप पकड़ी जा चुकी है, जो एक संगठित तस्करी नेटवर्क की ओर इशारा करता है। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा इंजन की गहन तलाशी के दौरान, शराब की बोतलें और टेट्रा पैक इंजन की छत और अन्य हिस्सों में चालाकी से छिपाकर रखे गए थे। बरामद खेप में विभिन्न ब्रांडों की कुल 60.585 लीटर शराब शामिल है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 43,100 रुपए बताई जा रही है।

**AC बोगी से भी शराब बरामद की गई थी**: यह पहली घटना नहीं है। बीते दिनों डाउन ब्रह्मपुत्र मेल की AC बोगी से भी शराब बरामद की गई थी। इसके अलावा, इसी डीडीयू-पटना पैसेंजर ट्रेन के इंजन से पहले भी शराब पकड़ी जा चुकी है। बार-बार एक ही ट्रेन के संवेदनशील हिस्से से शराब मिलना जांच एजेंसियों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

**किसी भी रेलकर्मी की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई**: लगातार इंजन और एसी बोगी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले हिस्सों से शराब की बरामदगी से रेलकर्मियों की संभावित संलिप्तता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अंदरूनी सहयोग के बिना इस तरह की तस्करी संभव नहीं है। हालांकि, अभी तक किसी भी रेलकर्मी की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**आने वाले दिनों में ट्रेनों की सघन जांच और तेज की जाएगी**: RPF और GRP ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंसियों ने बताया है कि आने वाले दिनों में ट्रेनों की सघन जांच और तेज की जाएगी ताकि इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमों का गठन भी किया जा रहा है, ताकि इस संगठित शराब तस्करी नेटवर्क पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके।

### इंटर परीक्षा 2026 में जूता-मोजा बैन

**बक्सर**। बक्सर में इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी तक दो पालियों में किया जाएगा। जिला प्रशासन ने कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर जूता-मोजा पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे शुरू होगी, जिसके लिए गेट सुबह 9:00 बजे बंद कर दिए जाएंगे। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे शुरू होगी और इसके लिए गेट 1:30 बजे बंद रहेंगे। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**प्रवेश पत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य**: परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र और फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य है। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की दो स्तर पर तलाशी ली जाएगी। नकल करते पकड़े जाने, जबरन प्रवेश करने या किसी भी नियम का उल्लंघन करने पर परीक्षार्थी को परीक्षा से निष्कासित कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। जिले भर में कुल 32 परीक्षा केंद्रों पर 24,302 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जिला प्रशासन, पुलिस बल और जोनल टीमें परीक्षा के दौरान लगातार निगरानी रखेंगी। किसी भी समस्या या सहायता के लिए परीक्षार्थी बक्सर स्थित जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

**शिक्षकों और कर्मियों को परीक्षा से पहले मिलेंगे परिचय-पत्र**: परीक्षा शुरू होने से पहले प्रत्येक केंद्र के बाहर यह सूचना लगाई जाएगी कि कोई भी छात्र नकल करने वाले उपकरणों के साथ भीतर प्रवेश न करे। केन्द्राधीक्षक परीक्षा केंद्र पर तैनात सभी शिक्षकों और कर्मियों को परीक्षा से पहले परिचय-पत्र जारी करेंगे। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे परीक्षा अवधि के दौरान अपना परिचय-पत्र साथ रखें और निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत करें। परिचय-पत्र के बिना पाए जाने वाले किसी भी शिक्षक या कर्मी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**प्रवेश के समय गेट पर अनिवार्य रूप से तलाशी की व्यवस्था होगी**: परीक्षार्थियों की तलाशी दो स्तरों पर की जाएगी। केंद्र में प्रवेश के समय गेट पर अनिवार्य रूप से तलाशी की व्यवस्था होगी, जिसमें प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस बल सहयोग करेंगे। महिला परीक्षार्थियों के केंद्रों पर महिला केन्द्राधीक्षक और महिला वीक्षक ही तैनात रहेंगी, जबकि पुरुष वीक्षक सुरक्षित दूरी पर रहेंगे। दूसरे स्तर पर परीक्षा कक्ष में बैठने के उपरांत एक-एक परीक्षार्थी की तलाशी (Frisking) वीक्षक द्वारा की जायेगी।

### पेड़ से दूध निकलने को चमत्कार मान रहे ग्रामीण

**बक्सर**। बक्सर जिले के डुमरी गांव में एक नीम के पेड़ से दूध जैसा सफेद तरल पदार्थ लगातार निकल रहा है। ग्रामीण इसे देवी का चमत्कार मान रहे हैं और इसे प्रसाद के रूप में इकट्ठा कर सेवन कर रहे हैं। मंदिर परिसर में स्थित इस पेड़ पर लाल कपड़े बांधकर पूजा-अर्चना भी शुरू कर दी गई है। इस अनोखी घटना को लेकर गांव में कौतूहल का माहौल है। स्थानीय लोग इसे दुनिया का आठवां अजूबा तक बता रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह तरल पदार्थ देखने में बिल्कुल दूध जैसा है। कुछ लोगों ने इसका स्वाद भी चखा है, उनका कहना है कि इसमें दूध जैसी मिठास के साथ नीम की हल्की कड़वाहट भी महसूस होती है। इस घटना के बाद से मंदिर परिसर में दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं विशेष रूप से इसे दैवीय शक्ति का संकेत मान रही हैं। गांव की महिलाओं का मानना है कि महारानी स्वयं प्रकट हुई हैं और यह गांव पर उनकी कृपा का प्रतीक है।

**24 घंटे में 15 लीटर तक गिर रहा दूधिया**: स्थानीय ज्योतिषी शिव विलास पांडेय ने दावा किया है कि यह तरल पिछले कई दिनों से लगातार निकल रहा है। उनके अनुसार, 24 घंटे में लगभग 10 से 15 लीटर तक दूधिया तरल पेड़ से गिर रहा है। बीते 10 दिनों में करीब 160 से 170 लीटर तरल पदार्थ निकल चुका है, जिसे लोग श्रद्धा के साथ संग्रह कर रहे हैं। गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और आस्था का माहौल बना हुआ है। दिन भर इस पेड़ के पास महिलाओं की भीड़ जुट रही है। महिलाएं गिलास और कटोरा लेकर इस तरल पदार्थ का सेवन करने पहुंच रही हैं।

# घने कोहरे के कारण हादसा

♦ डंपर-ऑटो की टक्कर, महिला सहित 6 लोग घायल

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले में शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण एक सड़क हादसा हो गया। बक्सर-चौसा मार्ग पर महादेवा घाट के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने टेम्पो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक महिला सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार सुबह मौसम में बदलाव के कारण सड़क पर घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई थी। चौसा की ओर से आ रहा एक टेम्पो बक्सर की दिशा में जा रहा था। महादेवा घाट के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टेम्पो को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों की पहचान चौसा निवासी संजय चौधरी (गिरिजा चौधरी के पुत्र), उनकी मां जिरिया देवी, पवन चौधरी, सलीम राइन, हलीम राइन और बुटु चौधरी के रूप में हुई है। बताया गया है कि संजय चौधरी अपनी मां और अन्य लोगों के साथ टेम्पो से सब्जी मंडी जा रहे थे। रास्ते में कुछ अन्य यात्री भी टेम्पो में सवार हो गए थे।

**घायलों को सदर अस्पताल किया रेफर**: हादसे के बाद स्थानीय राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और सभी घायलों को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पूर्व जिला पार्षद डॉ. मनोज सिंह भी मौके पर पहुंचे और घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाने में सहायता की। सदर अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि सलीम राइन और हलीम राइन के पैर की हड्डी टूट गई है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। अन्य घायलों का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# जॉब कैंप का आयोजन, सिर्फ पुरुषों की बहाली

निज संवाददाता। आरा




भोजपुर जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिला नियोजनालय की ओर से 31 जनवरी को कृषि भवन, आरा कैंपस में जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी Arvind Limited और Western Refrigaretion Pvt.Ltd. में ऑन-द-स्पॉट चयन किया जाएगा। जॉब कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने दी। कंपनी कुल 65 पदों पर भर्ती करेगी। मशीन ऑपरेटर के लिए 45 और वेस्टर्न कंपनी के मशीन ऑपरेटर के लिए 20 पदों पर बहाली होगी। चयनित अभ्यर्थियों को 13,000–18900 रुपए तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। इस जॉब कैंप में केवल पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। आवेदन के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक, इंटर से आईटीआई, मैकेनिकल वेल्डर मांगी गई है।

**जरूरी दस्तावेजों को साथ ले जाएं**: चयन प्रक्रिया के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा तथा सभी जरूरी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि इस जॉब कैंप में भाग लेने वाले सभी आवेदकों का NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर पंजीकरण अनिवार्य है। जो उम्मीदवार अभी तक निबंधित नहीं हुए हैं, वे ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला नियोजनालय, भोजपुर में भी ऑनलाइन निबंधन की सुविधा उपलब्ध है। जॉब कैंप में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# छात्रों ने यूजीसी नियम 2026 के समर्थन में निकाला मार्च




निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के डुमरांव में UGC नियम 2026 पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद छात्रों और नौजवानों में नाराजगी देखी गई। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स राइट्स यूथ एसोसिएशन (RYA) के बैनर तले छात्रों ने इस नियम को मजबूती से लागू करने की मांग को लेकर शहर में मार्च निकाला। यह मार्च डुमरांव के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए राजगढ़ पहुंचा, जहां एक सभा का आयोजन किया गया। छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसरों में भेदभाव और उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए UGC नियम 2026 को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की।

**''देशभर में कानून पर चर्चा होना लोकतंत्र की ताकत''**: सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. अजीत सिंह ने कहा कि देशभर में कानून पर चर्चा होना लोकतंत्र की ताकत है। उन्होंने जोर दिया कि यह नियम गरीब, दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से बनाया गया है। डॉ. सिंह ने बताया कि लंबे समय से विश्वविद्यालयों में भेदभाव के खिलाफ सख्त कानून की मांग उठती रही है, और यूजीसी नियम 2026 उसी दिशा में एक अहम कदम है। वक्ताओं ने 2016 में हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शोध छात्र रोहित वेमुला का भी जिक्र किया। वे दलित छात्रों के अधिकारों के लिए आवाज उठाते थे। आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जातिगत भेदभाव, निलंबन और मानसिक उत्पीड़न के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली थी।

**'संस्थागत भेदभाव' के खिलाफ कानून बनाने की मांग तेज हुई**: रोहित वेमुला अंबेडकर स्टूडेंट्स एसोसिएशन से जुड़े पीएचडी छात्र थे। 17 जनवरी 2016 को उन्होंने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी थी। उनकी मौत को कई संगठनों ने 'संस्थागत हत्या' बताया, जिसके बाद देशभर में छात्र आंदोलन भड़का और 'संस्थागत भेदभाव' के खिलाफ कानून बनाने की मांग तेज हुई। उनकी मौत के बाद केंद्र सरकार ने एक समिति गठित की थी, जिसने सालों के अध्ययन और सर्वेक्षण के बाद UGC के नए नियमों की सिफारिश की। छात्र नेताओं ने बताया कि यह कानून जाति, धर्म, लिंग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) सहित सभी वंचित तबकों को संरक्षण देता है।

**UGC नियम 2026 को तुरंत लागू करने की मांग**: छात्र नेताओं ने सवाल उठाया कि जब यह कानून सबको सुरक्षा देता है, तो इसका विरोध क्यों किया जा रहा है और इसे लेकर भ्रम क्यों फैलाया जा रहा है। मार्च में शामिल युवाओं ने एक स्वर में मांग की कि UGC नियम 2026 को तुरंत लागू किया जाए।

# सदर विधायक आनंद मिश्रा का पोस्टर फूंका

निज संवाददाता। बक्सर



♦ घायल दीपक गुप्ता को मदद न मिलने का आरोप, सरकारी वाहन पर कार्रवाई की मांग

बक्सर के वीर कुंवर सिंह चौक पर शुक्रवार को युवाओं ने सदर विधायक आनंद मिश्रा के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने विधायक का पोस्टर जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारी घायल युवक दीपक गुप्ता को मदद न मिलने का आरोप लगा रहे थे और प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले बक्सर निवासी दीपक गुप्ता वाणिज्य कर विभाग के एक सरकारी वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। परिजनों के मुताबिक, दीपक के इलाज का खर्च अब तक चंदा जुटाकर चलाया जा रहा है।

**ई-रिक्शा चलाकर अपने घर का खर्च चलाते थे**: विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ओम जी यादव ने बताया कि दीपक गुप्ता एक गरीब परिवार से हैं और ई-रिक्शा चलाकर अपने घर का खर्च चलाते थे। उन पर तीन बहनों की जिम्मेदारी है। हादसे के बाद से परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, लेकिन जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई सहायता नहीं मिली है। यादव ने आरोप लगाया कि सदर विधायक ने अब तक न तो घायल युवक का हालचाल लिया और न ही किसी प्रकार की मदद की। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि जिस सरकारी वाहन से दीपक घायल हुए, उसके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वाहन चालक फरार बताया जा रहा है। उन्होंने इस मामले में प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

**सिविल सर्जन को धमकाने का वीडियो**: ओम जी यादव ने विधायक पर एक और गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अस्पतालों में जाकर डॉक्टरों और स्टाफ पर दबाव बनाते हैं और सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनवाते हैं। इससे अस्पताल कर्मी मानसिक दबाव में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सदर अस्पताल में सिविल सर्जन को सार्वजनिक रूप से धमकाने का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसे एक जनप्रतिनिधि के पद की गरिमा के खिलाफ बताया गया। इस घटना के विरोध में कई लोगों ने काली पट्टी बांधकर भी प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दीपक गुप्ता के इलाज और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल चौक पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस मुस्तैद रही और स्थिति पर नजर बनाए रखी।

# मझारिया गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले की खूंटाहा पंचायत के मझारिया गांव के वार्ड नंबर एक में शुक्रवार देर रात लगभग 11 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब एक दर्जन झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए, जिससे पांच परिवार बेघर हो गए। आग लगने के समय सभी परिवार अपनी झोपड़ियों में सो रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झोपड़ियों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे निकली चिंगारी सीधे एक झोपड़ी पर गिरी और देखते ही देखते आग फैल गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, आग ने विकराल रूप ले लिया। नींद से जागे लोगों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और अपनी जान बचाई।


**आग की चपेट में आई झोपड़ियां**: आग लगने की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई। ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर बाल्टी और पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, झोपड़ियों में रखे पुआल, पशु चारा और सूखे अनाज के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास की अन्य झोपड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में शिवजी यादव अपने मवेशियों को बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तुरंत बक्सर के विश्वामित्र हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अस्पताल के राजीव झा ने बताया कि शिवजी यादव की हालत गंभीर बनी हुई है। आग से उनके शरीर का पिछला हिस्सा, पैर की जांघ और हाथ बुरी तरह झुलस गए हैं।

**60 क्विंटल धान और गेहूं जलकर राख**: इस अग्निकांड में एक गाय की झुलसने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए। किसान ललन यादव, गणेश यादव, कमलेश यादव, बबन यादव और शिवजी यादव के घरों में रखा सभी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। इसके अतिरिक्त, लगभग 70 हजार रुपये नकद, करीब 60 क्विंटल धान और गेहूं सहित अन्य घरेलू अनाज भी पूरी तरह नष्ट हो गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही दो यूनिट दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया था।

**आगजनी में एक शख्स झुलसा**: इस हादसे में एक व्यक्ति झुलसा है, एक गाय की मौत हुई है और झोपड़ियों में रखा अनाज व पशु चारा पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं और प्रशासन से राहत एवं मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

# चारपाई की लकड़ी से पत्नी की पीट-पीटकर हत्या

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत परसिया गांव में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां घरेलू विवाद के दौरान एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना में बीच-बचाव करने पहुंची मृतका की बहन भी गंभीर रूप से घायल हो गई। वारदात के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया।

**पति-पत्नी के बीच चल रही थी कहासुनी**: मृतका की पहचान लगभग 35 वर्षीय रेखा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रेखा देवी और उनके पति सरवन राम के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर सरवन राम ने घर में रखी चारपाई की लकड़ी से रेखा देवी के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**बहन ने कहा- शोर सुनकर बीच-बचाव को पहुंची**: घटना के समय घर में मौजूद मृतका की बहन डिंपल देवी ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ सो रही थीं। शोर सुनकर जब वह बीच-बचाव के लिए पहुंचीं, तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में डिंपल देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। डिंपल देवी मृतका की सगी बहन और आरोपी की देवरानी हैं।

**पुलिस ने दोनों महिलाओं को पहुंचाया अस्पताल**: सूचना मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को बक्सर सदर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने रेखा देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल डिंपल देवी का इलाज जारी है। घटना की खबर मिलते ही काम पर गए परिजन भी अस्पताल पहुँचे, जहाँ कोहराम मच गया।

**देवर ने कहा- पहले भी करता था मारपीट**: मृतका के देवर साजन राम ने बताया कि आरोपी सरवन राम पहले भी छोटी-छोटी बातों पर रेखा देवी से झगड़ा और मारपीट करता था। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं, जिनकी उम्र क्रमशः छह और चार वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**डीएसपी बोले-पारिवारिक विवाद में हुई हत्या**: इस संबंध में बक्सर के डीएसपी गौरव पाण्डेय ने बताया कि पारिवारिक विवाद में पति द्वारा पत्नी की हत्या की सूचना मिली है। बीच-बचाव करने गई देवरानी भी घायल हुई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। घटना के बाद परसिया गांव में दहशत और शोक का माहौल है।

# लंगड़ा कहने पर बौखलाया भतीजा, चाचा की कर दी हत्या

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में भतीजे ने अपने चाचा की हत्या कर दी। चाचा ने अपने भतीजे को लंगड़ा कह दिया था। जिसके बाद भतीजे को गुस्सा आ गया, दोनों के बीच कहासुनी हुई। बात इतनी बढ़ गई कि भतीजे ने कुल्हाड़ी से अपने चाचा पर हमला कर दिया। चाची के सामने चाचा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा टापू निवासी राजनंदन राय का बेटा मदन राय (38) है। आरोपी भतीजा कलेक्टर राय उर्फ कलेक्टर कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के सुरौंधा टापू इलाके की है।

**पत्नी ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई**: मृतक की पत्नी कांति देवी के बयान पर वीर बहादुर राय उर्फ वीरा राय के बेटे कलेक्टर राय उर्फ कलेक्टर कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में कांति देवी ने बताया है कि आरोपी कलेक्टर राय का 2015 में एक सड़क दुर्घटना में पैर टूट गया था, जिसके कारण वह एक पैर से लंगड़ाकर चलता है। पति मदन राय ने मजाक में उसे लंगड़ा कह दिया था। इसी बात से नाराज होकर गाली-गलौज की और फिर कुदाल के बेत से हमला कर पति की हत्या कर दी।

**हाथ, पंजरे और पीठ में लगी चोट**: हमले में मदन राय का बायां हाथ, पंजरा और पीठ पर गंभीर चोटें आईं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा।

**आरोपी नशे का आदी था**: सदर एसडीपीओ-टू रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी का गांव के लोगों और परिजनों से अक्सर विवाद होता रहता था। वह नशे का भी आदी था। बताया जाता है कि मृतक मदन राय अपने पीछे पत्नी कांति देवी, 2 पुत्र और एक बेटी को छोड़ गए हैं।